आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज

महाकुंभ-2025: महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं...

पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 15 अक्टूबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 05 www.janexpresslive.com/epaper



ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ...

12

**बहराइच हिंसा:** रामगोपाल को गोली लगते ही निकल गए एसडीएम, बाइक से ले जाना पड़ा, लोग बोले, खून का बदला खून

# बहराइच में सड़क पर पिस्टल लेकर उतरे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट

**जन एक्सप्रेस। बहराइच**

उत्तर प्रदेश में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रविवार रात को कई जिलों में बवाल हुआ। गोंडा, बलरामपुर के बाद बहराइच जिला पथराव और आगजनी से सुलग उठा। युवक की हत्या के बाद जमकर बवाल हुआ। देर रात तक प्रदर्शन और जगह-जगह आगजनी होती रही। इस बीच पुलिस और प्रशासन बैकफुट पर नजर आया। वहीं अगले दिन जब प्रशासन जागा तो सड़क पर खुद अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश भीड़ को खदेड़ते हुए नजर आए। सोशल मीडियो पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह हाथ में पिस्टल लेकर भीड़ को भगाते हुए नजर आ रहे हैं। वह सिपाहियों से कहते हुए नजर आ रहे हैं भगाव...मारो सालों को। यह पूरा वाकया रमपुरवा चौकी के पास का है। जहां अमिताभ यश के सामने भी जब उग्र भीड़ नहीं रुकी और एक वाहन तोड़ दिया। जिसके बाद उन्होंने अपनी पिस्टल से हवा के एक फायर किया और भीड़ को खदेड़ा।

### पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और 30 को हिरासत में लिया

बहराइच में विरोध प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस ने आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया। वहीं घटना पर प्रदेश सरकार एक्शन में है। सीएम योगी के निर्देश पर होम सेक्रेटरी संजीव गुप्ता एवं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मौके पर पहुंचे। प्रशासन के अनुसार अब तक 30 उपद्रवी हिरासत में लिए जा चुके हैं।



### कैसे शुरू हुआ विवाद

बहराइच में महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में गाने को लेकर हुए विवाद के बाद दूसरे समुदाय के युवकों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे दुर्गा प्रतिमा खंडित होने पर पूजा समिति के सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया तो दूसरे समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24) को घर के अंदर घसीट ले गए और गोली मार दी। उसे बचाने पहुंचे राजन (28) भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का पूरे जिले में विरोध शुरू हो गया। विसर्जन कमेटी के लोगों ने बहराइच-सीतापुर हाईवे पर चहलारी घाट पुल के पास जाम लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया। बहराइच-लखनऊ हाईवे भी जाम कर दिया गया।

### हरदी थाना व महसी चौकी प्रभारी निलंबित

महसी तहसील के हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज कस्बे में हुई घटना को लेकर लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। जिसे देखते हुए एसपी वृंदा शुक्ला ने हरदी थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा व महसी चौकी इंचार्ज शिव कुमार को निलंबित कर दिया है। हालांकि सीओ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई न होने से लोगों में अभी भी भारी आक्रोश है। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि अपने दायित्वों में लापरवाही को लेकर एसएचओ व महसी चौकी प्रभारी को निलंबित किया गया है। पूरे घटना क्रम की सघन जांच की जा रही है। कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। हालांकि एसपी की कार्रवाई के बाद भी लोगों में आक्रोश बना हुआ है। लोगों का कहना है कि थाने की पुलिस के साथ-साथ सीओ रुपेन्द्र गौड़ ने भी लापरवाही बरती और लाठियां भांजी। ऐसे में इनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

महसी तहसील के बाजपेईपुरवा निवासी गौतम वाजपेयी ने बताया कि सभी लोग प्रतिमा विसर्जन करने जा रहे थे। इस दौरान महराजगंज कस्बे में गाली गलौज किया गया और और प्रतिमा पर पत्थर फेंका गया। सिपहियाप्युली निवासी अखिलेश वाजपेयी ने बताया कि पुलिस ने विसर्जन करने जा रहे श्रद्धालुओं पर ही लाठीचार्ज कर दिया और दूसरे समुदाय के लोगों को कुछ नहीं कहा। एसओ हरदी खुद हमें पीटते रहे। अखिलेश वाजपेयी भाजपा के बूथ अध्यक्ष भी हैं।

### छतों से हुई पत्थरबाजी

बवाल के बाद रात को सैकड़ों जगह प्रतिमा विसर्जन रोक दिया गया। मामला बढ़ता देख छह थानों की पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार शाम महसी तहसील की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था। महराजगंज कस्बे में पहुंचने पर दूसरे समुदाय के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी। प्रतिमा के साथ चल रहे लोगों ने इसका विरोध किया तो छतों से पथराव शुरू कर दिया गया। इस पर समिति के सदस्य प्रदर्शन करने लगे तो हजारों की भीड़ मौके पर पहुंची और उपद्रव शुरू कर दिया। सूचना पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।

### 'कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा'

मामला बढ़ने पर एसपी वृंदा शुक्ला भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचीं और स्थिति को संभालने का प्रयास शुरू किया। उन्होंने बताया कि मौके पर दो प्लाटून पीएसी तैनात की गई है। छह थानों की पुलिस भी मौजूद है। स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रकरण की जांच की जा रही है। इसमें शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर स्थानीय पुलिस की लापरवाही भी सामने आई तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। हालात पर नियंत्रण के लिए पुलिस पूरी रात सक्रिय है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापा भी मारा जा रहा है।

### इंसाफ चाहिए...वह जैसे भी मिले

रामगोपाल की पत्नी पोस्टमार्टम हाउस पहुंची थीं। रोते हुए उन्होंने कहा कि इंसाफ चाहिए। वह चाहे जैसे मिले। यह भी कहा कि खून का बदला खून चाहिए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके भीतर पति की हत्या को लेकर कितना गुस्सा भरा हुआ है। एक तरह से पूरा परिवार प्रतिशोध की आग में जल रहा है। इसलिए पुलिस बल की भारी तैनाती की गई है। परिजनों से अफसर लगातार बातचीत भी कर रहे हैं। आश्वासन दे रहे हैं कि वह आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे।

▶ संबंधित खबर पेज 03 पर

### पुलिस ने हमें ही लाठियों से पीटा

परिजनों ने कहा कि हर साल प्रतिमा का विसर्जन होता है। यह पहली बार नहीं था। ऐसे में पुलिस प्रशासन को पुख्ता इंतजाम करना चाहिए था। पहले तो वह इंतजाम सही नहीं कर सके, जब बवाल हुआ तो उसको काबू नहीं कर पाए। सीधा सीधा उन्होंने पुलिस प्रशासन की नाकामी बताई। यह भी कहा कि बवाल के बाद उनके ही पक्ष पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। दूसरे पक्ष पर मेहरबानी दिखाई गई। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने में भी लापरवाही की गई। देर रात बस फोटो खिंचाने के लिए आला अफसर मौके पर पहुंचे। इसे लेकर भी लोगों में नाराजगी है।

### विपक्ष राजनीति न करे, अंदर झांककर देखे: केंद्रीय मंत्री बीएल वमा

बहराइच हिंसा पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने कहा, योगी सरकार में दोषियों को ढूंढकर कार्रवाई की जाती है। इस घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर पुलिस ने कोई लापरवाही की है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आज स्क्रुस्न के अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है। विपक्ष को ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्हें अपने अंदर झांककर देखना चाहिए कि 2017 से पहले प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति कैसी थी। जब से योगी सरकार आई है, कानून व्यवस्था दुरुस्त हुई है। इस घटना में भी दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### आरोपियों और उनके मददगारों को बख्शा नहीं जाएगा: भूपेन्द्र चौधरी

बहराइच हिंसा पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा- ऐसी घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। हमारी सरकार सतर्क है। आरोपियों की तलाश चल रही है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने मामले का संज्ञान लिया है। आरोपियों और जिन लोगों ने आरोपियों की किसी भी तरह से मदद की है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

### जो हुआ वह दुखद हुआ: अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- बहराइच को लेकर सबसे पहले मेरी अपील है कि जो जो पक्ष उसमें है सभी कानून व्यवस्था बनी रहे इस दिशा में काम करें, जो घटना हुई वो दु:खद है।

### सरकार तुरंत एक्शन ले: प्रियंका गांधी

प्रियंका गांधी ने यूपी सरकार से मांग की है कि हिंसा जल्द रोकी जाए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा- योगी को इस्तीफा देकर मठ जाना चाहिए। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने घटना को दुखद बताया है। सपा नेता एसटी हसन ने सरकार से मांग की है कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। वहीं, भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा- ये दुखद है कि दुर्गा पूजा विसर्जन पर लगातार पथराव हो रहा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### चण्डीगढ़, हरियाणा और पंजाब बार्डर के पोस्ट को और अधिक सक्रिय किया जाए: नितिन अग्रवाल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** आबकारी, मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग को फेस्टिवल सीजन में और अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए। इस त्योहारी मौसम में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रवर्तन कार्यवाही जारी रहनी चाहिए। अनाधिकृत रूप से मदिरा की दुकानों के बाहर पीने और पिलाने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए चण्डीगढ़, हरियाणा और पंजाब बार्डर के पोस्ट को और अधिक सक्रिय किया जाये। किसी भी दशा में अन्य राज्यों से प्रदेश में अवैध मदिरा नहीं आनी चाहिए।

### कुम्भ नगरी में बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन में 10 अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्रों की होगी स्थापना

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे इस महाकुम्भ में 41 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं व पर्यटकों के यहां पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। इन पर्यटकों को कुम्भ मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर सम्पूर्ण जानकारी देने के लिए पर्यटन विभाग की तरफ से पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2019 में योगी सरकार के प्रयास से संगमनगरी में आयोजित दिव्य, भव्य और स्वच्छ कुम्भ के सफल आयोजन को पूरी दुनिया ने सराहा। यूनेस्को द्वारा इसे 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। आयोजन की भव्य सफलता के बाद अब कुम्भ नगरी महाकुम्भ का इंतजार कर रही है।

### यूपी में वाहन सम्बंधी नौ सेवाओं को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जा रहा लाइव

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आम जनमानस को वाहन सम्बंधी सुविधाएं प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग की तरफ से 09 सेवाओं को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से लाइव किया जा रहा है। इससे वाहन स्वामियों को भागदौड़ की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। उन्हें घर बैठे विभिन्न सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि इन सुविधाओं को तुरंत लागू किया जाए।

### अब बिजली विभाग में बिल्डरों की नहीं चलेगी मनमानी, हर गलती पर देनी होगी पेनाल्टी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सिंगल पॉइंट कनेक्शन में बिल्डरों द्वारा अनाप-शनाप वसूली पर अब प्रतिबंध लगने की संभावना है। विद्युत नियामक आयोग ने अब पहली गलती पर रुपये 5000 पेनाल्टी, दूसरी गलती पर रुपयो10000 पेनाल्टी, तीसरी गलती पर रुपये 15000 पेनाल्टी के साथ सिंगल पॉइंट कनेक्शन व्यवस्था समाप्त कर दिया गया है। अब इसको मल्टी प्वाइंट में कन्वर्ट कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी बिल्डरों को अपना ऑडिटेड अकाउंट भी सार्वजनिक करना होगा। अब कोई भी बिल्डर अथवा आवासीय समिति मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर कनेक्शन नहीं काट सकती ।

### यूपी में अराजक तत्व फिर सिर उठाने लगे,सरकार सख्ती बरते: स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती

**जन एक्सप्रेस/वाराणसी।** काशी सुमेरु पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती ने बहराइच जिले की घटना पर चिंता जताई है। स्वामी नरेन्द्रानंद ने कहा कि प्रदेश में अराजक साम्प्रदायिक तत्व फिर सिर उठाने लगे हैं। ऐसे में सरकार और खुफिया तंत्र के साथ संवेदनशील इलाके में जिला प्रशासन को सतर्क रहने की जरूरत है। बहराइच की घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। इस घटना में शामिल अराजक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाही के साथ उनके घरों पर बुलडोजर चलनी चाहिए। जब तक सरकार मजबूत इच्छाशक्ति नही दिखायेगी ऐसी घटनाओं पर लगाम नही लग पाएगा।

## भारत कनाडा से वापस बुलाएगा उच्चायुक्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कनाडा के भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की कथित हत्या की जांच से जोड़े जाने पर भारत ने सख्त रुख अपनाया है। भारत कनाडा में मौजूद अपने उच्चायुक्त, लक्षित अन्य राजनयिकों और अधिकारियों को वापस बुला रहा है। यह फैसला कनाडा के बेतुके और हास्यास्पद नए आरोपों के बाद किया गया है। इससे पहले भारत ने कनाडा के उप उच्चायुक्त स्टीवर्ट व्हीलर को तलब कर कड़ी नाराजगी दर्ज कराई और दोटूक कहा कि भारतीय



उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को बेबुनियाद निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हमें कनाडा में भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर मौजूदा ट्रूडो सरकार की प्रतिबद्धता पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। साथ ही चेताया था कि भारतीय राजनयिकों के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाने की कनाडा सरकार की नई कोशिशों के जवाब में अब भारत के पास आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपने राजनीतिक फायदे के लिए जानबूझकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। भारत और कनाडा के बीच निज्जर की हत्या से उत्पन्न तनाव की स्थिति और बदतर हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि कनाडा के पीएम ट्रूडो ने सितंबर 2023 में कुछ आरोप लगाए थे, लेकिन हमारे कई अनुरोधों के बावजूद कनाडा सरकार ने भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया।

## 10 दिन में तीन सगे भाइयों की मौत

### उजड़ गया पूरा परिवार, घर में तीन बेवा देखकर तड़प रहा बुजुर्ग पिता

**जन एक्सप्रेस । बिजनौर**

नहटौर के गांव निजातपुर में अहमद अली के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। 10 दिन में ही तीन भाइयों की बीमारी से मौत हो गई। सोमवार को भी मुस्लिम (48) ने दम तोड़ दिया। तीनों भाइयों की पत्नियां बेवा हो गईं। उनकी रोना देखकर पिता अहमद अली की हालत भी खराब हो रही है। निजातपुर निवासी मुस्लिम नहटौर के एक पावरलूम में बुनाई का काम करता था। सोमवार सुबह वह साइकिल से ड्यूटी पर जा रहा था। जैसे ही वह गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर पहुंचा तो उसकी तबीयत बिगड़ गई। वह सड़क किनारे साइकिल खड़ी करके वहीं बैठ गया। सूचना मिलने पर परिजनों ने उसे चिकित्सक को दिखाया। हालत में सुधार होने पर चिकित्सक ने उसे घर भेज दिया। घर पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। इससे पहले पांच अक्तूबर को अहमद अली के दो बेटों की अलग-अलग अस्पतालों में मौत हो गई थी। उसके दोनों बेटे शाहरूम और नवाजिश चंडीगढ़ में रहकर ऑटो चलाते थे। परिजनों के अनुसार शाहरूम को तबीयत बिगड़ने पर पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया था। वहीं नवाजिश की भी तबीयत खराब हो गई थी।

## इस्राइल ने उत्तरी लेबनान में रिहायशी इमारत को बनाया निशाना, कम से कम 18 की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेरूत**

हिज्बुल्ला की ओर से जारी हमलों का इस्राइल ने जवाब देना जारी रखा है। इस बीच इस्राइल ने लेबनान की राजधानी गाजा में एयरस्ट्राइक और जमीनी अभियान में भी तेजी दिखाई है। सोमवार को इस्राइली सेना ने उत्तरी लेबनान में एक अपार्टमेंट बिल्डिंग को निशाना बनाया। इस घटना में 18 लोगों की मौत हो गई। बताया गया है कि रिहायशी इमारत में कई लोग रहते थे। ऐसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ने के आसार हैं। लेबनान



के रेड क्रॉस ने यह जानकारी दी। इस घटना पर इस्राइली सेना की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। यह भी साफ नहीं है कि इस्राइल ने इस हमले में किसे निशाना बनाया। हालांकि, जिस आइतो गांव की इमारत पर हमला हुआ, वह इसाई बहुल क्षेत्र है और हिज्बुल्ला संगठन के दक्षिण और पूर्व में स्थित केंद्रों से काफी दूर है। इस बीच इस्राइल ने हमास के खिलाफ गाजा पट्टी में भी हमले जारी रखे हैं। कुछ घंटों पहले ही इस्राइली सेना की तरफ से गाजा पट्टी पर शरणार्थियों के कैंप हुए हमले में चार लोगों की मौत हुई थी। वहीं, दो दर्जन से अधिक लोग बुरी तरह झुलस गए। बता दें कि इस्राइली सेना लगातार यह दावा कर रही है कि उसका निशाना नागरिकों के बीच छिपे हमास के कार्यकर्ता हैं। हालांकि, वह इससे जुड़े सबूत देने में अब तक नाकाम रहा है।

**रिपोर्ट** सीएम योगी के विजन अनुसार, ग्रेटर नोएडा रीजन में इंटीग्रेटेड एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) की जल्द होगी स्थापना

### ग्रेटर नोएडा में आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करेगी योगी सरकार

# 'तीसरी आंख' बनेगी आधार

- 227.60 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए ग्रेटर नोएडा के 357 लोकेशंस पर की जाएगी हाई क्वॉलिटी सीसीटीवी सर्विलांस कैमरों की स्थापना
- आईएसटीएमएस की स्थापना के जरिए क्षेत्र को अधिक कुशल व सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न तकनीकों को एकीकरण प्रक्रिया पर किया जाएगा फोकस

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम योगी के विजन अनुसार, ग्रेटर नोएडा क्षेत्र



में इंटीग्रेटेड एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) की जल्द स्थापना होगी, जो ग्रेटर नोएडा के यातायात प्रबंधन और सुरक्षा में 'तीसरी आंख' के तौर पर कार्य करेगा। परियोजना के अंतर्गत, 227.60 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए ग्रेटर नोएडा के 357 लोकेशंस पर की जाएगी हाई क्वॉलिटी सीसीटीवी सर्विलांस कैमरों की स्थापना की जाएगी जिससे ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के चप्पे-चप्पे की निगरानी हो सकेगी।उल्लेखनीय है कि आईएसटीएमएस की स्थापना के जरिए क्षेत्र के यातायात प्रबंधन को अधिक कुशल व सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न तकनीकों की एकीकरण प्रक्रिया पर फोकस किया जाएगा। इस परियोजना में एक व्यापक यातायात प्रबंधन प्रणाली, वीडियो निगरानी, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली व सार्वजनिक सूचना प्रणाली विकसित होगी। वहीं, प्रक्रिया के अंतर्गत, इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर (आईसीसी) की भी होगी स्थापना जिससे नागरिकों व यहां आने वाले आगंतुकों की जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वार इस प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा।

### 12 महीने में आईएसटीएमएस प्रणाली को किया जाएगा लागू

इंटीग्रेटेड एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) को सेफ सिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एससीएमसी) नाम से भी जाना जाता है। आईटीएमएस का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और यातायात प्रबंधकों को नागरिकों, संपत्तियों, यातायात प्रवाह और यातायात भीड़/घटनाओं के बारे में वास्तविक समय और पूर्वानुमानित जानकारी प्रदान करना है। समाधान को विशेष रूप से महिला, बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों के लिए नागरिक सुरक्षा में सुधार लाने के साथ-साथ अनुकूली नियंत्रण और विश्लेषण के माध्यम से शहरी सड़कों की सुरक्षा और प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए लागू किया जाएगा। वीडियो निगरानी कैमरों, स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल नियंत्रण, गतिशीलता में आसानी, आपातकालीन सेवाओं का प्रबंधन, डेटा एनालिटिक्स, रूटिंग और डिस्पैचिंग सेवाएं, सार्वजनिक सूचना प्रणाली आदि को प्रक्रिया के जरिए सुनिश्चित किया जाएगा। यातायात प्रबंधन प्रणाली में कनेक्टिविटी, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकियों के पारिस्थितिकी तंत्र के उचित कामकाज के लिए सभी आवश्यक घटक होंगे। प्रक्रिया के अंतर्गत 12 महीने के अंदर आईटीएमएस प्रणाली को रोलआउट करने का टाइम पीरियड निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि नोएडा व गाजियाबाद में पहले से ही इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रणाली को लागू किया जा चुका है।

### अपराध नियंत्रण का बनेगा माध्यम, पब्लिक सेफ्टी में होगा इजाफा

सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ाते हुए, परियोजना के अंतर्गत इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट के जरिए रियल टाइम टाइम ट्रैफिक मॉनिटरिंग की जाएगी जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। प्रणाली के लागू होने से ट्रैवल टाइम में कमी लाने में मदद मिलेगी।

### इन फीचर्स से लैस होगा इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर...




- परियोजना के अंतर्गत, इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर की स्थापना की जाएगी जिसके जरिए इन फीचर्स का लाभ मिल सकेगा...
- अडैप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम (एटीसीएस)
- वीडियो सर्विलांस कैमरों की सेफ सिटी इनीशिएटिव के तौर पर स्थापना व इसकी मॉनिटरिंग का डैशबोर्ड
- ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन सिस्टम (एएनपीआर)
- रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन (आरएलवीडी) सिस्टम
- व्हीकल व ट्रैफिक डिटेक्शन सिस्टम (वीटीडीएस)
- वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले बोर्ड्स (वीएमडी)
- ट्रैफिक वॉयलेशन डिटेक्शन सिस्टम (टीवीडीएस)
- एआई बेस्ड वीडियो एनालिटिक्स (एआईवीए)
- पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीएएस)
- इमर्जेंसी कॉल बॉक्स (ईसीबी) सिस्टम
- ई-चालान सिस्टम
- पिंक बूथ की मॉनिटरिंग
- इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर युक्त डाटा सेंटर
- पब्लिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम (पीआईएस) तथा वेब व मोबाइल एप्लिकेशन बेस्ड कंटेंट
- इमर्जेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम (ईआरएस-डायल 112) के साथ इंटीग्रेशन
- ग्रेटर नोएडा के एप्स के साथ इंटीग्रेशन
- सोशल मीडिया हैंडल्स के साथ इंटीग्रेशन
- पब्लिक एंड व्हीकल ट्रांसपोर्ट प्रायोरिटी सिस्टम व फास्ट इमर्जेंसी व्हीकल प्रीम्पशन सिस्टम

# जनपद की रैंकिंग में सुधार न होने पर सम्बन्धित के विरुद्ध होगी कार्यवाही : डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सोमवार को माह सितम्बर के शासन द्वारा निर्धारित सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सोलर स्ट्रीट लाइट, एकीकृत बागवानी, विद्युत आपूर्ति, कृषि रक्षा रसायन, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, फसल बीमा योजना, कुसुम योजना, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा के कार्यों, सड़कों का निर्माण, एम्बुलेंसों का संचालन, स्वास्थ्य सुविधाएं, राज्य वित्त, 15 वित्त आयोग, पर्यटन विकास कार्यों, निपुण भारत अभियान, पोषण मिशन, मिड डे मील, गोबंशों का संरक्षण, पशु टीकाकरण, शादी अनुदान योजना, मत्स्य संपदा योजना, पेंशन योजनाएं, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, श्रम सम्मान योजना, पारिवारिक लाभ योजना, एक जनपद एक उत्पाद आदि विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

आजीविका मिशन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने डीसीएनआरएलएम को निर्देशित किया कि जो जमीन विवादित है, उसका निस्तारण कराकर इस माह सुधार कराएं। फैमिली आईडी के सम्बन्ध में समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व जिला दिव्यांग अधिकारी को निर्देशित किए कि पेंशन व उप कृषि निदेशक किसान सम्मान निधि से लाभार्थियों को लाभ दिला कर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार कराएं। निराश्रित गोवंश के लिए जिन नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है, समय-समय पर अपनी जिम्मेदारियों के साथ निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करें। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट अलंकार के सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों से वार्ता कर जमीन सम्बन्धी विवादों का निस्तारण कराएं। जिला समाज कल्याण अधिकारी, उपायुक्त उद्योग (जीएमडीआईसी) व क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी की सीएम डैशबोर्ड पर स्थिति अच्छी न होने के कारण उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध शासन को पत्र लिखें। उन्होंने कहा कि कुछ विभागों के अधिकारियों की वजह से जनपद की रैंकिंग खराब हो रही है, अगर सुधार नहीं हुआ तो सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, जिन अधिकारियों की रैंकिंग अच्छी है वह यथा स्थिति बनाएं रहेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा की जाती है, जो उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अगले माह में जनपद की प्रगति अच्छी रहनी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन सम्बन्धित विवाद व अन्य विवाद जो भी हो सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी से वार्ता कर उसका निस्तारण कराएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, परियोजना निदेशक सच्चिदानन्द प्रसाद, डीसीएनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, लोक निर्माण प्रांतीय खंड सन्तोष कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जनपदवासियों से सीमित समय में अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए डीएम ने की अपील

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि हर घर सोलर अभियान के अन्तर्गत निजी घरो पर सोलर रूफटॉप सोलर पावर प्लाण्ट स्थापित कर बिजली बचत करने के सम्बन्ध में शासन द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत जनपद में बारह हजार घरो को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में नगर पालिका, नगर पंचायतों को लक्ष्य आवण्टित किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद कर्वी को 9900, नगर पंचायत मऊ 300, राजापुर 300, मानिकपुर 300 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 200 तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को एक हजार का लक्ष्य दिया गया है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की इस महात्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना के सम्बन्ध में जानकारी पहुँचाकर आच्छादित किया जाय। पीएम सूर्यघर पोर्टल की वेबसाइट पर जाकर दी गयी प्रकियानुसार आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रेरित कर आवेदन कराना सुनिश्चित करें, जिससे लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कम्बल में लिपटा मिला युवक का शव, हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका



जन एक्सप्रेस/उरई। कालपी में युवक का कंबल में लिपटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खबर मिलते ही सीओ कोतवाल फॉरेंसिक टीम सहित मौके पर पहुंचकर साक्ष्यों को एकत्रित कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं युवक की हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। कालपी कोतवाली क्षेत्र में जोल्हूपुर हमीरपुर हाईवे स्थित लमसर गांव से निकले जोधर नाले के समीप घटोई बाबा मंदिर के पास एक अज्ञात लोगों के द्वारा 30 वर्षीय युवक की बेरहमी की हत्या करने के बाद शव को कपड़े और कंबल में लपेटकर फेंक दिया। इस बारे में जानकारी तब मिली जब स्थानीय लोग घटोई बाबा मंदिर पहुंचे थे। जहां उन्होंने कपड़े व कंबल में लिपटा हुआ युवक का शव देखा तो वह दहशत में आ गए। उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ देवेंद्र कुमार पचौरी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार पाठक फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वही मामले में अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। जहां पर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्यों को संकलित करते हुए उस युवक के शिनाख्त करने की कोशिश की। प्रथम दृष्टया चेहरे व चोटों के निशान से आशंका जाहिर की जा रही है, कि युवक की बेरहमी से सिर कूच कर हत्या की गई है। वही इस मामले में पुलिस ने जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बारे में कालपी के सीओ डॉक्टर देवेंद्र पचौरी ने बताया कि अज्ञात युवक का शव मिला है। शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। इस मामले में हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया, है जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

### ट्रेन से गिरकर सिक्योरिटी गार्ड की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। ट्रेन में सफर करते समय माल गोदाम के पास ट्रेन से गिरकर सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिहौनी निवासी संतोष सिंह राजावत 35 वर्ष झांसी यूनिवर्सिटी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। रविवार को वह ग्वालियर जाने के लिए दोपहर को गांव से निकला था। ट्रेन में दरवाजे के पास बैठे होने के कारण वह अचानक से पुराने माल गोदाम के पास अनियंत्रित होकर नीचे आ गिरा, जिससे सिर में गहरी चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने जब उसे पटरी किनारे देखा तो इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए।फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी सिद्ध कुमारी व तीन बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

### खेत पर फसल देखने गए किसान की हालत बिगड़ने से मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोटरा क्षेत्र में ग्राम धुरट सोजना में कर्ज में डूबे किसान की अचानक मौत हो गई। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम धुरट सौजना निवासी भगवत प्रसाद 65 वर्ष पुत्र शिवचरण कई वर्षों से खेतों में फसल में नुकसान होने से निरंतर कर्ज में डूबता चला गया। इस वर्ष भी अधिक वर्षा होने के कारण जलभराव वाले खेतों में सारी तिली व मूंगफली नष्ट हो गई थी। जिससे वह घर पर खामोश खामोश से रहने लगा था। उसकी नातिन मुस्कान की शादी तय हो चुकी थी आने वाले दिनों में शादी भी करनी थी। सोमवार को वह अपना खेत देखने के लिए गया हुआ था और देर रात तक वह घर नहीं लौटा। समय रहते घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी।खोजबीन के दौरान परिवार के लोग खेत पर पहुंचे। जहां पर वह अचेत अवस्था में पड़ा मिला। अचेत अवस्था में पड़ा देख वह उसे प्राईवेट अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में रोना पीटना शुरू हो गया। बताया गया कि मृतक किसान के दो पुत्र अखिलेश व राकेश हैं। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल।

### मायके में रह रही महिला की बीमारी के चलते मौत

जन एक्सप्रेस/कालपी। नगर के मुहल्ला उदनपुरा मायके में रह रही महिला की बीमारी के चलते मौत हो गई। कालपी के मुहल्ला उदनपुरा निवासी कुसुम 30 वर्ष की शादी उरई शहर के मुहल्ला राजेंद्र नगर निवासी हेमंत के साथ हुई थी। लेकिन शादी के कुछ साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद घरवालों ने कुसुम की दूसरी शादी राधाकृष्ण निवासी कटइया थाना सहार जिला औरैया के साथ की थी। जहां पर उसके ससुरालीजन उसके साथ आए दिन मारपीट करते रहते थे। बताया गया है कि बीते तीन अक्टूबर को भी ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की थी और उसे घर से निकाल दिया था। जिसके बाद वह अपने मायके आ गई थी, और मारपीट के बाद वह बीमार रहने लगी थी, जिसका इलाज चल रहा था। रविवार को उसकी हालत बिगड़ने पर घर के लोग उसे मेडिकल कालेज ले गए। जहां इलाज के बाद हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया था लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक का कहना है कि महिला लंबे समय से बीमार चल रही थी, इसी कारण उसकी मौत हो गई है। महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम नुनसाई में प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से महिला की मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष द्वारा ससुरालयों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया जा रहा है। कोटरा थाना क्षेत्र के ग्राम नुनसाई निवासी राम किशोरी 30 वर्ष पत्नी कमलेश को रविवार रात प्रसव पीड़ा हुई तो परिवार के लोगों ने उसका घर पर ही प्रसव कर दिया। प्रसव के बाद उसकी हालत बिगड़ गई, जबकि नवजात सुरक्षित रहा। गंभीर हालत में परिवार के लोग उसे उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, और मामले की खबर पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। मृतका की मां गीता देवी पत्नी रघुवर निवासी ग्राम बागी थाना कदौरा ने बताया कि इससे पहले भी उसकी पुत्री के तीन बच्चे हो चुके हैं जिसमें भी ससुरालयों ने लापरवाही बरती थी। मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल वालों ने चौथे प्रसव में भी उसका इलाज नहीं कराया जिस वजह से उसकी मौत हुई। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### इंजीनियर की मौत के मामले में भाजपा नेता के कार चालक पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र में जालौन रोड़ नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में हुई इंजीनियर की मौत हो गई।मामले में पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर भाजपा नेता के कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। नोएडा में तैनात इंजीनियर जितेंद्र यादव निवासी मोहल्ला शीतला माता मंदिर नया पटेल नगर उरई अपनी बीमार दादी को देखने के लिए नोएडा से उरई आया हुआ था जो बीती 10 अक्टूबर की शाम केओ अपनी लग्ज़री कार में सीएनजी लेने के लिए जालौन उरई मार्ग स्थित कुकरगांव के पास बने सीएनजी टैंक पर जा रहा था जब वह टैंक के लिए मोड़ने लगा तभी तेज रफ्तार से आ रही भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की कार से इंजीनियर की कार में जोरदार भिड़त हो गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए थे और उसमें सवार इंजीनियर जितेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था जबकि हादसे के बाद युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की कार में सवार लोग मौके से भाग गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने इंजीनियर को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाल कर मेडिकल कॉलेज भेजा था। जहां इंजीनियर को मृत बताया गया था। इस मामले को लेकर मृतक इंजीनियर की पत्नी नेहा गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर भाजपा नेता की कार चला रहे ड्राइवर पर रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# डीएम ने ली जिला पोषण समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने लर्निंग लैब, सक्षम आंगनबाडी केंद्र, सैम प्रबंधन, अनुपूरक पोषाहार वितरण, बजन मशीनों की उपलब्धता, वीएचएस एनडी सेशन, पोषण पुनर्वास केन्द्र, वीएच एस एनडीसेशन के दौरान गुणात्मक सुधार के लिए सुझाव, पोषण वाटिका, हाड कुक्ड योजना, सैम मैंम बच्चों की स्थिति, अन्नप्राशन व गोद भराई आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि संयुक्त रूप से आप लोग भ्रमण कर टीकाकरण की स्थिति को देखें। बाल विकास परियोजना अधिकारी रामनगर से कहा कि विकासखंड रामनगर आकांक्षी ब्लॉक है। आशा आंगनबाडी कार्यकत्री को वीएचएसएनडी सेशन के दौरान टीकाकरण की ड्यू लिस्ट दी गई है, उसमें कितने बच्चे टीकाकरण से लाभान्वित हुई हैं, उसको देखें।

जिलाधिकारी ने सुपरवाइजरों से क्षेत्रवार वीएचएसएनडी सेशन के दौरान बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण तथा कुपोषित व अति कुपोषित बच्चे कितने हैं आदि की जानकारी की। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा को निर्देश दिए कि किशोरियों व गर्भवती महिलाओं व बच्चों को मध्य जो पोषाहार का वितरण किया जाता है, उसको सही तरीके से करवाया जाए। कहीं से कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

खंड विकास अधिकारियों से कहा कि आंगनबाडी केन्द्रों में जिनकी सूची कायाकल्प की दी गई है, उसको पूर्ण कराया जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि समस्त सैम बच्चों की सूचना को पोषण ट्रैकर में जो प्रदर्शित है, उनको ई-कवच पर फीडिंग सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि जिन आंगनबाडी केन्द्रों पर बजट मशीन नहीं है या खराब हो गई है, उसकी सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी को दें ताकि ग्राम स्वास्थ्य निधि के माध्यम से मशीनों का क्रय कराया जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास ने बताया कि प्रथम चरण के लर्निंग लैब के कार्य पूर्ण हो गए हैं, द्वितीय चरण पर कार्य चल रहा है।

जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए कि आरबीएसके की टीम जो क्षेत्र में कार्य कर रही है, उसकी सूचना तिथि वार बाल विकास परियोजना अधिकारियों को दी जाए ताकि टीकाकरण से छूटे बच्चों को भी आच्छादित कराया जा सके। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव आदि मौजूद रहे।

## भारत स्काउट और गाइड तृतीय सोपान जांच एवं प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था द्वारा जनपद स्तर पर तृतीय सोपान जांच एव प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रथम, द्वितीय सोपान जांच शिविर भी आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ सोमवार को श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलिज कर्वी में ध्वज शिष्टाचार के साथ शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस स्काउट और गाइड को टोली का ज्ञान करते हुए स्काउट गाइड का इतिहास, सिद्धांत, नियम व प्रतिज्ञा आदि का ज्ञान कराया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं में अनुशासन व शिष्टाचार का पाठ भी पढाया गया। शिविर में जनपद के श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलिज कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज, चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी, बजरंग इण्टर कॉलिज सपहा, ज्ञान भारती इण्टर कॉलिज कर्वी, मॉडर्न पब्लिक स्कूल कर्वी, त्यागी इण्टर कॉलिज एचवारा, डॉ भीमराव अंबेडकर इण्टर कॉलिज बरवारा आदि विद्यालयों के लगभग 200 छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित हुए।

# सड़क सुरक्षा नियम की दिलाई गई शपथ



जन एक्सप्रेस । उरई

शासन के निर्देश के क्रम में **"सड़क सुरक्षा पखबाड़ा"** कार्यक्रम के अन्तर्गत मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के साथ-साथ मिशन शक्ति कार्यक्रम का भी आयोजन परिवहन विभाग, पुलिस, यातायात पुलिस एवम् मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल के सहयोग से किया गया। रजनीश सिंह प्राचार्य मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को महिला सशक्तिकरण एवं सड़क सुरक्षा की प्रस्तावना से अवगत कराया गया व सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया। महिला थानाध्यक्ष उमा सैनी द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित सभी जनों को अपने ओजस्वी विचारधारा का परिचय देते हुए बालिकाओं को अपनी सुरक्षा हेतु प्रशासनिक सहायता के साथ-साथ स्वयं सावधान व सजग रहने की प्रेरणा देते हुए महिला सशक्तिकरण व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व महिला सहायता हेल्पलाइन नम्बरों (यथा- 102, 108, 112, 181, 1076, 1090, 1098) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी व सड़क सुरक्षा के नियमों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी जनों को जागरुक किया गया।

# कोई भी बूथ और कोई भी वर्ग सक्रिय सदस्यों से अछूता न रह जाए: रामकिशोर साहू



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की जिला स्तरीय सक्रिय सदस्यता जिला कार्यशाला सोमवार को जिला पंचायत सभागार में हुई।

क्षेत्रीय सदस्यता प्रमुख व क्षेत्रीय सदस्यता सत्यापन प्रमुख रामकिशोर साहू ने कहा कि 2047 में विकसित भारत निर्माण के संकल्प के साथ हम निरन्तर बढ रहे हैं। मजबूत भारत के लिए सशक्त भाजपा जरूरी है। हर मोर्चे को 15 से 30 अक्टूबर तक टार्गेटेड मेम्बरशिप करनी है। मोर्चे ज्यादा से ज्यादा लोगों को भाजपा परिवार से जोडें। कोई भी बूथ और कोई भी वर्ग सक्रिय सदस्यों से अछूता न रह जाए। सक्रिय सदस्य हर वर्ग-हर जाति से बने। प्रत्येक कार्यकर्ता को काम में सहभागी बनाना ही संगठनात्मक कार्य है। प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रिय सदस्यता का फार्म भरकर उसकी पावती जरूर ले लें। जिला सदस्यता सत्यापन प्रमुख ब्रिजकिशोर गुप्ता ने कहा कि आनलाइन सदस्यता ही मान्य होगी। जो सदस्यता ऑफलाइन हुई है, उसे आनलाइन करने की व्यवस्था की जाए। हर मण्डल में सदस्यता सत्यापन प्रमुख बनाना है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मण्डल के प्रत्येक बूथ पर प्रवास करके भाजपा सदस्य बनाना है। हर घर से सम्पर्क करके पार्टी की सदस्यता करानी है। जिला महामंत्री व जिला सह सदस्यता प्रमुख आलोक पाण्डेय ने कहा कि 15 अक्टूबर को हर बूथ पर कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि महासदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाए। कार्यकर्ताओं के एकत्व से जागृत संगठन शक्ति का प्राकट्य होता है। मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि 16 से 30 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। कार्यक्रम का संचालन राघवेन्द्र सिंह ने किया।

इस मौके पर निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, रजना उपाध्याय, शिवशंकर सिंह, अर्जुन शुक्ला, नरेन्द्र गुप्ता, सुशील द्विवेदी, पंकज अग्रवाल, तीरथ तिवारी, हरिओम करवरिया, ब्रजेश पाण्डेय, महेन्द्र कोटार्य, मनोज तिवारी, राजेश्वरी द्विवेदी, प्रेमलाल, हीरो मिश्रा, महेश पांडेय, पुष्पराज सिंह, सजय पांडेय, रमाकांत पाण्डेय, श्रवण पटेल, सच्चिदानंद गर्ग, आशीष पाण्डेय, रवि गुप्ता, अखिलेश रैकवार, जानकी तिवारी, शक्ति सिह तोमर, ओम प्रकाश मिश्र, सच्चिदानंद द्विवेदी, घनश्याम पटेल, राजाराम पाल, मोहनदास मिश्रा, सतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## 16 को होगी जनसुनवाई

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि अर्चना पटेल सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा जनपद में 16 अक्टूबर को महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा माह के तृतीय बुधवार 16 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11बजे से महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, निरीक्षण जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी तथा महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में राजकीय गेस्ट हाउस में किया जाएगा। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से अनुरोध किया कि महिला जनसुनवाई के दौरान समस्त सूचनाओं सहित प्रतिभाग करें।

# पत्नी और दो मासूम बेटियों का गला रेतकर हत्या करने वाले आरोपी और उसके साथी को आजीवन कारावास की सजा

- अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया निर्णय

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पत्नी और दो मासूम बेटियों का गला रेतकर मौत के घाट उतारने वाले हत्यारे और उसके साथी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों को 50-50 हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शिवरामपुर चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत चकला गुरूबाबा गांव के निवासी दयाराम ने बीती 9 मार्च 2018 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया गया कि घटना को अंजाम देने वाला अजीत रैदास फेरी लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुहाग का सामान बेचता था। उसकी पत्नी मैना देवी भी रैपुरवा रोड में एक खोमचे में सुहाग के सामान की दुकान चलाती थी। परिजनों के अनुसार अजीत पत्नी के चरित्र को लेकर शक करता था। इसके चलते परिवार में कई बार विवाद हुए थे। बीती 8 मार्च 2018 को शाम खाना खाने के बाद वह परिवार समेत अपने घर में सो रहा था।

इस दौरान अर्द्धरात्रि को एक बार फिर अजीत और पत्नी मैना के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। जिससे तैश में आकर अजीत ने धारदार चाकू से पत्नी का गला रेत दिया। साथ ही निर्दयता की सारी हदें पार करते हुए कमरे में सो रही सात वर्षीय पुत्री पिंकी और पांच वर्षी पुत्री नन्दनी की भी गला रेत कर हत्या कर दी। इस दौरान पास में ही सो रहा अजीत का बेटा अंकित जाग गया और पिता का भयावह रूप देखकर मौके से भाग खडा हुआ। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा अजीत सीधे शिवरामपुर चौकी पहुंचा और वहां मौजूद सिपाहियों को अपने कृत्य के बारे में बताया।

जिससे चौकी में हड़कम्प मच गया और तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में हत्यारोपी अजीत रैदास और उसके साथी चकला गुरूबाबा गांव के ही निवासी राममिलन के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने हत्यारोपी अजीत रैदास और राममिलन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों को 50-50 हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

शिकंजा | महिला सहित 5 आरोपी गिरफ्तार, नवजात बच्ची बरामद

# नवजात बच्ची के अपहरण की घटना का हुआ अनावरण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में एसओजी व थाना मारकुण्डी की संयुक्त टीम द्वारा नवजात बच्ची के अपहरण की घटना का खुलासा करते हुये 4 दिन की नवजात बच्ची को बरामद कर अपहरण करने वाले 5 आरोपियों को घटना मे प्रयुक्त कार व मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीती 11 अक्टूबर को वादी सुनील कुमार पुत्र नत्थू प्रसाद निवासी डोडामाफी ने थाना मारकुण्डी में सूचना दी थी कि 10 अक्टूबर को उनकी गर्भवती पत्नी गुन्जा देवी को प्रसव पीडा हुयी, जिन्हें लेकर मझगवां अस्पताल जा रहे थे, किन्तु अचानक दर्द बढने के कारण वह अपनी बहन के यहां टिकरिया में रुक गया। जहां सुबह 10 बजे उसकी पत्नी ने एक पुत्री को जन्म दिया। 11 अक्टूबर को एक कार में तीन लोग व एक महिला आयी और बोली की हम सरकारी आदमी हैं, आपकी बच्ची का टीकाकरण होना है। जिसके लिये अस्पताल चलना पडेगा। साथ ही 50000 रुपये की सहायता राशि सरकार के द्वारा दी जायेगी। जिस पर वह उनके साथ बैठ गया, कर्वी में पटेल तिराहा के पास उन लोगों द्वारा फोटो कापी के लिये भेजकर वह नवजात बच्ची को लेकर फरार हो गये। इस सूचना पर थाना मारकुण्डी में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने घटना को संज्ञान में लेकर थानाध्यक्ष मारकुण्डी एवं एसओजी प्रभारी को घटना के अनावरण के लिए निर्देशित किया। एसओजी एवं थाना मारकुन्डी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये टिकरिया रेलवे फाटक के सीसीटीवी फुटेज चेक किये। जहां से घटना में प्रयुक्त गाडी मालिक संतोष कुमार मिस्त्री निवासी मुजाहिदपुर मूरतगंज थाना संदीपन घाट जनपद कौशाम्बी ने पूछताछ में बताया कि बीती 11 अक्टूबर को सुबह गांव का परिचित अमित कुमार गाडी ले गया था। संतोष मिस्त्री की निशादेही पर अमित पटेल तथा घटना में प्रयुक्त गाडी को हिरासत, कब्जा में लिया गया। पूंछतांछ में बताया कि वह गाडी में चालक के रुप में था। उसके साथ गाडी में अनामिका अस्पताल मूरतगंज की देखरेज करने वाला सुधीर सिंह उर्फ डाक्टर निवासी मलाकनगर थाना चरवा जनपद कौशाम्बी, उनका मित्र जंसवन्त प्रजापति निवासी रामनगर थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल से मानिकपुर पहुंचे। जहां से आशा बहू गुड्डू देवी निवासी गोपीपुर थाना मारकुण्डी को गाडी में लेकर टिकरिया रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां से एक नवजात बच्ची को उसके पिता से 10 हजार रुपये में खरीदा था। एसओजी एवं थाना मारकुण्डी के टीमों द्वारा तत्काल अनामिका अस्पताल के पास पहुंचकर अस्पताल के पास से सुधीर सिंह उर्फ डाक्टर व जसवंत प्रजापति को नवजात बच्ची के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही आशा बहू गुड्डु देवी को मारकुण्डी तिराहा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी जसवन्त प्रजापति ने बताया कि उसकी शादी को 10 वर्ष हो रहा है। उसकी कोई संतान नही है। उसकी पत्नी को लोग ताना मारते है। इसलिए योजना बनाकर इस घटना को अंजाम दिया।

गिरफ्तारी के दौरान एसओजी प्रभारी

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024






**छत्तीसगढ़ में कांस्टेबल की बेटी-पत्नी की...**

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब की 32 वर्षीय पत्नी और 11 बेटी की हत्या के बाद आज भीड़ उग्र हो गई। इस भीड़ के आक्रामक होने पर वहां पहुंचे एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने दौड़कर अपनी जान बचाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# बहराइच में सफल हुआ उपद्रवियों का षड्यंत्र

## दुर्गा विसर्जन के दौरान मुस्लिम समुदाय के युवकों पर पथराव का आरोप, इस दौरान 20 से ज्यादा राउंड गोलीबारी भी की गई

- इसमें एक शख्स गोपाल मिश्रा की मौत हो गई, जबकि दूसरा राजन गंभीर रूप से घायल
- आक्रोशित लोगों ने हाईवे से लेकर तमाम सड़कों पर जाम लगा दिया और प्रतिमा विसर्जन नहीं करने का ऐलान कर दिया
- हल्के लाठीचार्ज के बाद लोगों को तितर-बितर किया गया। फिर बिना डीजे शांतिपूर्वक विसर्जन कराया गया



जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। त्योहारों के सीजन में प्रदेश का माहौल बिगाड़ने की साजिश कुछ हद तक बहराइच में कामयाब हो गई। बहराइच के हरदी में रविवार शाम को दुर्गा विसर्जन के दौरान मुस्लिम समुदाय के युवकों पर पथराव का आरोप है। इस दौरान 20 से ज्यादा राउंड गोलीबारी भी की गई। इसमें एक शख्स गोपाल मिश्रा की मौत हो गई, जबकि दूसरा राजन गंभीर रूप से घायल है। इससे आक्रोशित लोगों ने हाईवे से लेकर तमाम सड़कों पर जाम लगा दिया और प्रतिमा विसर्जन नहीं करने का ऐलान कर दिया। बहराइच के अलावा कई अन्य जिलों की पुलिस फोर्स भी पहुंची और हल्के लाठीचार्ज के बाद लोगों को तितर-बितर किया गया। फिर बिना डीजे शांतिपूर्वक विसर्जन कराया गया। लापरवाही पर हरदी थाना प्रभारी व महसी चौकी प्रभारी निलंबित किए गए हैं। वहां हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं। जन एक्सप्रेस ने कुछ दिन पहले ही खुलासा कर दिया था कि प्रदेश का शांतिपूर्ण माहौल बिगड़ने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। बहराइच के हरदी इलाके में सांप्रदायिक हिंसा में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बहराइच में मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा के दौरान हुआ बवाल रात भर चला। इसके बाद बहराइच के कई हिस्सों में हिंसा की खबरे आईं। इस बीच देर रात मुख्य आरोपी सलमान समेत कई लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई। सूत्रों के अनुसार 20 से 25 लोगों के हिरासत में लेने की खबरें हैं। उधर दूसरी ओर पूजा कमेटी देर रात तक इस बात पर अड़ी रही कि आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। देर रात तक सड़कों पर आरोपियों को फांसी देने के नारे लगते रहे।

### छतों से पत्थरबाजी कर दी जिसमें मां दुर्गा का हाथ खंडित हो गया

घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महसी तहसील की प्रतिमा शांति पूर्वक विसर्जन के लिए जा रही थी। महराजगंज कस्बे में पहुंचने पर कस्बा निवासी सोनार अब्दुल हमीद अपने बेटे सबलू, सरफराज व फहीम के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरु कर दी। मूर्ति के साथ चल रहे लोगों ने जब इसका विरोध किया तो छतों से पत्थरबाजी कर दी। जिसमें मां दुर्गा का हाथ खंडित हो गया जिसके बाद विसर्जन रोक कर लोगों ने प्रदर्शन शुरु कर दिया। आरोप है कि इस दौरान हमीद व उनके साथ मौजूद हजारों की भीड़ मौके पर पहुंची और उपद्रव शुरु कर दिया। जिससे मौके पर भगदड़ मच गई।



अराजकतत्वों का उद्देश्य है कि किसी भी कीमत पर प्रदेश में कहीं भी दंगा भड़क जाए, बाद में इसे व्यापक रूप दे दिया जाए

**प्रदेश में दंगा भड़काने के हो रहे सुनियोजित षड्यंत्र**

सीएम योगी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दंगा भड़काने और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए

- नवरात्रि के दौरान दुर्गा पंडाल व सार्वजनिक पूजा स्थलों पर जानबूझकर विवाद किए जा रहे हैं
- लखनऊ समेत प्रदेश के अलग-अलग जिलों में किए जा रहे विवाद, हो रही पथराबाजी

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ के नीलमथा में मां दुर्गा की प्रतिमा खंडित

गोंडा में उपद्रवियों द्वारा जमकर पत्थरबाजी की गई

मां की प्रतिमा में बने शेर को क्षतिग्रस्त किया

### आरोप: युवक को घर के अंदर पकड़ ले गए और गोली मार दी

बहराइच जिले के महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में रविवार की शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे पर बज रहे गाने को लेकर विवाद हो गया। गाने के विरोध में दूसरे समुदाय के युवकों ने गाली-गलौज की और छत से पत्थरबाजी कर दी। बताया जाता है कि पत्थर चलने से मां दुर्गा की प्रतिमा खंडित हो गई। जिससे दूसरे समुदाय ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप है कि प्रदर्शन दौरान दूसरे समुदाय के लोग एक युवक को घर के अंदर पकड़ ले गए और गोली मार दी। जिससे रेहुवा मंसूर निवासी रामगोपाल मिश्रा की मौत हो गई।

### गुस्साए लोगों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया

22 साल के मृतक गोपाल मिश्रा की चार महीने पहले ही शादी हुई थी। युवक की मौत के बाद लोग आक्रोशित हो गए और पुलिस पर कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। तोड़फोड़ के साथ बहराइच-सीतापुर हाईवे पर जाम लगा दिया। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स और पीएसी पहुंची। गुस्साए लोगों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसमें भाजपा विधायक भी शामिल हुए। रात करीब 11 बजे पुलिस ने प्रतिमा का जबरन विजर्सन शुरू करवाया तो लोग भड़क गए। पुलिस ने दोबारा लाठीचार्ज किया।

### सीएम योगी ने कहा कि माहौल बिगाड़ने वाले किसी सूरत में बचेंगे नहीं

सीएम योगी ने कहा कि माहौल बिगाड़ने वाले किसी सूरत में बचेंगे नहीं। लापरवाही पर हरदी एसओ और महसी चौकी इंचार्ज को सस्पेंड किया गया है। लेकिन गुससाए लोग सीओ को भी हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं। इस बवाल की शुरुआत तब हुई जब दुर्गा प्रतिमाएं विजर्सन के लिए निकल रही थीं। तभी गैर समुदाय के कुछ युवकों की विर्सजन निकाल रहे युवकों से बहस हो गई। इसके बाद मामला बढ़ा और पथराव शुरू हो गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुलिस अत्याचार से दहला है प्रदेश: अजय

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। पुलिसिया बर्बरता के शिकार हुए स्व. अमन गौतम के विकास नगर स्थित आवास पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की तथा पार्टी की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पीड़ित परिजनों ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को बताया कि दलित समाज को सबसे ज्यादा निशाना बनाया जा रहा है। इस मौके पर मृतक अमन गौतम की बहन ने कहा कि पुलिस ने मेरे भाई को बिना वजह मार दिया है, हम न्याय की इस लड़ाई को आखिरी दम तक लडेंगे और दोषियों को सजा दिलाकर ही चैन लेंगे।मृतक की बहन ने आगे बताया कि पीड़ित की मृत्यु के बाद जब परिवार और उससे जुड़े हुए लोग न्याय मांग रहे थे उस दरिम्यान पुलिस के लोगों के द्वारा मृतक के परिजनों के साथ अभ्रदता तथा गाली-गलौज किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यह सरकार खासतौर पर दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, वंचितों पर अत्याचार कर रही है। पुलिस के अत्याचार से पूरा प्रदेश दहला हुआ है, समूचे प्रदेश में आराजकता का माहौल है।

### बहराइच की घटना के लिए जिला प्रशासन जिम्मेदार: भाकपा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। भाकपा माले रेडस्टार के उत्तर प्रदेश राज्य सचिव कामरेड कन्हैया ने बहराइच के महसी तहसील के महराजगंज बाजार में रविवार को दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसा की घटना को दुखद बताते हुए बहराइच जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है और बहराइच के डीएम और एसपी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए योगी सरकार से मांग किया है।पार्टी राज्य सचिव कामरेड कन्हैया ने कहा कि पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करके जिले के जिम्मेदार उच्चाधिकारी दोषमुक्त कतई नहीं हो सकते। मूर्ति विसर्जन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की ब्यवस्था किया गया होता तो निश्चित रूप से हिंसा और हत्या की घटना नहीं हुई होती। उन्होंने आगे कहा कि हिन्दूत्व फासीवाद की प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश में सरकारी संरक्षण में भगवा आतंक का कहर दलितों, आदिवासियों, शोषितो, उत्पीड़ितो, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं पर जारी है और अपनी चरम अवस्था में पहुंच रहा है। ऐसी स्थिति में जिला और स्थानीय प्रशासन को काफी सचेत होना चाहिए था लेकिन प्रशासनिक और पुलिस स्तर पर घोर लापरवाही बरती गई जिसके कारण मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंसा और हत्या की घटना घटित हुई।

### 3.5 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाए दुग्ध उत्पादन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दुग्ध उत्पादन 3.5 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाए और तरल दुग्ध बिक्री 02 लाख ली प्रतिदिन किये जाने के प्रयास किये जाए। प्रत्येक दुग्ध संघ कम से कम 05 मिल्क बूथ बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करे। दुग्ध संघों में कार्यरत डेयरी प्लांट की क्षमता उपयोगिता को बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए।दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों के गत् एक सप्ताह में क्रियान्वयन की समीक्षा की। श्री सिंह ने कहा कि दुग्ध विकास विभाग का लक्ष्य प्रदेश की जनता को शुद्ध दूध उपलब्ध कराना है और दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों, पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का नियमित रूप से भुगतान कराना प्राथमिकता है। श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को बंद पड़ी दुग्ध समितियों को पुन: चालू किये जाने और वर्तमान में संचालित समितियां किसी भी कारण से बंद न किये जाने पर विशेष बल दिया। नन्द बाबा एवं गोकुल पुरस्कार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभार्थियों की चयन सूची तैयार कर उन्हें पुरस्कृत करने की कार्यवाही शीघ्र पूरी की जाए।





## जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री राघवाचार्य जी की श्रीराम कथा 25 दिसंबर से

- विनम्र खण्ड, गोमतीनगर स्थित ब्रह्मसागर के प्रान्तीय कार्यालय पर मोती महल लान में आयोजित होगी
- अध्यक्षता ब्रह्मसागर के अध्यक्ष कैप्टन एस के द्विवेदी ने संचालन श्रीराम कथा के संयोजक आचार्य डॉ सप्तर्षि मिश्र एवं अधिवक्ता संजीव पाण्डेय ने किया

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी के विनम्र खण्ड, गोमतीनगर स्थित ब्रह्मसागर के प्रान्तीय कार्यालय पर मोती महल लान में आयोजित होने वाली जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री राघवाचार्य जी की श्रीराम कथा के सन्दर्भ में बैठक बुलाई गई। सोमवार को हुई बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मसागर के अध्यक्ष कैप्टन एस के द्विवेदी द्वारा हुई तथा संचालन श्रीराम कथा के संयोजक आचार्य डॉ सप्तर्षि मिश्र एवं अधिवक्ता संजीव पाण्डेय द्वारा किया गया। श्रीराम कथा का शुभारंभ 25 दिसम्बर को होगा। लोक विख्यात विद्वान अजय याग्निक जी द्वारा सुन्दर काण्ड की चर्चा हुई और पूज्य राघवाचार्य जी महाराज की कथा में लखनऊ के विभिन्न स्थानों को चिन्हित कर वहां से बुजुर्ग श्रोताओं को लाने ले जाने हेतु संसाधनों की व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई, सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रस्ताव दिया कि इसी तरह अन्य संगठनों को राम कथा के आयोजन से जोड़ कर राम चर्चा को घर घर पहुँचाया जा सके। बैठक में पूर्व आईएएस सी पी तिवारी, सुषमा जी, प्रीति मिश्रा,पी एन वालिया, दुर्गेश पाण्डेय, कुंवर चन्द्र त्रिपाठी एवं ए के पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष से मिले भाजपा विधायक योगेश वर्मा, की कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखीमपुर के विधायक योगेश वर्मा आज कई विधायकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलने के लिए पहुंचे थे। बार असोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश सिंह द्वारा की अभद्रता और पिटाई से नाराज योगेश वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा है कि हम सरकार से नराज नहीं हैं, मगर सरकार न्याय देने का काम करे। गनर हमने इसलिए वापस किया क्योंकि जब वहां वह हमारी सुरक्षा नहीं कर पाए तो हमारी अब क्या सुरक्षा कर पाएंगे÷। योगेश वर्मा ने बार अध्यक्ष को पार्टी से निकाले जाने की मांग रखी है। इसके अलावा अवधेश सिंह के खिलाफ मुकदमा लिखवाकर जेल भेजने की भी मांग की जा रही है।जहां एक तरफ अवधेश सिंह की पिटाई कर दी गई है तो वहीं दूसरी ओर बार असोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश सिंह को करणी सेना ने हीरो बताया है।

### विधायक से अभद्रता में चार लोग बीजेपी से निष्कासित

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं बीजेपी के कार्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि लखीमपुर खीरी के सदर क्षेत्र के विधायक योगेश वर्मा से अभद्रता के मामले में पार्टी ने सख्त निर्णय लेते हुए पुष्पा सिंह, अवधेश सिंह, ज्योति शुक्ला और अनिल यादव को दोषी मानते हुए उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

## 'आत्मरक्षा' प्रशिक्षण दिलाकर बालिकाओं को सशक्त बना रही योगी सरकार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के अंतर्गत परिषदीय बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए चलाये जा रहे वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लाखों बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखा कर उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरुक किया गया है। सत्र 2024-25 में अब तक 4.90 लाख बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जबकि 32 लाख से अधिक बालिकाएं इस प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत हैं। बता दें कि योगी सरकार ने पिछले सत्र यानी 2023-24 में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण अनुश्रवण और मूल्यांकन में कुल 24 लाख 08 हजार 736 बालिकाओं को पंजीकृत किया था। जिसके माध्यम से 16 लाख से अधिक बालिकाओं को सशक्त बनाते हुए आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया जा चुका है। योगी सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर और समाज में अपनी सुरक्षा को लेकर सशक्त बनाना है। इस वर्ष नवरात्र में भी योगी सरकार ने इस पहल को जारी रखा और मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत 3 अक्टूबर से 10 अक्टूबर के मध्य 19 लाख 50 हजार 216 बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के लिए विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह का कहना है कि विभाग के माध्यम से इस सत्र में 19 लाख 50 हजार 216 बालिकाओं और समुदाय के साथ बाल अधिकार, सुरक्षा-संरक्षा, घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, छेड़छाड़, सेफ-अनसेफ टच, हेल्प लाइन नंबर्स, बाल विवाह के नुकसान जैसी जानकारी साझा की गयी है।

### इन तिथियों में इतनी बालिकाएं हुईं जागरूक और प्रशिक्षित

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक नवरात्र के पहले दिन यानी 03 अक्टूबर को 6 लाख 72 हजार 840 बालिकाओं को जागरूक/प्रशिक्षित किया गया जबकि 04 अक्टूबर को जागरुक/प्रशिक्षित की जानें वाली बालिकाओं की संख्या 01 लाख 91 हजार 969 रही। ऐसे ही 05 अक्टूबर को 01 लाख 56 हजार 472, 06 अक्टूबर को 77 हजार 503, 07 अक्टूबर को 02 लाख 08 हजार 923, 08 अक्टूबर को 01 लाख 30 हजार 924, 09 अक्टूबर को 04 लाख 934 और 10 अक्टूबर को 01 लाख 10 हजार 652 बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा चुका है।

## महाकुंभ-2025: महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए संकल्पित है योगी सरकार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



वर्ष 2019 में योगी सरकार के प्रयास से संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित दिव्य, भव्य और स्वच्छ कुंभ के सफल आयोजन को को पूरी दुनिया ने सराहा। यूनेस्को द्वारा इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। आयोजन की भव्य सफलता के बाद अब कुंभ नगरी प्रयागराज 2025 महाकुंभ का इंतजार कर रही है। जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे इस महाकुंभ में 41 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं व पर्यटकों के यहां पहुंचने का प्रशासन का अनुमान है। इन पर्यटकों को कुंभ मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर सम्पूर्ण जानकारी देने के उपलब्ध पर्यटन विभाग की तरफ से पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। महाकुंभ में देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को शहर और कुंभ क्षेत्र में पर्यटन से जुड़ी जानकारी के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। पर्यटन विभाग की तरफ से कुंभ मेला क्षेत्र के बाहर 10 अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्रों की स्थापना की जा रही है । प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि शहर के सभी रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और अस्थाई बस स्टेशन में इनकी स्थापना की जा रही है। स्थापना हेतु एजेंसी का चयन करने के लिए ई निविदा पर्यटन निदेशालय द्वारा प्रक्रियाधीन है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की तरफ से स्थापित जा रहे इन पर्यटन सूचना केंद्रों में प्रयागराज के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों की जानकारी की पुस्तिका हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगी। डिजिटल फॉर्मेट में भी इसे उपलब्ध कराया जायेगा। सूचना केंद्र में एक गाइड बुक भी होगी । पर्यटकों को टूरिज्म की जानकारी देने के लिए यहां पर एक प्रशिक्षित गाइड की सूची भी उपलब्ध रहेगी। पर्यटकों के ठहरने की जानकारी देने के लिए यहां पर रजिस्टर्ड पेइंग गेस्ट हाउस की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। मेरा क्षेत्र की टेंट सिटीज और टेंट कॉलोनी का ब्यौरा भी इन सूचना केंद्रों में रहेगा। पर्यटकों के लिए प्रशिक्षित गाइड की सूची भी इसमें रखी जाएगी। पर्यटक अगर किसी कारणवश या रेलवे स्टेशन या बस स्टेशन के पर्यटक सूचना केंद्रों से आवश्यक जानकारी नहीं ले पाते हैं तो कुंभ मेला क्षेत्र में भी उन्हें जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र बनाए जाएंगे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी का कहना है कि कुंभ मेला क्षेत्र में जो 30 थीमेटिक गेट बनाए जा रहे हैं उन्हीं के हर पिलर के पास एक एक अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र भी बनाया जाएगा।

## दुबई में 'थैंक यू मोदी, थैंक यू योगी' के नारे से गूंज उठा यूपी डायस्पोरा

- प्रवासी निवेशकों ने यूपी की विकास गाथा सुन पीएम मोदी व यूपी के सीएम योगी के मॉडल की जमकर की तारीफ
- उत्तर प्रदेश में रिजॉर्ट, लॉजिटिक्स, सब्जियों के निर्यात और मातृभूमि योजना में निवेशकों ने दिखाई निवेश करने में रुचि
- सीएम योगी की मंशा अनुसार, दुबई के यूपी डायस्पोरा को पूरे ग्रुप को प्रदेश आने व भ्रमण करने का भी दिया गया निमंत्रण



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत डबल इंजन की सरकार ने दुबई में प्रवासी निवेशकों के बीच उत्तर प्रदेश में निवेश करने की दिशा में एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। सीएम योगी के विजन और क्रियान्वयन की सफलताओं का दुबई साक्षी बना और इस दिशा में दुबई के इंडिया क्लब में इन्वेस्ट यूपी और यूपी डायस्पोरा की ओर से आयोजित यूपी डायस्पोरा इन्वेस्टर मीट एक बड़ा माध्यम साबित हुआ। इस कार्यक्रम में निवेशकों ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में निवेश करने को लेकर रुचि दिखाई। इरफ़ान इजहार ने अलीगढ़ में रिजॉर्ट तो युसूफ खान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स में निवेश की इच्छा दिखाई। वहीं राजेश अग्रवाल ने पुरखों के नाम अपनी पुश्तैनी जमीन हॉस्पिटल हेतु दान करने की इच्छा जाहिर की। इसके साथ ही, दुबई के मदीना ग्रुप ने यूपी से फल सब्जियों के लिए यूपी में सेंटर खोलने को लेकर रुचि प्रकट की। इन्वेस्टर मीट के बाद इरानियन स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में डबल इंजन सरकार की नीतियों और योगी सरकार की 25 से अधिक सेक्टोरल पॉलिसीज को प्रमोट किया। इस दौरान हजार से ज्यादा यूपी के प्रवासी उत्तर प्रदेश की विकासगाथा को सुनकर उत्साहित हो उठे और आयोजन स्थल 'थैंक यू मोदी, थैंक यू योगी' के नारे से गुंजायमान हो उठा। लोक गायक दीपक त्रिपाठी के कार्यक्रम में सीएम योगी के विजन अनुसार, यूपीडीएफ के दुबई कल्चरल फोरम ने दुबई में सफल भारतीय एवं उत्तर प्रदेश के सफल प्रवासियों पर जो दुबई में रह देश दुनिया में सफलता का परचम लहरा रहें हैं उनके संघर्षों और सफलता पर एक एक किताब संग्रह निकालने की घोषणा की, ताकि भारत के युवा उद्यमी उनके इस साझा किये गए संघर्षों और अनुभवों से काफी कुछ सीख सकें। सांस्कृतिक कार्यक्र में लखनऊ से आये लोक गायक दीपक त्रिपाठी के गानों और यूपी की कंचन अवस्थी नृत्य पर पूरा हाल झूम उठा। कार्यक्रम में मथुरा के चार्टर्ड अकाउंटेंट और वर्तमान में यूपी डायस्पोरा यूपी कनेक्ट के महसचिव साहित्य चतुर्वेदी नेतृत्व में मथुरा के कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला का आयोजन भी हुआ। दुबई में यूपी कनेक्ट के चेयरमैन डॉ राजेश अग्रवाल, वाईस चेयरमैन चंद्रशेखर भाटिया, नदीम जैदी और हुमैर सिद्दीकी उपस्थित रहे। इस दौरान, यूएई के पूर्व मंत्री मोहम्मद सईद किंदी में भारत की जी भर प्रशंसा की और पूरे समय कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### यूपी डायस्पोरा को मिला प्रदेश भ्रमण का निमंत्रण

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उपलब्ध कराये गए मेक इन इंडिया के अवसरों, इंफ्रा एवं उनके द्वारा स्टाम्प विभाग में अनिवासियों की सुविधा के लिए उठाये गए कदमों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस विषय में इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म और इन्वेस्टमेंट के अवसर पर शॉर्ट फिल्म का मंचन भी किया गया तथा विभिन्न विषयों पर पीपीटी के माध्यम से प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किए गए। उत्तर प्रदेश के सिंगल विंडो सिस्टम व इन्वेस्ट यूपी के प्रयासों से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन भी दिया गया। कार्यक्रम में दुबई के यूपी डायस्पोरा को अपने पूरे ग्रुप के साथ एक बार काशी, मथुरा, अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज भ्रमण कर आकर देखने का न्योता भी दिया गया, ताकि वह यहां पर आकर देश-विदेश के लोगों में उत्तर प्रदेश को मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट कर सकें।

## लखनऊ मण्डल में 25 कार्यों हेतु 05 करोड़ 10 लाख 75 हजार अवमुक्त

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। राज्य सरकार द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय योजनान्तर्गत लखनऊ मण्डल में विभिन्न जनपदों के 25 चालू कार्यों हेतु 05 करोड़ 10 लाख 75 हजार की धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 25 चालू कार्यों में जनपद हरदोई के 10, उन्नाव के 06, सीतापुर के 05, खीरी के 03 तथा रायबरेली के 01 कार्य सम्मिलित हैं।जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप किया जाय।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं. | 1128-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-चतुर्थ कॉल दिनांक 14.10.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत LC गेटों पर AT सप्लाई और अन्य इलेक्ट्रिकल कार्यों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,02,75,050.20 (रुपये एक करोड़ दो लाख पिचहत्तर हजार पचास रुपये एवं बीस पैसा मात्र) |
| 4. | ई-निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 2,01,400/- (दो लाख एक हजार चार सौ रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 7. | ई-निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 06.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.-1128-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-चतुर्थ कॉल दिनांक 14.10.2024 3181/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गो आश्रय स्थलों में सुविधाओं को लेकर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर बैठक किया। बैठक में डीएम ने जनपद में संचालित गौशालाओं में हरा चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, शेड, पशुओं को उचित देखभाल इत्यादि सुविधाओं तथा नवीन गौशालाओं के निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि जिन गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, उनको हैंड ओवर लेकर गोवंशों को संरक्षित कराएं। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में वृहद गौशालाओं के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन करने को कहा तथा जिन गौशालाओं के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित हो गई है वहां पर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करें। सभी ब्लाकों व नगर निकायों में छुट्टा गोवंशों को पकड़ने के लिए शासन के आदेश के क्रम में कैटल कैचर खरीदने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से सभी गौशालाओं पर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी गो आश्रय स्थलों पर गोवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में पशु आहार, भूसा व हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए।साथ ही वहां पर गोवंशों हेतु पीने का स्वच्छ पानी एवं छांव की उचित व्यवस्था रहे।जिन गौशालाओं में अतिरिक्त शेड बनने की व्यवस्था है, वहां पर अतिरिक्त शेड बनाया जाए। और लोगों को जागरूक करें कि वह अपने गोवंशों को ना छोड़े, यदि कोई गोवंश छोड़ने पाया जाए तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गोवंशों के शतप्रतिशत ईयरटैगिंग करने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सकों को नियमित गौशालाओं में जाकर बीमार गोवंशों की देखभाल व चिकित्सीय उपचार करने के निर्देश दिए। तथा कहा कि जो भी अधिकारी गौशालाओं का निरीक्षण करने जाएं वह उसमें निरीक्षण टिप्पणी अवश्य अंकित करें एवं जो भी कमियां हैं उसका सुधार कराएं। डीएम ने निराश्रित गोवंश संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोम प्रकाश तिवारी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अमावा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

भारतीय जनता पार्टी के अमांवा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की माता जी का निधन गत दिवस मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में हो गया था। उनके निधन से व्यथित भारतीय जनता पार्टी रायबरेली के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी एवं भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सहसंयोजक अवध क्षेत्र दिलीप द्विवेदी, मंडल प्रभारी शिवेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान परिगवा जयप्रकाश तिवारी, पूर्व प्रधान तकिया रामखेलावन, सत्यम द्विवेदी आदि ने उनके निज आवास मोहन सिंह का पुरवा जाकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। शिक्षक प्रकोष्ठ जनपद रायबरेली उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है तथा परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति एवं धैर्य प्रदान करें। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह एवं पूर्व प्रधान मखदुमपुर हर्ष बहादुर सिंह उर्फ टुल्लू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात के नियमों का करें पालन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में आज दिनांक 14.10.2024 को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तेराहवें दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए पंपलेट स्टीकर वितरित किए गए, निर्धारित गति से अधिक चलने वाले वाहनों की गति की चेकिंग स्पीड राडार के माध्यम से की गई निर्धारित गति से तेज चलते हुए पाए जाने वाले वाहनों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की गई तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारों से हटवाया गया साथ ही उनको ऐसा न करने की चेतावनी दी गई ना मानने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को फूल देकर तथा माला पहनाकर गांधीगिरी के माध्यम से उनको यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। मोडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की सघन चेकिंग की गई मोडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों से मोडिफाइड साइलेंसर निकलवाए गए तथा उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई भी की गयी।

रायबरेली शहर सड़क के किनारे वाहन खडा करके जाम का कारण बनने व नो पार्किंग में गलत तरीके से खड़े वाहनों को हटवाते हुए प्रवर्तन की कार्रवाई की गई सड़क के किनारे लगे ठेले, खोमचे तथा फल की दुकानें हटवाई गई। उक्त संपूर्ण अभियान के दौरान पूरे जनपद में कुल 394 चालान करते हुए 541500 का जुर्माना योजित किया गया।

# मोबाइल टॉवर के एक टेक्नीशियन ने दूसरे को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



अयोध्या में मोबाइल टॉवर के एक टेक्नीशियन ने दूसरे को गोली मार दी। घायल को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाया गया। चिकित्सक डॉ. अनुराग गुप्त ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मोबाइल टॉवर के टेक्नीशियन का काम करने वाले दो साथी किसी विवाद को लेकर आपस में टकरा गए। एक ने दूसरे पर गोली चला दी। गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी फरार हो गया है।

बीकापुर कोतवाली के खजुरहट-मिल्कीपुर मार्ग पर स्थित डडवा गांव में किराए के मकान में सुल्तानपुर के निवासी मोबाइल टॉवर टेक्नीशियन कृष्ण कुमार और शेर अली रहते थे। शुक्रवार की रात दो बजे के करीब दोनों के बीच किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हुई। इसके बाद शेर अली ने कृष्ण कुमार पर गोली चला दी। कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को अपराधी प्रवृत्ति का बताया जा रहा है। घायल कृष्ण कुमार सुल्तानपुर के गोसाईगंज थाना अंतर्गत श्रवण मऊभारा का निवासी है। घायल को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाया गया।

चिकित्सक डॉ. अनुराग गुप्त ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बीकापुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह और प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने शनिवार की सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर जांच- पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# गंगागंज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल दंगल का किया गया आयोजन

- गंगागंज में विशाल दंगल का कुश्ती दंगल से शरीर फिट चुस्त निरोगी रहता है: शरद मिश्रा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली





गंगागंज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगागंज में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। आयोजन कमेटी के आयोजक मनोज तिवारी द्वारा यह विशाल दंगल कई जिलों से आए हुए पहलवानों ने मैदान में अपनी कुश्ती का हुनर दिखाया। इस दंगल कुश्ती के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, अवध क्षेत्र के प्रभारी शरद मिश्र थे। उन्होंने अपने संबोधन में पहलवानों को कहा कुश्ती दंगल एक तरह से शरीर को फिट रखने की कला है जिसे हर इंसान को करना चाहिए जिससे व्यक्ति का शरीर निरोगी रहे उन्होंने वहां उपस्थित मेला कमेटी को तथा आए हुए जनमानस को पहलवानों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

आयोजन दंगल कमेटी गंगागंज के अन्तर जनपदीय 12 पहलवानो को 1100 रुपया और शाल भेट कर पुरस्कृत किया और दंगल कमेटी को 22 हजार रुपया नगद देकर अन्य पहलवानो की मदद की,इसके पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी तिलक भवन भी आये। जहाँ उनका स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी विजयशंकर अग्निहोत्री द्वारा माला व बुकें देकर किया गया उनका स्वागत करने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष निर्मल शुक्ल सईदुल हसन जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री महेश शर्मा, नौशाद खतीब, शशिकांत पांडेय, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हाफिज रियाज, एनएसयूआई के अध्यक्ष आयुष दिवेदी, सूर्य कुमार बाजपेई, अखिलेश मिश्रा, अभय त्रिवेदी, सोनू खान, हरमिंदर सलूजा, अखिलेश अवस्थी, दिनेश त्रिवेदी, प्रमोद बाजपेई, सौरभ अवस्थी, मुन्नर शुक्ला, अभय सिंह, जितेन्द्र शुक्ल, श्री पाल, के सी शुक्ल, महेश्वर सिंह, मनोज त्रिवेदी, आशीष द्विवेदी, शक्ति सिंह, पूर्व अध्यक्ष श्री वी. के. शुक्ल, सदस्य एआईसीसी रमेश शुक्ल, मो0 असरफ, उमेश बहादुर सिंह, सौरभ शुक्ल, ओम प्रकाश पाल, अरुण यादव, मनोज श्रीवास्तव सत्येन्द्र श्रीवास्तव सहित तमाम कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय 06 दिवसीय भेड़, बकरी व सुअर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



नेशनल लाइव स्टॉक मिशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय 06 दिवसीय भेड़, बकरी व सूअर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर रायबरेली में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार तथा उप कृषि निदेशक विनोद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्व-वित्त पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा0 अनिल कुमार द्वारा नेशनल लाइव स्टॉक मिशन द्वारा संचालित भेड़, बकरी व सूअर पालन की योजनाओं के निर्गत दिशा निर्देशों के क्रम में बिन्दुवार प्रकाश डालते हुये ऑनलाइन आवेदन से लेकर सेन्ट्रल एक्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा अनुमोदन तथा सिडबी द्वारा सब्सिडी की धनराशि हस्तानान्तरित की प्रक्रिया को विस्तार से प्रशिक्षाणार्थियों कोसमझाया गया।

उप कृषि निदेशक द्वारा किसानों/पशुपालकों के दृष्टिगत उ0प्र0 सरकार की संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी तथा एफ0टी0ओ0 के माध्यम से नेशनल लाइव स्टॉक मिशन अन्तर्गत भेड़, बकरी एवं सूकर पालन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में कार्य करने हेतु पशुपालकों को प्रेरित कर आत्मा योजनान्तर्गत 100 प्रतिशत किसान सब्सिडी में औषधि प्रदर्शन अपनाकर लाभ प्रदान किये जाने हेतु जानकारी दी गयी।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र सिंह द्वारा पशुपालन की उन्नति तकनीकियों पर प्रकाश डालते हुये भेड़, बकरी व सूकर पालन से जीविकोपार्जन किये जाने पर जोर दिया गया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर डा0 संजय कुमार सिंह द्वारा भेड़, बकरी एवं सूकर पालन प्रशिक्षण पर प्रकाश डालते हुये उसकी उपयोगिता की चर्चा की गयी। नोडल अधिकारी डा0 पी0 एस0 निरंजन पशु चिकित्साधिकारी अटौरा बुजुर्ग द्वारा 06 दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा, टेक्निकल सेशन, प्रशिक्षण उपरान्त प्रश्नोत्तरी कार्यकम, परियोजना स्थापित करने हेतु आवश्यक अभिलेख एवं जानकारी प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को दी गयी। योजनाधिकारी/उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (पशुधन एवं विकास) डा0 अनुपम कुमार चौधरी द्वारा जोखिम प्रबन्धन एवं पशुधन बीमा योजना एवं डा0 शोभारानी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (चिकित्सा स्वास्थ्य) द्वारा नेशनल लाइव स्टॉक मिशन अन्तर्गत अन्य संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी।

## वर्ष 2025 में हज पर जाने वाले यात्री प्रथम किस्त की धनराशि कराएं जमा: महिमा

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने वर्ष 2025 में हज पर जाने वाले चयनित हज यात्रियों को सूचित किया जाता है कि प्रथम किस्त की धनराशि रु0 1,30,300/- तिथि 21 अक्टूबर 2024 तक हज कमेटी ऑफ इंडिया के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया व यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के खाते में जमा करते हुए जमा रसीद, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सार्टिफिकेट (हज कमेटी की बेवसाइट https://hajcommittee.up.gov.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप पर), स्वहस्ताक्षरित अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट साईज की फोटो कॉपी 23 अक्टूबर 2024 या उससे पूर्व उ0प्र0 राज्य हज समिति मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस सरोजनी नगर लखनऊ में स्वयं अथवा डाक के माध्यम से जमा करें। उन्होंने बताया है कि मेडिकल एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट जनपद स्तर पर सरकारी एलोपैथिक पद्धति के चिकित्सक द्वारा निर्धारित प्रारूप पर मान्य होगा। चयन होने की सूचना प्रत्येक कवर हेड के मोबाईल नम्बर पर एस0एम0एस0 के माध्यम से भेजी गयी है तथा चयनित सूची उ0प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

# 31 अक्टूबर तक गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए करें आवेदन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जाने हेतु जनपद के पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र 31 अक्टूबर 2024 तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा पूर्व में परिचालित किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्त के अनुसार पुरस्कार प्राप्त करने की अर्हताए निर्धारित की गई है जिसमें भारत का मूल नागरिक हो।

उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत न दिया जा चुका हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई एक व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णतः समर्पित रहे हो, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस 05 जनवरी पर गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

जिसके अन्तर्गत चयनित व्यक्ति को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र दिये जाने की व्यवस्था है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त आख्या में व्यापक जांच कर तथ्यात्मक विवरण अभिलेखीय साक्ष्यों सहित यह भी प्रमाण-पत्र अंकित किया जाये कि उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला प्रचलित /लंबित नहीं है और किसी भी आपराधिक मामले में किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दण्डित नही किया गया है। महत्वपूर्ण कार्यों आदि अभिलेखीय साक्ष्यों को 31 अक्टूबर 2024 के पूर्व चार प्रतियों में उपलब्ध कराये।

गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु पात्र महानुभावों के नामांकन तत्काल निर्धारित प्रारूप में कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी को मुहैया करवा दी जाये।

# कड़ी सुरक्षा के बीच निकली मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा, डीएम व आईजी ने भी की पुष्पवर्षा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए आरएएफ और पीएसी शोभायात्रा के साथ चल रही है। शोभा यात्रा में रथ पर सवार होकर जनप्रतिनिधियों, भाजपा और केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ आईजी प्रवीण कुमार, डीएम चंद्र विजय सिंह और नगर आयुक्त संतोष शर्मा भी पुष्प वर्षा कर रहे हैं।


रामनगरी में गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से मां दुर्गा की प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। जीआईसी के मैदान से कड़ी सुरक्षा के बीच निकली शोभायात्रा फतेहगंज, सुभाष नगर, बजाजा, चौक, रिकाबगंज और सिविल लाइन होते हुए गुप्तार घाट के निर्मली कुंड तक जाएगी। निर्मली कुंड में पानी कम होने के कारण मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए जिला प्रशासन ने पास में ही एक बड़ा गड्ढा खोदवाया है। निर्मली कुंड के प्लेटफार्म के साथ एक और प्लेटफार्म निर्मित कराया गया है। इन दोनों प्लेटफार्म पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी। शहर में जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की ओर से पुष्प वर्षा हो रही है। शोभायात्रा में शामिल महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में नाचते- गाते हुए चल रहे हैं।


रामलीला

मिस यूनिवर्स बनीं मां सीता

# बिंदू सिंह बने भोलेनाथ तो रजा मुराद ने विभीषण की भूमिका निभाई

जन एक्सप्रेस। अयोध्या





फिल्मी कलाकारों की रामलीला का शनिवार को समापन हो गया। बॉलीवुड के कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से रामकथा को जीवंत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रावण की भूमिका में अभिनेता मनीष शर्मा तो शंकर की भूमिका में अभिनेता बिंदु दारा सिंह ने दर्शकों का आकर्षण चुराया। वहीं, विभीषण के किरदार में विख्यात अभिनेता राजा मुराद ने अपने अभिनय की छाप छोड़ी। इसके अलावा मिस यूनिवर्स रिया सिंघा ने माता सीता के किरदार को जीवंत करने का प्रयास किया। पहली बार मिस यूनिवर्स ने फ़िल्मी रामलीला में सीता का किरदार निभाया, जो खूब पसंद किया गया। राम की भूमिका में वेद सागर ने अपने संवाद और अभिनय से दर्शकों को खूब आकर्षित किया। वहीं रिंकू (मेघनाद) परवेज (जामवंत) सुनील विकास (नल, नील) (सुखेंन वेद), विकास जोगिंदर (कालनेमी) विनय (कुंभकरण) प्रतिभा (सुलोचना) अशोक ने अंगद की भूमिका में रामलीला मंचन को जीवंत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विक्की चौधरी ने हनुमान की भूमिका में दर्शकों को रोमांचित किया।

▸ शेष पेज 07 पर...



आयुषी पटेल
बीटेक फर्स्ट ईयर


गरिमा त्रिपाठी
बीटेक थर्ड ईयर


सतीश कुमार


प्रतीक सिंह


विजय साहू

# दीपावली से पहले काल के गाल में समा गए घर के चिराग





■ सड़क हादसे में पीएसआईटी के चार छात्रों सहित ड्राइवर की हुई दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में आए दिन सड़क हादसों की घटनाएं बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। सोमवार की सुबह भौंती हाईवे के पास करीब 9ः05 बजे तेज रफ्तार डंपर ने अचानक से ब्रेक लगा दी। अचानक ब्रेक लगने की वजह से पीछे से पीएसआईटी के छात्रों को लेकर कॉलेज जा रही वैगनआर कार उसमें पीछे साइड जा घुसी। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता तब तक कार के पीछे से सरिया लादकर आ रहे ट्रॉला ने भी उसमें जोरदार टक्कर मार दी। ट्रॉला की टक्कर इतनी तेज थी कि उसका अगला हिस्सा डंपर से जा मिला और दोनों के बीच फंसी कर तीन के डब्बे की तरह परिवर्तित हो गई।

हादसे में कार सवार चार छात्रों व चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में दो छात्र व दो छात्राएं थीं। पनकी व सचेंडी थानों की पुलिस और दमकल कर्मियों ने करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। हादसे के कारण हाईवे पर करीब तीन घंटे जाम लगा रहा। पनकी व सचेंडी पुलिस ने बताया कि डंपर और ट्रॉला के चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज उनकी तलाश की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक चकेरी के सनिगवां रोड निवासी स्कूल संचालक राजेश सिंह का बेटा प्रतीक उर्फ अनूप सिंह उम्र करीब 22 वर्ष सचेंडी स्थित प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी में बीटेक फोर्थ ईयर (ईसी) का छात्र था।

ममेरे भाई प्रिंस ने बताया कि सोमवार सुबह प्रतीक मोहल्ले में ही रहने वाले पीएसआईटी के ही सहपाठी बीटेक (डेटा साइंस) थर्ड ईयर के छात्र सतीश सिंह उम्र 21 वर्ष, बीटेक फर्स्ट ईयर कंप्यूटर साइंस की छात्रा आयुषी पटेल उम्र 18 वर्ष, बीटेक (कंप्यूटर साइंस थर्ड ईयर) की छात्रा गरिमा त्रिपाठी उम्र 19 वर्ष के साथ रोज की तरह विजय साहू उम्र 54 वर्ष की कार से पीएसआईटी कालेज जा रहे थे। कॉलेज से करीब डेढ़ किलोमीटर पहले ही भौती हाईवे पर डंपर के ब्रेक लगाने से छात्रों की कार उसमें पीछे से जा घुसी और तब तक पीछे से ट्रॉला भी आ गया। हादसे में पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी जुगराजपुर निवासी विश्वास शुक्ला ने बताया कि हादसा होते ही कार में फंसे चालक विजय साहू और चारों छात्र की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने किसी तरह डंपर को धकेलकर आगे किया। तब तक पुलिस भी पहुंच गई। कार में खून से सने बैग और यूनीफार्म देखकर पीएसआईटी प्रबंधन को सूचना दी गई। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया गया। इस दिल को दहला देने वाली घटना ने कानपुर शहर वासियों को झकझोर कर रख दिया है। पीएसआईटी ने अपने चार होनहार छात्रों को तो खोया ही है वहीं छात्रों के परिवारों पर क्या बीत रही होगी यह सोच कर ही मन विचलित हो रहा है। कानपुर शहर वासियों के साथ-साथ सभी दिवंगत छात्रों के परिवार के साथ जन एक्सप्रेस परिवार को भी सहानुभूति है। फिलहाल हादसे की सही वजह अभी सामने नहीं आई है। दोनों डंपरों के चालकों की गिरफ्तारी का प्रयास कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा किया जा रहा है। मामले में गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

## रोज इसी कार से जाते थे सभी छात्र कॉलेज

हादसे के बाद मृतकों के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। यहां पर छात्र गरिमा के परिजनों ने बताया कि करने वाले चारों छात्र एवं छात्राएं एक ही मोहल्ले के रहने वाले थे और साथ में प्रतिदिन कॉलेज जाया करते थे। गरिमा से सभी की गहरी दोस्ती थी। परिजनों ने यह भी बताया कि एक ही कर बच्चों के लिए पीएसआईटी कॉलेज लाने और ले जाने के लिए बुक कर रखी थी। रोज की तरह सोमवार की सुबह करने वाले सभी छात्र एवं छात्राएं कॉलेज जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया और पांचो कल के काल में समा गए। मृतक सभी छात्रों के परिजन बिलख- बिलख कर बेहाल थे। उन सभी के आंसू हमने का नाम नहीं ले रहे थे। वह सभी बाद हवास हालत में केवल एक ही बात कह रहे थे कि है भगवान हम सभी को हमारे किन कर्मों की सजा मिली है।

## दीपावली से पहले छिन गए घर के चिराग

घटना केबाद से मृतक छात्रों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवां केडीए कॉलोनी के रहने वाले राजेश सिंह घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां पर वह रो-रो कर केवल एक ही बात कह रहे थे। की दिवाली का त्यौहार आने वाला है पिछली दिवाली पूरे परिवार ने हंसी खुशी से मनाई थी। इस बार परिवार दीपावली का त्यौहार कैसे मनाएगा।

## सीएनजी सिलेंडर फटता तो आग का गोला बन सकती थी कार

हादसे का शिकार हुई छात्रों वाली आल्टो कार पेट्रोल और सीएनजी से चलती थी। घटना स्थल पर बने टायरों के निशान से साफ है कि हादसे के वक्त पीछे से आ रहे सरिया लदे ट्राले को रोकने के लिए चालक ने भरसक कोशिश की ओर ब्रेक भी लगाया। ब्रेक अचानक लगने और ढाल पर गाड़ी होने से ट्राले में जोरदार झटका लगा।

# भाजपा कानपुर उत्तर की सक्रिय सदस्यता की कार्यशाला हुई संपन्न



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर की सक्रिय सदस्यता की कार्यशाला गुरुनानक धर्मशाला कौशल पुरी में संपन्न हुई। कार्यशशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने की। दीपू पांडे ने बताया की 15 अक्टूबर को रात 12 बजे से सामान्य सदस्यता अभियान समापत हो जायेगा। इसके बाद सक्रिय सदस्यता अभियान 16 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया की बूथ अध्यक्ष और उसकी कमेटी को छोर कर। जो भी व्यक्ति मंडल में पधाधिकारी बनना चाहेगा उसको उसके विधान सभा में कम से कम 50 सामान्य सदस्य बनाने पड़ेंगे। तभी वो सक्रिय सदस्य बन पाएगा। और उसको मंडल की कमेटी में सक्रिय सदस्य होने पर ही दायित्व दिया जाएगा। प्रकाश पाल ने बताया की 1 नवंबर से 5 नवंबर तक सक्रिय सदस्यता का सत्यापन होगा।यदि कोई व्यक्ति सजायाफ्ता तो वह सक्रिय सदस्य नही बन सकता। यदि वो तथ्यों को छिपाकर बन भी जाता तो पार्टी उसको तुरंत निकाल कर बाहर कर देगी। बैठक में प्रमुख रूप से कामावती सिंह विधायक नीलिमा कटियार, जितेंद्र विश्वकर्मा, आनंद मिश्रा जन्मेजय सिंह विनय पटेल, पूनम कपूर, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर वात्सेय त्रिपाठी, अभिमन्यु सक्सेना प्रशांत पाल, विप्लव शर्मा विवेक पांडे आदि लोग उपस्थित थे।

# महामंत्री पद पर आठ प्रत्याशी मैदान में, बताया अपना चुनावी मुद्दा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बार एसोसिएशन चुनाव में महामंत्री पद पर आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। किसी के पास 36 साल की वकालत का अनुभव है तो कोई अधिवक्ताहित में काम करने के अपने संकल्प के साथ पहली बार चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहा है। वहीं, कुछ प्रत्याशी ऐसे हैं जो पहले भी बार या लॉयर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी में पदाधिकारी रह चुके हैं और अपने अनुभव का लाभ अधिवक्ताओं को देने के लिए आतुर हैं। सभी प्रत्याशी कचहरी में अधिवक्ताओं के चैंबर्स और उनके घरों तक जाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

# ट्रेन से आ रहे बुजुर्ग माता-पिता, तो चिंता की नहीं बात



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

प्रीमियम ट्रेनों के संचालन के साथ ही रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं देने की तैयारी चल रही है। इसके लिए कई सेवाओं को निजी हाथों में दिया जा रहा है। हर सेवा के लिए शुल्क निर्धारित हैं। इसी के तहत अब ट्रेन से उतरने के साथ ही लोगों को खानपान, टैक्सी, घर या होटल तक पहुंचाने की सुविधा मिल सकेगी। यदि किसी के बुजुर्ग माता-पिता ट्रेन से आ रहे हैं, और आपको स्टेशन लेने जाने का समय नहीं है। तब भी आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।

कंपनी आपके माता-पिता को टैक्सी कर देगी। हालांकि इसका कुछ शुल्क देना पड़ेगा। इसके लिए दिल्ली की एक कंपनी को ठेका दिया गया है। यह उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले 19 स्टेशनों में यात्री सुविधा केंद्र का संचालन करेगी, जिसे सेंट्रल, गोविंदपुरी, अनवरगंज, पनकी धाम स्टेशन पर तैयार किया जा रहा है। सेंट्रल स्टेशन पर करीब 600 करोड़ रुपये की लागत से कार्य चल रहे हैं जिसमें यात्री सेवाएं और सुविधाएं शामिल हैं। डोरमेट्री को स्लीपिंग पॉड में परिवर्तित कर दिया गया है, जबकि वीआईपी वेटिंग रूम एग्जीक्यूटिव लाउंज में तबदील हो गए हैं। स्लीपिंग पॉड का संचालन शुरू हो गया है जबकि एग्जीक्यूटिव लाउंज दीपावली तक चालू हो सकता है। दोनों का संचालन अलग अलग निजी कंपनियों की ओर से किया जा रहा है। इसी तरह कैंट साइड के मुख्य गेट के नजदीक यात्री सुविधा केंद्र बनाया जा रहा है जिसमें कंपनी के प्रतिनिधि रहेंगे जबकि अन्य स्टाफ ट्रेनों से सामान उतारने और चढ़ाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। यात्रा करने वालों को 20 रुपये के शुल्क में डाइपर, सेनिट्री पैड्स, पानी की बोतल, जूस व दूध की बोतल आदि मिल सकेंगी। अगर किसी यात्री को ट्रेन से उतरते ही कानपुर के पर्यटन स्थल घूमने, होटल में रुकने, नर्सिंग होम, स्पा सेंटर जाना है तो उसकी जिम्मेदारी कंपनी संभालेगी। इन सुविधाओं के लिए कंपनी की ओर से हेल्पलाइन नंबर और एप जारी किया जाएगा। यह कंपनी नवंबर से कार्य शुरू कर सकती है।

### ट्रेनों की मुफ्त मिल सकेगी डिटेल

रेलवे के सीएमआई विजय शर्मा के मुताबिक दिल्ली की रिस्पांस कार्गो मूवर्स कंपनी को ठेका मिला है। कंपनी ने प्रयागराज स्टेशन पर कार्य शुरू कर दिया है, जबकि सेंट्रल स्टेशन पर नवंबर तक काम शुरू होने की उम्मीद है। सिटी साइड पर सुरंग के नजदीक एक काउंटर बनाया जाएगा। यहां से यात्रियों को ट्रेनों से संबंधित सारी डिटेल मुफ्त मिलेगी।

### कुली एसोसिएशन कर रहा विरोध

निजी कंपनी को ठेका मिलने के बाद कुली एसोसिएशन ने विरोध शुरू कर दिया है। कुलियों ने पिछले महीने सेंट्रल स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन भी किया था। उनका कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से उनकी रोजी रोटी प्रभावित होगी। स्टेशन पर पिछले कई वर्षों से उनकी सेवा चल रही है।

सेंट्रल स्टेशन पर यात्री सुविधा केंद्र चालू होने जा रहा है। यहां यात्रियों को ट्रेन में चढ़ाने, उतारने से लेकर होटल, रेस्टोरेंट और पर्यटन स्थल तक घूमने की सुविधा मिल सकेगी। कंपनी की ओर से एप और हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा।

**संतोष कुमार त्रिपाठी, एसीएम कानपुर सेंट्रल**

# रास्ते में एंबुलेंस हुई खराब ऑटो में प्रसूता ने तोड़ दिया दम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



चकेरी कृष्णापुरम स्थित निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल से कॉडियोलॉजी रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में अस्पताल की एंबुलेंस खराब हो गई। जिस पर परिजन ऑटो से प्रसूता को लेकर अस्पताल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने उम तोड़ दिया। बाद में शव लेकर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस से परिजनों की नोकझोंक हुई। हालांकि पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह परिजनों को शांत कराया।

शिवकटरा फार्म निवासी रजत ने बताया कि वह नगर निगम में ठेका कर्मचारी हैं। पत्नी खुशबू (25) को डिलीवरी के लिए कृष्णा पुरम स्थित निजी अस्पताल में शुक्रवार शाम भर्ती कराया था। महिला डॉक्टर ने बताया कि डिलीवरी ऑपरेशन से होगी। अस्पताल में बताई गई रकम जमा कर दी गई। फिर ऑपरेशन से बेटा हुआ, लेकिन शनिवार देर शाम खुशबू की हालत बिगड़ गई।

डॉक्टर ने उसे अस्पताल की एंबुलेंस से टाटमिल स्थित दूसरे निजी अस्पताल में भेजा, जहां पर खुशबू की हालत गंभीर देख भर्ती करने के मना कर दिया। फिर खुशबू को कार्डियोलॉजी भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया कि रास्ते में जरीबचौकी के पास अस्पताल से भेजी गई एंबुलेंस खराब हो गई। वे ऑटो से खुशबू के लेकर कार्डियोलॉजी पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पीड़ित का आरोप था कि डॉक्टर का मौत के बाद कहना था कि गलती हो गई। अब चाहे, जो कर लो। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजन हंगामा कर रहे थे। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई होगी। फिलहाल पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।

# रिटायर्ड दरोगा और उसके बेटे को डिजिटल अरेस्ट कर 50 हजार ठगे

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



साइबर ठग लगातार पुलिस कर्मी बनकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी कर रहे हैं। इस बार ठगों ने एक रिटायर्ड दरोगा और उसके बेटे को डिजिटल अरेस्ट कर पचास हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने रुपये ट्रांसफर करने के बाद जब बेटे से बात की तो ठगी का पता चला। रिटायर्ड दरोगा ने जाजमऊ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जाजमऊ के तड़बगिया दुर्गा विहार निवासी कुलदीप सिंह के पिता अवधेश सिंह रिटायर्ड दरोगा हैं।

कुलदीप ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एसआई विजय कुमार बताते हुए कहा कि आपके खिलाफ अकबरपुर थाने में रिपोर्ट कराई गई है। अपना फोन स्विच ऑफ कर लीजिए नहीं तो पुलिस लोकेशन पता करके अरेस्ट कर लेगी। कॉल करने वाले बात पर भरोसा कर उन्होंने फोन बंद कर दिया। इस बीच साइबर ठग ने उनके पिता अवधेश को दूसरे नंबर से फोन किया और कहा कि आपका बेटा मादक पदार्थ तस्करी में गिरफ्तार हो गया है।

उसे छोड़ने के लिए 50 हजार रुपये भेजो नहीं तो बेटे को जेल भेज देंगे। इस दौरान उन्हें किसी भी सूरत में बेटे या किसी अन्य की कॉल न उठाने के लिए कहा गया। धमकाया कि अगर बेटे से बात की तो उसे तुरंत जेल भेज देंगे। कुछ समय बाद जब कुलदीप ने फोन किया तो पिता अवधेश ने फोन नहीं उठाया। इस बीच उन्होंने साइबर ठग के बताए बैंक खाते में पचास जार रुपये आरटीजीएस से भेज दिए। रुपये ट्रांसफर करने के बाद बेटे से फोन पर बात की तब ठगी का पता चला। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मोबाइल फोन में छिपी हो सकती है प्रगति की मौत की वजह

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

आईआईटी में फंदा लगा कर जान देने वाली पीएचडी छात्रा प्रगति खरया के मोबाइल फोन में उसकी मौत की वजह छिपी हो सकती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजन किसी पर न तो कोई शक जता रहे हैं और न ही उन्होंने कोई तहरीर दी है। ऐसे में किसी के निजी मोबाइल की चैट या कॉल डिटेल्स की जानकारी जुटाना उचित नहीं है। तहरीर मिलने के बाद मोबाइल का लॉक खुलवाने के लिए उसे फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा।

गुरुवार को प्रगति के शव के पास पुलिस को पांच पन्ने का सुसाइड नोट मिला है। हालांकि उसमें मौत के लिए किसी को दोषी नहीं ठहराया गया। साथ ही मौत की वजह खुद का डिप्रेशन और अकेलापन बताया था। पांच पन्ने वाले सुसाइड नोट के आखिरी पन्ने पर करीबी दोस्त आदिल और समर्थ का भी जिक्र है।

उसके मुताबिक परेशान होने पर समर्थ उसका दुख बांटने में मदद करता था, लेकिन उसे भी काम के चलते दूर होना पड़ा। उसे भी कितनी बार बुलाऊं, वह बहुत दूर रहता है। ये दूरी मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है। लिखा कि मेरा दोस्त आदिल मुझे समझता है, उसे भी कितनी बार अपनी टेंशन बताऊं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-उ0रे0/वाणिज्य-मण्डल |
|---|---|
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 19402-SLR-F2-LKO-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.10.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.10.2024 at 12:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14235-SLR-F2-BSB-BE-22-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.107.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.10.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.10.2024 at 12:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.10.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.10.2024 at 12:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20401-SLR-F1-BSB-LKO-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.10.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.10.2024 at 13:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 30.10.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.10.2024 at 13:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.10.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.10.2024 at 13:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.10.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.10.2024 at 13:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14217-SLR-F1-PYGS-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.10.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.10.2024 at 13:40 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3178/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# भरत मिलाप, राम राज्याभिषेक की लीला के साथ बिठूर दशहरे मेले का हुआ समापन





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर। कानपुर शहर भर में दशहरे मेले का समापन रावण वध के साथ हो जाता है। परंतु ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी बिठूर के मंगलम पार्टी लॉन में चल रहे 11 दिवसीय दशहरे मेले व रामलीला का समापन भरत मिलाप एवं राम राज्याभिषेक के साथ रविवार को हो गया। रविवार की शाम सर्वप्रथम प्रभु श्री राम लक्ष्मण जानकी पवन पुत्र हनुमान की भव्य शोभायात्रा



निकल गई। इस शोभा यात्रा का बिठूर नगर वासियों द्वारा जगह-जगह पर स्वागत किया गया। यह शोभायात्रा शहीद भगत सिंह डिग्री कॉलेज से चलकर मंगलम पार्टी लॉन पेशवा नगर बिठूर पहुंची जहां पर शहीद भगत सिंह ग्रुप आफ एजुकेशन के डायरेक्टर विमल कुमार दीक्षित व मेला व्यवस्थापक अंकुर दीक्षित द्वारा झांकी का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत कलाकारों द्वारा भरत मिलाप व राम राज्याभिषेक की लीला का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुति को देखकर वहां पर मौजूद सभी लोगों की आंखें डबडबा गई। लीला में प्रभु श्री राम की भूमिका निभा रहे हरेंद्र तिवारी, सीता विशाल मिश्रा, भरत मनोज पांडे, लक्ष्मण राम जी पांडे, शत्रुघ्न कृष्णा मिश्रा, हनुमान मिलन अग्निहोत्री, वशिष्ठ धनेश शुक्ला, कौशल्या मंदाकिनी, कैकेई लालू मनचला, विभीषण अजय मिश्रा थे। कार्यक्रम के चलते दशहरा मेला आयोजन विमल कुमार दीक्षित द्वारा बिठूर थाना प्रभारी सहित थाने में तैनात पूरी टीम को राम दरबार के चित्र और अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। 11 दिनों तक चलने वाली लीला में व्यास विनय तिवारी, तबला वादक ललित तिवारी, अंग अमित तिवारी, पद दीपक निगम, बैंजो पर शिव शंकर संगति दे रहे थे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक मंडल की ओर से सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडलाधीश राजू सविता चंद किशोर शुक्ला, शिवदीन द्विवेदी, गंगा शंकर द्विवेदी, ऋषि प्रकाश द्विवेदी मौजूद रहे। लीला का निर्देशन जगमोहन सिंह द्वारा किया गया।

पढ़ें पेज 10 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# कैसे डीप स्टेट भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल है

**बीबीसी दर्शाता है कि अधिकांश ब्रिटिश लोग भारत के बारे में क्या सोचते हैं, उनमें श्रेष्ठता की भावना है और वे भारत को जाति, गाय और करी के रूप में स्टीरियोटाइप करने का आनंद लेते हैं। वे अब भविष्य के हमलों को सही ठहराने के लिए झूठे अत्याचार साहित्य (मानव अधिकारों के साथ) बना रहे हैं। विडंबना यह है कि उनका खुद का मानवाधिकार रिकॉर्ड सबसे खराब है। विदेशी प्रभाव के लिए कोई मानक पैटर्न नहीं है। इसके अस्पष्ट चरित्र को देखते हुए, भारत जैसे खुले लोकतांत्रिक देश में विमर्श युद्ध का मुकाबला करना बहुत अधिक चुनौतीपूर्ण है।**

*भारत में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा किया और भारत में अल्पसंख्यकों के लिए चिंता व्यक्त की। इसके तुरंत बाद, अमेरिकी विदेश विभाग के यूएससीआईआरएफ संस्था ने भारत पर एक विशेष रिपोर्ट जारी की, जिसका शीर्षक था भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते दुर्व्यवहार। यह पश्चिमी देशों द्वारा परिभाषित और निर्मित डीप स्टेट का एक उदाहरण है। ऐसी एजेंसियों को पक्षपाती व्यक्तियों को नियुक्त करते देखना काफी निराशाजनक और शर्मनाक है जो मानवता की कीमत पर व्यक्तिगत लाभ के लिए काम करते हैं। जब भारत की बात आती है, तो वे ऐसी कहानियाँ गढ़ते हैं जो सच्चाई से कोसों दूर होती हैं ताकि मानवता के विकास के लिए लड़ने वाली हिंदुत्व सरकारों और संगठनों को बदनाम किया जा सके। साथ ही, वे बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ किए गए भयानक अपराधों के प्रति अंधे हो जाते हैं। उनमें संयुक्त राज्य अमेरिका में नस्लवाद के सबसे बदसूरत पहलुओं का सामना करने का साहस नहीं है। वे 1990 में कश्मीर घाटी में हिंदुओं के नरसंहार, शहरी नक्सलियों, विदेशी वित्त पोषित कई गैर सरकारी संगठनों, पाकिस्तान और चीन के समर्थन से आतंकवादियों और नक्सलियों द्वारा हजारों निर्दोष नागरिकों और सैनिकों की हत्या, हिंदू मानसिकता में जहर भरकर हिंदुओं को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने और सर तन से जुदा के नारे के साथ हिंदुओं पर पत्थरबाजी और हत्या को व्यवस्थित रूप से भूल जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली वही सरकार सबका साथ, सबका विकास के नारे के तहत काम कर रही है और अल्पसंख्यक केंद्र सरकार की वित्तीय और सामाजिक विकास परियोजनाओं के प्राथमिक लाभार्थी हैं। हालाँकि, डीप स्टेट कभी भी सकारात्मक विशेषताओं को उजागर नहीं करेगा क्योंकि यह वैश्विक बाजार की मतलबी ताकतों की संभावनाओं को खतरे में डाल देगा जो व्यक्तिगत लाभ के लिए पूरी दुनिया पर नियंत्रण करने और दुनिया भर में एक महाशक्ति के रूप में पहचाने जाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक के दौरान वैश्विक स्तर पर भारत के उदय ने भी इन ताकतों को बहुत दुखी किया है। इसलिए वे भारत को अस्थिर करने के इरादे से नियमित रूप से एक भारतीय व्यक्ति को तैनात करते हैं। भारत के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के दौरान, एक ऐसा ही अस्थिर करने वाला बहुरूपीया तयार किया गया था जिसने शाहीन बाग और नकली किसान आंदोलन जैसे हिंसक विरोधों का समर्थन किया था जिसका इस्तेमाल असंतोष को भड़काने के लिए किया गया था। एक और बनने वाला है जो मुख्य रूप से लद्दाख से है। इनमें से कई बंदी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए खतरा बन जाते हैं। लोगों को सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी के पीछे मौलिक, हानिकारक प्रेरणाओं को समझना चाहिए। अगर हम छाया के इस धुंधले खेल में खिलाड़ियों की पहचान नहीं कर सकते या उनकी मंशा को नहीं समझ सकते तो बाधाओं को कम करना व्यावहारिक रूप से असंभव हो जाता है। हम अक्सर पश्चिमी डीप स्टेट और विदेशी लॉबी के बारे में सुनते हैं जो भारत के हिंदू विचारधारा से राष्ट्रहित शासन का विरोध करते हैं, लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को कमजोर करने या यहां तक कि चुनावी नतीजों को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**अब नोएल टाटा को टाटा समूह के धर्मार्थ कार्यो पर फोकस देना होगा। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास, आपदा राहत और कला-संस्कृति जैसे क्षेत्रों में काम करना होगा। टाटा समूह समाज सेवा में एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता रखता है। वह कई दशकों से इन कार्यों में लगातार जुड़ा हुआ है और यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहनी चाहिए। सारे देश को पता है कि टाटा समूह समाज सेवा के माध्यम से सतत विकास में विश्वास रखता है। इसके कार्य न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगे। टाटा समूह के धर्मार्थ कार्य देश के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं।**

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा



आर.के. सिन्हा

**मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे। स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस के नाम से विश्व विख्यात हैं।**

रतन टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदमों पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे, और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह ही धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर ही रहना पसंद करते थे और एक शर्मीले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे। रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी भी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन -पोषण किया। बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ। दरअसल रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें



**वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। रतन टाटा ने वक्त रहते ही टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है।**

व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। रतन टाटा ने वक्त रहते ही टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े ढ्ढ इसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमेन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं। एक बात समझनी होगी कि किसी कंपनी या उद्योग समूह की सफलता का माप केवल उसके वित्तीय प्रदर्शन से नहीं होता है। कंपनी का चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंधन को ग्राहकों, कर्मचारियों, या समाज के साथ ईमानदारी बरतनी चाहिए। रतन टाटा की सरपरस्ती में टाटा समूह ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। रतन टाटा के लिए अपने ग्राहकों को संतुष्ट करना पहली प्राथमिकता रही। उनके चलते उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उच्च मानक रखे गए। वह अपने ग्राहकों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाने में यकीन करते थे। वह ग्राहकों को सुनते और उनकी जरूरतों को समझते थे। रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा। इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में समाज सेवा है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जमशेदजी को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी । शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है ।तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा जो माई डियर जेआरडी के नाम से प्रसिद्ध है। स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज़्यादा धन अर्जित करो और ज़्यादा लोगों को रोज़गार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो।

### एक्सप्रेस कविता

*सुर भी,ताल भी,शहनाई भी*
*कितनी जादूई है तनहाई भी।*
*रोके रोके मोहब्बत,फिर भी ना रुकी।*
*उस पर कितनी बेड़ियां पहनाई भी।*
*सच का सूरज निकलने वाला ही है*
*आंख अब खोलेगी बिनाई(दृष्टि) भी।*

*कब से उसके नाम पर ही खड़ा हूं*
*कितनी बौनी लगे अब ऊंचाई भी।*
*मैंने शायद उसको कर दिया रुसवा*
*जाने कितनी सोची उसने भलाई भी।*
*मुझ जैसे नादान पर दिल दिया था*
*कितनी झेली उसने जग-हसाई भी।*
*कितनी स्निग्ध,कोमल,मोहक थी वो*
*निर्मल जलधारा शीतल पुरवाई भी।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी क़ीमत कम नहीं होती है..!!*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 24:16 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वभाद्रपदा 21:57 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | वृद्धि, 14:07 |
| सूर्योदय: | 06:25 |
| सूर्यास्त: | 17:47 |
| चंद्रमा: | कुंभ राशि में |
| राहुकाल: | 14:56-16:22 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | आश्विन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:43 -12:29 |

## जन एक्सप्रेस

### खड़े हुए सवाल !

*अराजकता - अफरातफरी ।*
*जारी है बवाल ।।*
*बढ़ रहा तनाव पल पल ।*
*खड़े हुए सवाल ।।*
*ये कैसा व्यवहार है ?*
*कौन जिम्मेदार ।।*
*थी कैसी तैयारी ।*
*क्या उसका आधार ।।*
*बिगड़ गए हालात ।*
*रोक नहीं पर पाए ।।*
*शांति और खुशहाली ।*
*टेढ़ी आंख दिखाए ।।*
*होगा देना उत्तर ।*
*राह नहीं आसान ।।*
*लेकिन खाया चोट ।*
*ये अपना सम्मान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है पोहा



**आज** के समय में लोग अपने खान-पान का बेहद खास ध्यान रखते हैं। खासकर अपने नाश्ते में ऐसी चीजों को शामिल करना पसंद करते हैं जो हेल्दी होने के साथ आपके पेट को देर तक भरा रखने में मदद कर सके। इन ब्रेकफास्ट ऑप्शन्स में पोहा भी शामिल है। पोहा एक भारतीय नाश्ता है, जो अपनी हल्की बनावट और पोषक तत्वों के लिए जाना जाता है।

**पोहा खाने से क्या फायदा होता है?:** पोहा पोषक तत्वों से भरपूर फूड है, जो आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन से भरपूर होता है। यह एक ग्लूटेन-फ्री फूड भी है, जो आसानी से पच जाता है और आपके शरीर को एनर्जी देने के साथ देर तक भरा रखने में मदद करता है। पोहा पेट के लिए हल्का भोजना है, जो हल्का खाना तलाश करने वालों के लिए एक हेल्दी विकल्प भी है। पोहा में कैलोरी की मात्रा कम होती है, जो वजन कम रखने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए भी एक अच्छा ऑप्शन है। पोहा में मौजूद आयरन की मात्रा शरीर में हेल्दी ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देते हैं और एनीमिया को रोकने में मदद करते हैं, जबकि इसमें मौजूद प्रोटीन मांसपेशियों को ठीक करने और उनके बेहतर विकास में मदद करते हैं।

**किन लोगों के लिए पोहा फायदेमंद होता है?:** आयुर्वेद में पोहा कफवर्धक होता है, जो कफ को बढ़ाता है और वात-पित्त को कम करता है। ऐसे में जिन लोगों के शरीर में पहले से ही कफ बढ़ा हुआ है, उन्हें पोहा खाने से बचना चाहिए या इसमें कई ऐसे मसाले शामिल करने चाहिए जो कफ को संतुलित करने में मदद कर सकें। अपने कफ-बढ़ाने वाले स्वभाव के कारण, पोहा पौष्टिकमाना जाता है, लेकिन इसे सीमित मात्रा में खाना चाहिए, क्योंकि ज्यादा खाने से आपके शरीर में भारीपन और अपच की समस्या भी हो सकती है। कफ-बढ़ाने वाले गुणों को संतुलित करने के लिए आप जीरा, हल्दी, सरसों के बीज और करी पत्ते जैसे मसाले मिलाकर पोहा का सेवन करें, जो पाचन में मदद करता है। जिन लोगों का वात दोष बढ़ा हुआ है, उनके लिए मूंगफली या जलेबी जैसी मीठी डिश के साथ पोहा खाना फायदेमंद होता है।

**निष्कर्ष:** पाचन लाभों को बढ़ाने के लिए, आप पोहा को सीमित मात्रा में खाएं और इसे गर्म पानी या छाछ के साथ खाने की कोशिश करें, जो गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है। दोषों को समझते हुए अपनी डाइट में पोहा शामिल करना आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता के सवाल



हृदयनारायण दीक्षित

**यूरोपीय औषधि वैज्ञानिकों ने अपोलो जैसे देवता के सामने संकल्प लेने की बात कही है। चरक ने आयुर्विज्ञान में इंद्र को महत्व दिया है। जैसे इंद्र वैदिक काल के प्रतिष्ठित देवता हैं वैसे ही यूनान के देवता अपोलो। रचना काल में तमाम रोगों और औषधियों की जानकारी थी।**

**तय किया गया कि भारद्वाज इंद्र के पास जाएं और रोग दूर करने की जानकारी लें। तमाम विद्वानों से ज्ञान लेकर इस सभा को बताएं। भारद्वाज ने यह ज्ञान आत्रेय को बताया और आत्रेय ने अग्निवेश को। इस कथा से पता चलता है कि प्राचीन काल में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण था। चरक संहिता में पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, अग्नि, देश, काल और मन के साथ आत्मा को भी द्रव्य बताया गया है।**

**नैतिकता** विशिष्ट जीवन मूल्य है। सभ्यता के प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा का विकास भी होता रहा है। मनुष्य ने मिलजुल कर रहने की आवश्यकता अनुभव की थी। इतिहास के पाषाण काल से लेकर अब तक लगातार नए भूक्षेत्रों और चिंतन अनुशासन की खोज जारी है। एक यूनानी इतिहासकार ग्रोट ने लिखा था कि किसी देश में संविधान सर्वोच्च सत्ता होता है। लोग गलत कामों से डरते हैं। इसलिए वे कानून तोड़ने का साहस नहीं कर पाते। समाज के बड़े हिस्से के अंतःकरण में नैतिक निष्ठा रहती है। भारत में नैतिकता आदर्श मानी जाती है। तो भी सम्यक नैतिकता का पालन एक वर्ग द्वारा नहीं किया जाता। 'नैतिक' निष्ठा वाले समाज परंपराएं आगे बढ़ाते रहते हैं। संप्रति चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता के सवाल उठ रहे हैं। औषधियों के निर्माता अपने ब्रांड को श्रेष्ठ और अन्य ब्रांडों को बेकार बताते हैं। कुछ समय पहले पतंजलि कम्पनी द्वारा नए उत्पादों की घोषणा की गई। अनेक असाध्य रोगों के ठीक हो जाने का दावा किया गया। इनमें तमाम स्वस्थ हुए होंगे और तमाम लोगों को चिकित्सा से निराशा हुई होगी। ऐसे तमाम मामले न्यायालयों का विषय बने। 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने भी अपना पक्ष रखा। चिकित्सक अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों का प्रचार करने और सही ठहराने के प्रयास में रहे। यह अनुचित था। चिकित्सा उत्पाद साधारण दवा नहीं होते। अनुशासन में रहते हुए इनका सेवन उपयोगी होता है। औद्योगिक प्रबंधनों द्वारा दिए गए विज्ञापन और प्रचार से रोगी प्रभावित होते हैं। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एन.सी.डी.आर.सी) ने हाल ही में जॉनसन एंड जॉनसन लिमिटेड पर 35 लख रुपए का जुर्माना लगाया है। आरोप है कि कम्पनी द्वारा निर्मित दोषपूर्ण हिप रिप्लेसमेंट डिवाइस से रोगी को तमाम जटिलताएं झेलनी पड़ी। भारत में चिकित्सक को भगवान जैसा आदर मिलता रहा है। तमाम चिकित्सक ऐसे होते भी हैं। उनमें सेवा भाव रहता है। वह अपने विषय के विशेषज्ञ भी होते हैं। मैं न्यूरोलॉजी के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ पद्मश्री डॉक्टर सुनील प्रधान (लखनऊ) का उल्लेख कर सकता हूं। वह रोगी के प्रति ममत्व भाव रखते हैं और अपने कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा। वे विरल हैं। सरल हैं। कठोर हैं और मुलायम भी हैं। ऐसे तमाम चिकित्सक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान उनके कर्तव्य प्रशंसनीय रहे हैं। मगर एक बड़ा हिस्सा चिकित्सा को उत्कृष्ट सेवा धर्म नहीं मानता। सरकारों द्वारा संचालित अस्पताल पर्याप्त नहीं हैं। इन अस्पतालों की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। रोगी के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार नहीं होता। इसका दुष्परिणाम सामने है। महानगरों में हजारों निजी अस्पताल बढ़े हैं। इनमें रोगियों को अच्छा व्यवहार मिलता है। लेकिन भारी-भरकम पैसा वसूली साधारण बात है। निजी अस्पताल अच्छी आमदनी देने वाला व्यवसाय हो गया है। सो निजी अस्पतालों की भीड़ है। चिकित्सा मानवता के प्रति प्रत्यक्ष सेवाभाव है। चिकित्सकों कोंं 'हिप्पोक्रेटिक ओथ' दिलाई जाती है। उच्च आदर्शों के लिए दीक्षांत समारोह के दौरान यह शपथ दोहराने की परंपरा है। शपथ के प्रत्येक वाक्य का संबंध चिकित्सा नैतिकता से है। परोपकार भी इस शपथ का भाग है। इसमें उपचार के दौरान रोगी के स्वास्थ्य और कल्याण की प्राथमिकता सम्मिलित है। चिकित्सा संबंधी उपकरण आपूर्ति करने वाली कंपनी को भी इस नैतिकता से जोड़ा गया है। रोगी से संबंधित जानकारी की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करना इस नैतिकता का हिस्सा है। चिकित्सकों और मरीजों के बीच विश्वास की कमी का उल्लेख है। सरकारी अस्पतालों में कार्यरत तमाम डॉक्टर घर पर निजी प्रैक्टिस करते हैं। मरीज के परिजन परेशान रहते हैं। आधुनिक चिकित्सा पद्धति वैज्ञानिक है। लेकिन शपथ संकल्प में देवताओं और देवियों का उल्लेख भी किया गया है। अपोलो यूनान के देवता हैं। उनके साथ प्रतिष्ठित देवियों को भी गिना गया है। वे जुड़वां हैं। शपथ का सम्बंध निजी संकल्प से होता है। चिकित्सा क्षेत्र में प्रगाढ़ संकल्प की आवश्यकता है। विधायक, सांसद, मंत्री और न्यायपालिका में भी शुद्ध अंतःकरण से काम करने की शपथ ली जाती है, लेकिन शपथ के परिणामों से सारा देश अवगत है। प्राचीन भारत की चिकित्सा परंपरा अनूठी है। सबकी इच्छा होती है कि हम स्वस्थ रहें। दीर्घायु पाएं। लेकिन रोग बढ़े हैं। नए रोगों की संख्या बढ़ी है। जल और वायु प्रदूषित है। रोग हो जाने के बाद उपचार के लिए चिकित्सक की शरण में जाते हैं। लेकिन भारत में रोग होने के पहले ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग विज्ञान और संयमित जीवन की आदर्श आचार संहिता है। इसीलिए भारतीय चिकित्सा पद्धति को आयुर्वेद कहा गया है। यह स्वस्थ आयु का विज्ञान है।

# सीएम डैशबोर्ड, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश

- डीएम बोली, सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में करे सुधार, दिखाये गंभीरता
- डीएम ने अफसरों से जाना कैसे बेहतर करेंगे रैंकिंग

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



शासन से निर्धारित सीएम डैशबोर्ड एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने बेसिक शिक्षा, एनआरएलएम, समाज कल्याण, पर्यटन, उद्योग विभाग के कार्यों में अपेक्षित (संतोषजनक) प्रगति न होने पर नाराजगी प्रकट की संबंधित विभाग के जिम्मेदार अफसरो का स्पष्टीकरण तलब किया।

बैठक में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर जिलों में चल रही सरकार की सभी योजनाओं, सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की।डीएम ने कहा कि इस माह की सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में 18 नंबर का सुधार करते हुए जिला 25 नंबर पर आया है। अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार करे। उसमें गंभीरता दिखाये। सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को टीम भावना के रूप में काम करना चाहिए और अपने जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने का पूरा प्रयास करना चाहिए। डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों को सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग पर नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि रैंकिंग का खराब होना विभागीय अधिकारियों की लापरवाही परिचायक होगा। जिन विभागों की प्रगति निम्न श्रेणी में है, उसे उच्च श्रेणी में लाया जाए। सुधार ना दिखाने वाले अफसरो से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे, अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को निस्तारित करें, जो भी परियोजनाओं का निर्माण कार्य चल रहा है उसकी प्रगति में सुधार लाये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन जिलों की प्रगति अच्छी है वहां के अपने समकक्ष अधिकारी से बात करें, उनसे सीख लेते हुये अपने यहां भी बेहतर परिणाम लाकर दिखायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सीएम डैशबोर्ड की बैठक में जिन विभागों की डी रैंकिंग पायी जायेगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि सात योजनाओं में गत माह से चालू माह में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर उच्च ग्रेड प्राप्त किया है।

वही पीएम आवास (ग्रामीण)/ सीएम आवास (ग्रामीण) की प्रगति में कमी आई है। बेसिक शिक्षा, एनआरएलएम, समाज कल्याण, उद्योग विभाग के कार्यों में अपेक्षित (संतोषजनक) प्रगति न होने पर डीएम ने नाराजगी प्रकट की।

### डीएम ने की रू. 50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

रू. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशासकीय विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री अनुश्रवण प्रणाली सीएमआईएस डैश बोर्ड का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें तथा सभी कार्यदाई संस्थाएं अद्यतन प्रगति की सूचना अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि जनपद की रैंक प्रभावित न होने पायें।डीएम ने निर्देश दिए कि अफसर अंतर्विभागीय समन्वय, तालमेल बनाते हुए समस्या का समाधान करे। मीटिंग में उन्ही समस्या को रखे जो उनके स्तर से हल नहीं हो रही है। जिन परियोजनाओं में 90 फ़ीसदी काम पूरा हो चुका और धनाभाव नहीं है। उन परियोजनाओं को इस माह के अंततक प्रत्येक दशा में संबंधित विभाग को हैंडओवर किया जाए। प्रशासकीय विभागो व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि लीडरशिप अप्रोच रखकर नियमित फील्ड विजिट करें, इससे काम की प्रगति बढ़ेगी। अपने स्तर पर माइक्रो लेवल पर भी नियमित समीक्षा कर गुणवत्ता के साथ ससमय परियोजनाओं को पूर्ण कराए।समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि शतप्रतिशत धनराशि अवमुक्त होने के बाद 17 कार्यों में वर्किंग एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण न करने को गंभीरता से लिया। नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाई।आठ कार्यों में चार माह से अत्यंत धीमी प्रगति को लेकर गहरी नाराजगी जताई। 14 पूर्ण कार्यों में इन्वेंटरी भेजने के बावजूद संबंधित विभाग को हस्तगत न कराए पर कारण जाना।निर्देश दिए कि यथाशीघ्र कार्य को हस्तगत कराया जाए।

# पिंजरे में कैद हुआ शिकारी तेंदुआ

- वन विभाग की टीम को मिली सफलता

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



जनपद में इस समय तेंदुए का खौफ था। अभी तक लाखों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कई टीमें तेंदुए को पकड़ने के लिए लगी हैं, लेकिन अभी भी सफलता नहीं मिल पाई है।वहीं, वन विभाग द्वारा लगातार तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाए गए थे। ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की जा रही थी।लखीमपुर जनपद के शारदा नगर वन क्षेत्र में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ। इस इलाके में तेंदुए ने पांच अक्टूबर की रात गांव गंगाबेहड़ के निवासी बालक को मार डाला था. इस घटना के बाद जमकर बवाल हुआ था।वन विभाग द्वारा तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रयास लगातार जारी थे। इंदिरा पार्क से करीब दो-तीन किलोमीटर दूर लगाए गए पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ। बरसात के मौसम में जंगलों में पानी भर जाने के कारण वन्य जीव रिहायशी इलाकों तक पहुंचने लगते हैं, जिसके कारण घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में शारदा नगर वन क्षेत्र में लगातार तेंदुआ घुस आया था और क्षेत्र में लगातार जंगली जानवरों व लोगों पर हमला भी कर रहा था।तेंदुए के खौफ के कारण किसान अपने खेतों की ओर नहीं जा पा रहे थे। वहीं, वन विभाग द्वारा लगातार तेंदुए को पकड़ने के लिए ड्रोन कैमरों के साथ-साथ थर्मल ड्रोन कैमरों की भी मदद ली गई थी। वन विभाग की टीम की काबिंग में बड़ी कामयाबी मिली है। वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में आखिरकार तेंदुआ फंस ही गया. तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। मेडिकल परीक्षण के बाद उसे जंगल में छोड़ा जाएगा। तेंदुए के पिंजरे में फंसने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वहीं, वन विभाग की टीम ने दो आदमखोर तेंदुओं को पकड़ लिया है?। दुधवा नेशनल पार्क में बाघ और तेंदुए की संख्या में इजाफा भी हो रहा है।

## रामलीला तीर्थ पर हुआ सजीव मंच अधिकारियों सहित हजारों लोगों ने भाग लिया



जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी

**लहरपुर।** रामलीला कमेटी की तरफ से आयोजित प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रोग्राम किया गया जिसका सभी ने दिल खोलकर स्वागत किया यहां का सेतु मंचन पूरे जनपद में आकर्षण का केंद्र रहता है जिसमें विशेष रूप से उमेश मेहरोत्रा अपने सहयोगियों के साथ सेतु निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाते हैं विजयादशमी के पावन पर्व पर हजारों की संख्या में क्षेत्र और नगर के लोगों ने भाग लिया सारा वातावरण जय श्री राम के नारों से वातावरण को भक्ति मय बना रहा था श्री राम ने रामेश्वरम शिव की पूजा उपासना के उपरांत जैसे ही सेतु पर कदम रखा जयकारो का उद्घोष गूंज उठा तथा युद्ध के लिए लंका को प्रस्थान कर गया पुलिस बल विशेष रूप से सक्रिय रहा जिसमें कोतवाली प्रभारी क्षेत्राधिकारी उप जिलाधिकारी अध्यक्ष नगर पालिका पत्रकार तथा क्षेत्र और नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हादसा : घर के बाहर खेल रहे बच्चे को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, मौत



जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी

कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में शनिवार को दुर्घटना में एक डेढ़ वर्षीय बच्चे की मौके पर मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अमीर नगर चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी ने शव का पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय पोस्ट मार्टम के लिए भेजा।कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गफ्फार नगर निवासी पंकज कुमार मौर्य ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके छोटे भाई रिंकू मौर्या का डेढ़ वर्षीय पुत्र बिहान मौर्या घर के सामने खेल रहा था तभी उसके पड़ोसी प्रदीप मौर्य ने लापरवाही पूर्वक तेज स्पीड से ट्रैक्टर लाकर टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मासूम बच्चे की मौत से पूरे परिवार एवं गांव में मातम छा गया सारी खुशियां लुट गई।

बताते चलें कि इससे पहले भी रिंकू को 1 पुत्र हुआ था और वह 3 महीने के अंदर ही खत्म हो गया था।पहले बच्चे की मौत हो जाने के बाद पहले से ही पूरा परिवार गमगीन माहौल में जी रहा था। जब दूसरा बच्चा हुआ तब परिवार में थोड़ी खुशियां आई लेकिन वह खुशियां भी काल के गाल में डेढ़ साल के अंदर ही समा गई। बेचारे मां-बाप का सहारा चला गया जिस मासूम बच्चे की किलकारियों से घर आबाद होता था उसकी असमय मृत्यु हो जाने से पूरा घर मातम मना रहा है। मां-बाप सहित परिजनों का रो रो बुरा हाल है।रिंकू मौर्या और प्रदीप कुमार मौर्य दोनों पड़ोसी हैं दोनों के मकान की दीवार भी एक ही है।अमीरनगर चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# भाजपा जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता संबंधी कार्यशाला आयोजित हुई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नीरज सिंह ने सक्रिय सदस्य बनने के लिए पार्टी द्वारा बनाए गए फॉर्मेट एवं क्रियाविधि के विषय में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है आज समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करके नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ रहे हैं जिसका प्रत्यक्ष लाभ आने वाले चुनाव में पार्टी को ठीक उसी प्रकार मिलेगा जैसा कि हरियाणा विधानसभा में भाजपा को मिला है। कार्यक्रम को सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व के समय में जब टेक्नोलॉजी आज की अपेक्षा में कम विकसित थी तब हम सब कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से रुपये 5 का शुल्क लेकर प्राथमिक सदस्य बनाते थे तत्पश्चात पदाधिकारी व समर्थक सक्रिय सदस्य बनकर पार्टी की सेवा करते थे उन्होंने कार्यकर्ताओं से बचे दिनों में कार्य की स्पीड बढ़ाने का आवाहन किया कार्यक्रम को बिसवां विधायक निर्मल वर्मा क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा लहरपुर के पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने संबोधित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा अपने उद्बोधन में पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आवाहन किया गया की शेष बचे दिनों में सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक अपनी ऊर्जा सदस्यता अभियान के प्रति समर्पित करें और ज्यादा से ज्यादा सदस्य बना कर पार्टी को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। जिला अध्यक्ष ने सभी मोर्चों व मंडलों के अध्यक्षों से पार्टी का टारगेट पूरा कर दिशा निर्देशों के पालन करने का आवाहन भी किया। इस अवसर पर व्यक्तिगत रूप से 14000 सदस्य बनाने वाले लहरपुर के पूर्व विधायक सुनील वर्मा को जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला जिला प्रभारी नीरज सिंह व अन्य पार्टी नेताओं द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सदस्यता प्रमुख सुधाकर शुक्ला ने सभी पदाधिकारीयों से सदस्यता की संपूर्ण प्रक्रिया के तहत अपने लक्ष्य को पूरा करने की बात कही कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर द्वारा किया गया इस अवसर पर महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष गोदावरी मिश्रा संजय मिश्रा नैमिष रतन तिवारी सचिन मिश्रा, कंचन प्रभा पांडे, जितेंद्र मेहरोत्रा अजय विश्वकर्मा, नीरज वर्मा राकेश त्रिपाठी, उदित बाजपेई, अजय भार्गव विष्णु मौर्य रोहित सिंह आकाश अग्रवाल सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायक योगेश वर्मा के समर्थन में उतरे सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा

- अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के चुनाव के दौरान हुई थी पिटाई

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के चुनाव के दौरान भाजपा विधायक योगेश वर्मा पर हुए हमले के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। घटना के बाद उनके रिश्तेदार और सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा भी उनके समर्थन में आ गए हैं। दोनों के बीच चाचा-भतीजे का रिश्ता बताया जा रहा है।हालांकि, इससे पहले सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा ने योगेश वर्मा पर कई व्यक्तिगत टिप्पणियां की थीं, यहां तक कि उन्हें चिप्पड़ विधायक तक कहा था। लेकिन जब अधिवक्ता अवधेश सिंह ने योगेश वर्मा को थप्पड़ मार दिया, तो सपा सांसद उनके साथ खड़े नजर आ रहे हैं।चुनाव की तारीख नजदीक आते ही चार भाजपा विधायकों और जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने गन्ना समिति की चुनावी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए चुनाव को स्थगित करने की मांग की थी।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भी भेजा गया, लेकिन चुनाव स्थगित नहीं हुआ।

बुधवार को आपत्तियों का निस्तारण चल रहा था कि तभी किसी ने चस्पा सूची फाड़ दी। इस खबर के बाद विधायक योगेश वर्मा बैंक पहुंचे और अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने आरओ-एआरओ पर चुनावी धांधली का आरोप लगाते हुए धमकी दी कि अगर उनकी कार्यशैली नहीं बदली, तो धरना देंगे।

थप्पड़ कांड ने बढ़ाई सियासत बुधवार को नामांकन के दौरान अधिवक्ता अवधेश सिंह ने भाजपा विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मार दिया।इसके बाद माहौल गरमा गया और अब इस थप्पड़ कांड ने लखीमपुर से लेकर प्रदेश तक सियासत को गर्मा दिया है। विधायक के समर्थन में स्थानीय व्यापारी, कुर्मी संघ और कई अन्य नेता सामने आ गए हैं। लेकिन अब तक प्रदेश के मुख्यमंत्री या भाजपा के किसी बड़े नेता का इस मामले पर कोई बयान नहीं आया है।

### विधायक को थप्पड़ मारने पर अखिलेश यादव ने किया रुख साफ

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में तबदील हो गया था।लेकिन अब लखीमपुर थप्पड़ कांड की गूंज दिल्ली तक पहुंचे गई है और उसके बाद एक्शन शुरू हो गया है।लेकिन इस बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पहली प्रतिक्रिया दी है।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के लोग मनमानी कर रहे हैं।लखीमपुर में विधायक के थप्पड़ मारा गया, क्या कार्रवाई हुई बताइए?

# विधायक योगेश वर्मा के साथ दर्जनों एमएलए सतीश महाना संग करेंगे मुलाकात



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थप्पड़ कांड को पांच दिन भी जाने के बाद लखीमपुर खीरी के भाजपा विधायक योगेश वर्मा करीब 25 विधायकों के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलने लखनऊ पहुंचे हैं। विधायकों का प्रतिनिधिमंडल शाम पांच बजे विधानसभा अध्यक्ष की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेगा।हालांकि खीरी जिले से अभी कोई विधायक उनके साथ नहीं पहुंचा है। जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि पांच बजे मुख्यमंत्री जी ने मिलने का समय दिया है। तब तक यहां से भी विधायकों जाने की संभावना है। 9 अक्टूबर को अर्बन कोऑपरेटिव बैंक चुनाव के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने भाजपा विधायक योगेश वर्मा की पिटाई कर दी थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। विधायक की तहरीर पर चार दिन बाद भी आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसी बीच रविवार को करणी सेना द्वारा किए गए शस्त्र पूजन कार्यक्रम में अवधेश सिंह को भी बुलाया गया था। जैसे ही अधिवक्ता अवधेश सिंह मंच पर पहुंचे तो उनके स्वागत में देखो देखो कौन आया शेर आया शेर आया के नारे लगाए गए थे।जिले के विधायक भी पहुंच सकते हैं लखनऊ भाजपा विधायक योगेश वर्मा के साथ हालांकि अभी जिले का कोई विधायक नहीं गया है, लेकिन शाम तक विधायकों के लखनऊ पहुंचने की संभावना है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि पांच बजे मुख्यमंत्री जी के साथ बैठक है, तब तक लखीमपुर से विधायकों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

## लापता युवती का गन्ने के खेत में मिला शव

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रामपुर कलां क्षेत्र में दो दिन पहले लापता हुई युवती का शव शनिवार शाम संदिग्ध हालात में गन्ने के खेत में पड़ा मिला। उसके पिता ने एक युवक पर बेटी को फुसलाकर साथ ले जाने का केस दर्ज कराया था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र के मुताबिक नेगुलापुर गांव निवासी प्रीति (22) नौ अक्तूबर को घर से लापता हो गई थी। पिता ने रोहित नाम के युवक पर प्रीति को बहलाकर साथ लेकर चले जाने का आरोप लगाया था। 10 अक्तूबर को केस दर्ज कर लिया गया था। शनिवार शाम चार बजे प्रीति का शव घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी पर असइसा गांव में खड़ंजे के पास गन्ने के खेत में पड़ा मिला। शव दो दिन पुराना लग रहा है। इसलिए चोट के निशान स्पष्ट नहीं हो पा रहे हैं। इधर, परिजनों ने शरीर पर चोट के निशान होने के साथ ही हत्या की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र के मुताबिक आरोपी रोहित को पकड़ने के लिए पुलिस की दो टीमों को लगाया गया है। साथ ही प्रीति व आरोपी के नंबरों की कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही हैं। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

# सोने चांदी जेवरात व नकदी सहित दो शातिर अतंर्जपदीय टप्पेबाज पुलिस गिरफ्त में आये

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी, नकबजनी, टप्पेबाजी आदि जैसी घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए घटनाओं के खुलासे व संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिये गये है।

क्षेत्राधिकारी नगर अमन कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दो शातिर अंतर्जनपदीय टप्पेबाज शहजाद पुत्र मकदूम अली नि मोहल्ला यासीन गंज थाना शहादत गंज जनपद लखनऊ व कल्लू उर्फ शहीद आलम पुत्र स्व सलीम नि. मोहल्ला यासीन गंज थाना शहादत गंज जनपद लखनऊ को रोटी गोदाम तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनसे कुल 11,000/- रुपये नकदी, दो अंगूठी पीली धातु ,एक चैन पीली धातु, एक जोडी पायल सफेद धातु, चार मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बजाज पल्सर बरामद हुए है। बरामदगी के संबंध में अभियुक्तो ने पूछताछ में बताया कि हम दोनो राह चलते अनपढ़ व सीधी सादी महिलाओं की रैकी कर उन्हें अपने जाल में फंसा कर उनसे धोखाधड़ी कर गहना व जेवर ले लेते हैं व मिले रुपयो, जेवर को बेचकर अपना जीवनयापन करते हैं। हम दोनो ने सीतापुर शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में एक अकेली महिला को अपने झांसे में लेकर उसके घर जाकर सोने चांदी के जेवरात व नगदी ले ली थी और मौके से भाग गये थे। उक्त बरामद हुए बचे हुए शेष आभूषण व शेष बचे 4,500/- रुपए उसी महिला के है। तथा हम दोनों ने जनपद पीलीभीत के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में ओजस्वी अस्पताल के पास एक महिला से उसके घर में शनि का प्रकोप बताकर कष्टों के निवारण हेतु उपाय बताते हुए धोखाधड़ी कर महिला के पहने हुए कान के टॉप्स, कुंडल, चैन आदि उतरवा कर वहां से भाग गये थे। सारा जेवर हमने कानपुर नगर में चौक सराफा नारियल बाजार में बेच दिए थे। बेचे गये माल से मिले रूपये में से कुछ रुपये खर्च हो गये व उसी में से बचे हुए रुपये 6,500/- है। तथा पूर्व में दोपहर में शहर लाल कपड़ा कोठी के पास एक महिला के साथ धोखाधड़ी करके कुछ जेवरात लिए थे जिसे हम दोनों ने कानपुर नगर में ही बेच दिए थे। घटनाओं के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत परिवहन विभाग ने चलाया अभियान



जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर सिंह



**सीतापुर।** आज सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के 13वें दिन परिवहन विभाग द्वारा वाहन चलाते समय सीटबेल्ट प्रयोग न करने एवं एचएसआरपी नम्बर प्लेट न लगे वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत 08 बिना सीटबेल्ट के संचालन एवं 16 बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगे वाहनों एवं 17 वाहन अन्य अभ्रिय सहित कुल 41 वाहनों का चालान किया गया। यात्री/मालकर अधिकारी एम0ए0 अहमद ने बताया कि चार पहिया वाहन चालक द्वारा सीटबेल्ट का प्रयोग न करने पर दुर्घटना के समय चालक का शरीर तेजी से आगे की ओर जाकर कार के अंदर की किसी चीज से टकरा सकता है, जैसे कि स्टीयरिंग, डैशबोर्ड, या विंडशील्ड से। इस टकराव से सिर, छाती और हड्डियों में गंभीर चोट लग सकती है जिससे चालक को गम्भीर चोटें या मृत्यु हो सकती है। सीटबेल्ट पहनने का का प्राथमिक लक्ष्य ड्राइवर को अपनी जगह पर बनाए रखना और दुर्घटना के दौरान उसकी सुरक्षा करना है। सीटबेल्ट लगाने से दुर्घटना में मृत्यु की संभावना को 50 प्रतिशत तक कम हो जाती है। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि सेंट्रल मोटर व्हीकल एक्ट 1989 के नियम 50 के मुताबिक 1 अप्रैल 2019 को या उसके बाद खरीदे गए सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन पाए जाने पर पहली बार 5000 रुपये, दूसरी बार 10 हजार रुपये का जुर्माना देने होगा। उन्होने बताया कि भ्पही ैमबनतपजल त्महपेजतंजपवद च्संजम (भ्ैत्च्) एक एल्यूमीनियम निर्मित नंबर प्लेट होती है जो वाहन के फ्रंट और रियर में लगाई जाती है। इसमें यूनिक कोड होता है। अप्रैल 2019 से पहले उपलब्ध नंबर प्लेटों के साथ छेड़छाड़ करना आसान था और उन्हें आसानी से हटाया और बदला जा सकता था। इसके चलते वाहन चोरी की घटनाऐं अधिक होती थी।

### भाजपा विधायक को थप्पड़ मारने वाले अवधेश सिंह का करणी सेना ने किया सम्मान



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। करणी सेना के हवन और शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को नौरंगाबाद के चंदेल लॉन में किया गया। मंच पर बैठे नेता भाषण दे रहे थे। इसी दौरान विधायक को थप्पड़ मारने वाले जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह पहुंचे तो उनके आते ही देखो-देखो कौन आया, शेर आया, शेर आया के नारे लगने लगे। इस नारे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। जैसे ही उनका स्वागत शेर कहकर किया गया, सोशल मीडिया पर लोगों ने इस पर प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दीं। लोगों ने नारों को विधायक को चिढ़ाने की कोशिश बताया। कई लोगों ने इसे खुलेआम दबंगई का प्रतीक लिखा। वहीं कुछ इसे राजनीतिक प्रतिद्विंता बता रहे हैं।

### जानवर चोरी करने वाले गिरोह का दस हजार का इनामियां वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गुरुवार को थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-304/2024 धारा 303(2)/317(2)/317(4) बीएनएस में वांछित तथा दस हजार का इनामिया अभियुक्त आदिल

## एक्सप्रेस खबरें...

### दरोगा की वर्दी पहनकर चोरी करने वाले पकड़े गए



**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** रेलवे स्टेशन और ट्रेन में दरोगा बनकर चेकिंग के नाम पर चोरी करने के दो आरोपितों को जीआरपी पुलिस गिरफ्तार कर कार्यवाही में जुट गई है। पुलिस आरोपितों के पास से चोरी के मोबाइल फोन बरामद भी कर ली है। सभी आरोपितों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां न्यायालय ने जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की पहचान मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के पंडितपुरवा निवासी विनोद माली व कैंपियरगंज के महावनखोर निवासी रिंकू उर्फ नागेंद्र के रूप में हुई है। जीआरपी के अनुसार रविवार को मुखबिर की सूचना पर गेट नंबर एक के पास से दोनों आरोपियों को पकड़ा दोनों दरोगा की वर्दी पहने हुए थे। इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि दरोगा की वर्दी पहनने की वजह से यह जिस किसी को भी रोकते थे, वह आसानी से पुलिस समझ कर रुक जाते थे। फिर यह लोग घटना को अंजाम देते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दरोगा बताते हुए ट्रेनों व प्लेट फार्म पर से आने जाने वाले व्यक्तियों को झांसा देकर इनकी मोबाईल चोरी कर लेते थे और चोरी के मोबाइल फोन को यात्रियों को बेच देते हैं।

### दोस्ती का फायदा, लड़की का नहाते बनाया वीडियो

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** एक युवक ने दोस्ती और भरोसे का नाजायज फायदा उठाकर एक लड़की का नहाने के दौरान का वीडियो बना लिया। इसके बाद युवक लड़की को संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करने लगा। डिमांड के पूरा न होने पर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। इससे परेशान होकर पीड़िता पुलिस के पास पहुंची। अब पुलिस युवक के खिलाफ रपट दर्ज कर जांच में जुट गई है। सूत्र बताते हैं की मूल रूप से बिहार के गोपालगंज की रहने वाली ये लड़की शहर के खोराबार थाना क्षेत्र के सूबा बाजार क्षेत्र में किराए पर कमरा लेकर रहकर पढ़ाई करती है। उसका कहना है कि उसकी मुलाकात कुशीनगर में रहने वाले बिहार के एक युवक से हो गई थी। एक राज्य का होने के वजह से इन दोनों के बीच बातें होने लगीं और वह युवक के साथ थोड़ा घुल मिल गई। फिर एक बार परीक्षा देने के दौरान वह युवक के घर चली गई थी। उसी दौरान युवक ने नहाते हुए उसका वीडियो बना लिया था। अब उसे वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाने को ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस तहरीर के आधार पर सुपौल (बिहार) के पिपरा थाना के निर्मली के रहने वाले युवक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### विश्व एनेस्थीसिया दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** विश्व एनेस्थीसिया दिवस 16 अक्टूबर की परंपरा को जारी रखते हुए, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के एनेस्थीसिया विभाग ने आज ओपीडी ब्लॉक के भूतल पर सुबह 7 से 8 बजे तक रोगियों और उनके परिजनों के लिए एक सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में टीम ने लाइव प्रदर्शन के माध्यम से सीपीआर तकनीकों का परिचय दिया और उपस्थित लोगों के सवालों के उत्तर दिए। कार्डियोपल्मोनरी रेससिटेशन एक जीवन रक्षक आपातकालीन प्रक्रिया है। यदि हृदयाघात के तुरंत बाद ष्टक्क्र दी जाती है, तो यह व्यक्ति के जीवित बचने की संभावना को दोगुना या तिगुना कर सकती है, क्योंकि यह मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों तक रक्त प्रवाह को बनाए रखती है, जब तक कि पेशेवर चिकित्सा सहायता उपलब्ध न हो जाए। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, प्रोफेसर अजय सिंह ने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी। विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम वर्धन ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं और बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से जीवन रक्षक तकनीकों को आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि एनेस्थीसिया विभाग अगले दो दिनों तक ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले मरीजों ने उत्साहपूर्वक जीवन रक्षक तकनीकों का अभ्यास किया और इस आयोजन की सराहना की। सभी नागरिकों से इस प्रयास में भाग लेने का आह्वान किया जाता है, ताकि वे आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने की इस महत्वपूर्ण कला का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर एनेस्थीसिया विभाग के प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार शर्मा, डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. अंकिता, डॉ. विजेता, डॉ. प्रियंका, डॉ. सीमा और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गोरखपुर में डॉक्टर-सिपाही विवाद पर चढ़ा सियासी पारा

- 15 अक्टूबर से कैंट थाना पर धरना देंगे पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर
- भाजपा एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह रखेंगे उपवास

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर में सिपाही पंकज कुमार और डॉक्टर अनुज सरकारी के बीच हुए विवाद पर अब पूरी तरह सियासत गर्म हो चुकी है। इस मामले में पुलिस की एकतरफा कार्रवाई से मामला तूल तो पकड़ लिया है, साथ ही पुलिस की कार्रवाई भी अब सवालों के घेरे में है। मामले में राष्ट्रीय अधिकार सेना अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने पुलिस प्रशासन को खुली चेतावनी देते हुए कहा था कि यदि तीन दिनों के भीतर डॉक्टर अनुज सरकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो वे 15 अक्टूबर से कैंट थाना के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे।श्री ठाकुर ने पुलिस की निष्क्रियता को लेकर गहरी चिंता जताई है और कहा कि वर्दीधारी सिपाही के साथ खुलेआम हुई मारपीट के बाद भी पुलिस की कार्रवाई पक्षपाती है।

## एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह रखेंगे एक दिन का उपवास



इसी क्रम में भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी सिपाही के पक्ष में मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने डॉक्टर अनुज सरकारी और उनके परिवार की संपत्तियों की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पत्र लिखते हुए उनके अस्पताल द्वारा ली जा रही मनमानी फीस और 200 करोड़ से अधिक की संपत्ति पर सवाल उठाया है, साथ ही, देवेंद्र प्रताप सिंह गांधी प्रतिमा पर सिपाही के न्याय के लिए एक दिवसीय उपवास करेंगे। उन्होंने शहरवासियों से न्याय की इस लड़ाई में समर्थन देने की अपील की है।

### पुलिस ने डॉक्टर पर नहीं दर्ज की एफआईआर

दरअसल, इस मामले की गंभीरता तब बढ़ गई जब सिपाही पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया, जबकि डॉक्टर पर अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इससे नाराज कई संगठनों और स्थानीय नेताओं ने न्याय की मांग उठाई है।

### 15 से प्रदर्शन, डॉक्टर की संपत्तियों पर ईडी की नजर

अब, 15 अक्टूबर को अमिताभ ठाकुर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन की तैयारी है। वहीं, भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के पत्र से डॉक्टर अनुज सरकारी और उनके परिवार की संपत्तियों की जांच की मांग भी जोर पकड़ रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

बरगदवा पुलिस ने गस्त के दौरान शादी का झांसा देकर दुष्कर्म समेत अन्य मामलों में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय थाना में पंजीकृत एक मुकदमे में वांछित अभियुक्त बैजनाथ गुप्ता उर्फ राजू निवासी शीशगढ थाना बरगदवा को गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। बता दें कि पीड़िता को शादी का झासा देकर भगा ले जाना व पीड़िता को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप व जान माल की धमकी के मामले में अपराध संख्या 144/2024 धारा 87,352, 351(2) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 69 दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक इम्तियाज अहमद, हेड का. सत्यपाल यादव व का. अरविन्द यादव शामिल रहे।

## नम आंखों से भक्तों ने की मां आदिशक्ति की विदाई



**जन एक्सप्रेस । फाजिलनगर, कुशीनगर**

फाजिलनगर क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में पिछले दस दिनों से चल रहें दुर्गा उत्सव कार्यक्रम विभिन्न गांवों के पूजा पांडालों द्वारा देवी मूर्तियों का मधुरिया चौहान पट्टी में स्थित कुकुत्था उर्फ घाघी नदी में विसर्जन कर शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।
जहां भिन्न-भिन्न गांवों से सोमवार शाम तक मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन पूरे धूमधाम के साथ किया गया। जिसमें भक्तों ने **जय माता दी** के नारे लगाते हुए तथा डीजे व ढोल की धुन पर झुमते हुए मां दुर्गा की प्रतिमा को विदाई दी, तो वहीं मां के विदाई के दौरान भक्तों की आंखें भी नम हो गई। जिसमें सभी नवयुवक,महिलाएं एवं पुरुष भी शामिल हुए।
जिसके दौरान विसजर्न स्थल पर स्थानीय पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी भी पूरी तरह मुस्तैद रहें जिनके मौजूदगी में विसर्जन का कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें कसया एसडीएम पारितोष मिश्रा, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, कानूनगो नंदलाल पाठक, तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष संजय कुमार व मधुरिया चौकी प्रभारी जितेन्द्र कुमार राम आदि मौजूद रहे।

## कर्ज माफी के अफवाह की सूचना पर गोरखनाथ मंदिर पहुंची महिलाएं

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



कर्ज माफी के अफवाह की सूचना पाकर सोमवार को जिले के कैम्पियरगंज क्षेत्र और महराजगंज जनपद के निचलौल और फरेंदा से भारी संख्या में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं गोरखनाथ मंदिर पहुँच गई।
महिलाओं का कहना था कि उन्होंने कर्ज ले रखा है और कर्ज माफ हो रहा है तो उनका फार्म भरवा कर कर्ज माफ किया जाए। सीएम योगी के कैंप कार्यालय में जाने की जिद पर अड़ी थी महिलाएं,सीओ ने मनाया महिलाओं को गोरखनाथ पुलिस ने गेट पर ही रोक दिया और उन्हें समझाने की कोशिश की पर महिलाएं नहीं मानी। मंदिर में सीएम कैम्प कार्यालय जाने की जिद पर अड़ी रही। सीओ गोरखनाथ ने पहुंचकर फाइनेंस कम्पनी के अधिकारी से बात कराई। तब जाकर महिलाएं वापस लौटी। महिलाओं का कहना था की उनके गाँवो में सूचना दी गई थी की कर्ज माफ हो रहा है।

## मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-5 में महिलाओं को पुलिस ने किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं , बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जन जागरुकता अभियान चलाया गया तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

## जनसमस्याओं को लेकर सभासद ने अपने ही वार्ड में दिया धरना



**जन एक्सप्रेस । रामकोला, कुशीनगर**

प्रदेश के सबसे बड़े नगर पंचायत रामकोला के अध्यक्ष के वार्ड में ही जनसमस्याओं से संबंधित सात सूत्रीय मांगों को लेकर सभासद धरने पर बैठ गए नगर प्रशासन के अधिकारी ने धरना स्थल पर पहुंच कर सभी मांगों के निस्तारण का आश्वासन देकर धरना को समाप्त करवाया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता देवी के वार्ड नंबर पांच चंद्रगुप्त नगर (धुवाटीकर) में सभासद/पत्रकार छोटेलाल भारती ने वार्ड में फैली अनियमितता दूर करने, विकास कार्य शुरू करवाने, सड़कें और गलियों ठीक करने, एवं विगत सालो से निरस्त राशन की दुकान की चयन करने सहित साथ सूत्रीय मांगो को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए। धरना शुरु होने के लगभग तीन घंटे बाद अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार वर्मा के गैर मौजूदगी में लेखाकार हरिराम शर्मा को ज्ञापन सौंपा और नगर पंचायत प्रशासन के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हो गया। इस मौके पर अब्दुल्ला अनसारी, विकास भारती चाओधारी प्रसाद, जुब्बा खान, श्री गुप्ता, दिनेश राजभर, शंभू चौरसिया आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## टूटी सड़कों की मरम्मत में हो रही घोर अनियमितता

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



जनपद के हाटा व कप्तानगंज सहित जिले के तमाम तहसीलों में जल जीवन मिशन अन्तर्गत पाइप बिछाने के किए गए कार्य के दौरान टूटी सड़कों के मरम्मत में घोर अनियमितता देखने को मिल रहा है। सूत्रों के हवाले से प्राप्त खबरों पर प्रकाश डाला जाए तो एक तहसील ही नहीं जिले की सभी तहसीलों का आलम यही है। जिन-जिन ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अन्तर्गत पानी सप्लाई के लिए पाइप बिछाने के लिए सड़क तोड़कर पाइप डाली जा रही है उन सड़कों के मरम्मत के लिए भी जल जीवन मिशन अन्तर्गत कार्य करने वाली कार्यदायी संस्था को ही टूटी सड़क के मरम्मत कार्य करने है। कार्यदायी संस्था द्वारा सड़क के मरम्मत का कार्य किए जाने में मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। डामर युक्त सड़कों के मरम्मत कार्य में बिटवीन की कमी तो मानक के हिसाब से गिट्टी भी नहीं डाली जा रही है। सड़क पर गिट्टी लेपन के बाद सील कोट का कार्य तो किया ही नहीं जा रहा है। जिससे अभी से गिट्टियां उखड़ कर बिखरनी भी शुरू हो गई है। जिसके कारण आने वाले कुछ ही समय में सड़क गड्ढों में तब्दील हो जाएगी। जिले के बहुत सी ऐसी तहसीलें है जिनके ग्राम पंचायतों में गड्ढा खोद कर पाइप तो डाल दी गई है परन्तु अभी तक कार्यदायी संस्था द्वारा टूटी सड़क के मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है। जहां सीसी सड़क तोड़कर पाइप बिछाई गई है वहां का आलम भी जैसे का तैसा बना हुआ है जिस पर सम्बंधित अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। जिसके कारण जल जीवन मिशन अन्तर्गत किए गए कार्यों से टूटी सड़कों के मरम्मत के नाम पर कार्यदायी संस्था मलाई काट रही है।

## लक्ष्मीगंज केन यूनियन की प्रबंध कमेटी के चुनाव में 9 डायरेक्टर हुए निर्विरोध



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

लक्ष्मीगंज गन्ना सहकारी विकास समिति के चुनाव में आज फिर रामकोला ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण की मेहनत रंग लाई। डायरेक्टर पद पर दो प्रत्याशियों को निर्विरोध चयनित हुए। इस प्रकार ब्लॉक प्रमुख अपने पाले में 11 डायरेक्टर में से 7 डायरेक्टर अपने पाले में कर लिये है और चेयरमैन पद का चुनाव भी अपने खेमे में ला लिया है। लक्ष्मीगंज के यूनियन चुनाव की घोषणा होते ही रामकोला ब्लॉक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण अपने पिता पूर्व राज्य मंत्री राधेश्याम सिंह से आशीर्वाद लेकर चुनावी मैदान में सक्रिय हो गए। चुनाव परिणाम को अपने पक्ष में लाने के लिए दिन-रात एक कर दिए उनकी मेहनत रंग लाई। सोमवार को डायरेक्टर के चुनाव में दो प्रत्याशियों दिउलिया मनिया छापर से संतोष कुमार तथा देवरिया बाबू सेक्टर के फुलवरिया से रामाश्रय कुशवाहा को निर्विरोध चयनित हुए । इस प्रकार ब्लॉक प्रमुख के पास 7 डायरेक्टर हो गए हैं। निर्विरोध चयनित डायरेक्टर्स में गया पुत्र मंगल, संतोष पुत्र राज मंगल, रामाश्रय पुत्र ढोढाई, मुन्नी पुत्र अलगू, बिंधा देवी पत्नी नागेंद्र, विमला पत्नी रविंद्र, देवता देवी पत्नी राम जी, धनंजय गोविंद राव पुत्र हरेंद्र गोविंद राव और समसुल पुत्र शाकिर रहे।

## लंबित आवेदनों के समाधान में उल्लेखनीय सफलता: राज्य सूचना आयुक्त



**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि सूचना आयोग द्वारा विगत कुछ वर्षों से लंबित आवेदनों के समाधान का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। जन सूचना अधिकारियों को इस अभियान की गंभीरता समझे। इसमें सहयोग करें। तीस दिन के अंदर सूचना प्रदान करना अपरिहार्य है।
राज्य सूचना आयुक्त देवरिया में जन सूचना अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्धनों और पीड़ितों को सूचना देने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जन सूचना अधिकारियों को ऐसे लोगों की परेशानी समझनी चाहिए। उनको यथाशीघ्र सूचना देकर उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोगी बनाना चाहिए।

**लक्ष्य** | **सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला सम्पन्न**

# प्रत्येक कार्यकर्ता अपने मंडलों में 100 सक्रिय सदस्य अवश्य बनाएं

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई । पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम करके सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाया है। प्रदेश नेतृत्व के अनुसार विचार परिवार के वैचारिक दृष्टिकोण वाले कार्यकर्ताओं की सबसे अधिक संख्या देवरिया में है। हमारे पास सक्रिय सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए काफी समय है हमको अभी से इस अभियान को और गति देने के लिए जी जान से जुटना होगा। हम लोकतंत्र की मांग को सरकार और सत्ता में ही नहीं करते है बल्कि हम अपने संगठन में भी इस धारणा को जीते हैं।

**भाजपा में बूथ कार्यकर्ता प्रदेश व राष्ट्रीय संगठन का नेतृत्वकर्ता तक बनता है**

क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री राय ने कहा कि आगामी समय में ग्राम पंचायतों के चुनाव होने वाले हैं आप सभी कर्मठ कार्यकर्ता गांव गांव जाकर हर बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाएं ताकि हमारा जो भाजपा का परिवार है उसका अधिक से अधिक विस्तार हो सके।
हर मंडल में कम से कम 100 सक्रिय सदस्य बनाने हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा मंच है जहां बूथ स्तर के कार्यकर्ता को भी जिला प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करने का अवसर प्रदान करता है। आगामी दिनों में सदस्यता अभियान के पूरा होने के बाद संगठन के पुनर्गठन और विस्तार का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आप लोग हर बूथ पर जाएं और सदस्यता अभियान के इस कार्य को गति प्रदान करें।
सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान की यह कार्यशाला हमारे संगठन के विस्तार की दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा इतिहास है कि हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस रिकार्ड को हम पुनः बरकरार रखें, इसका प्रयास हम सभी को मिलकर करना होगा।

### भाजपा से जुड़ने में जन जन की उत्सुकता, संपर्क बनाए कार्यकर्ता: डॉक्टर रमापति राम त्रिपाठी



पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूर्व सांसद डाक्टर रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि आगामी 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता का अभियान चलने वाला है। उन्होंने कहा कि सदस्य हम बनाते हैं पार्टी परिवार की वृद्धि के लिए, तथा सक्रिय सदस्य बनाते हैं संगठन को मजबूत नेतृत्व प्रदान करने के लिए कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता का निर्माण करने के लिए । सभी वर्गों में भाजपा से जुड़ने की उत्सुकता है जरूरत सिर्फ संपर्क और संवाद करने की है। संगठन के सभी मोर्चे के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को अपनी समीक्षा स्वयं करनी चाहिए कि उन्होंने संगठन परिवार को बढ़ाने के लिए कितने लोगों से संपर्क किया और कितने लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि बूथ से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता और जिले के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि गणों के अथक परिश्रम से प्रथम चरण का लक्ष्य हम लोगों ने पूरा कर लिया है। सभी के अथक प्रयास से सदस्यता अभियान के प्रथम चरण का लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है और दूसरे चरण का अभियान भी लगभग अंतिम चरण में है। यह कार्यशाला सक्रिय सदस्यता अभियान की कार्यशाला है। अभी तक हमने पूरे जिले में लगभग 3 लाख सदस्यता कराई है।

# अलीगढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी, बुलंदशहर में मारे गए बदमाश के साथी को दबोचा, पैर में लगी गोली

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



थाना जवां व गभाना क्षेत्र व जनपद बुलन्दशहर के थाना अनूपशहर, रामघाट व डिबाई सहित अन्य जगह लूट की घटनाऐं स्वीकार की। इसके साथी राजेश को शनिवार रात बुलन्दशहर पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान मार गिराया था। अलीगढ़ और बुलंदशहर पुलिस द्वारा 50, 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

अतरौली में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुठभेड़ में एक इनामी बदमाश को धर दबोचा। बदमाश के पैर में गोली लगी है। दीनदयाल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। सीओ सर्जना सिंह के पर्यवेक्षण में थाना अतरौली पुलिस व स्वॉट/सर्विलांस टीमों द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान लूट में नामजद दिनेश कुमार उर्फ डीके पुत्र महेश कुमार उर्फ मुकेश कुमार निवासी भगवंतपुर थाना आहार जनपद बुलंदशहर को पकड़ा है।

छह और सात अक्टूबर को थाना अतरौली क्षेत्र के अन्तर्गत रायपुर स्टेशन रोड पर अपनी मोटरसाईकिल से काजीमाबाद निवासी जितेंद्र और पीएसी निवासी राज रानी देवी से तमंचे के बल पर लूट की घटनाऐं की थी। रविवार रात करीब 10.30 बजे चेकिंग के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध गाड़ी दिखाई दी। कार चालक पुलिस को देखकर कासिमपुर पुलिया की तरफ वैगन-आर गाड़ी लेकर भाग रहा था। जिसको कासिमपुर पुलिया पर चैकिंग कर रही पुलिस टीम को अवगत कराकर सामने से रुकवाने का प्रयास किया गया तो अभियुक्त आम के बाग से गाड़ी लेकर भागने लगा जिससे गाडी आम के पेड से टकरा गई।

आम के पेड़ से टकराने पर गाड़ी से निकलकर अभियुक्त दिनेश कुमार उर्फ डीके द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में फायरिंग की गई, जिसमें दिनेश कुमार उर्फ डीके को पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से लूट के 9500 रूपये व एक वेगन-आर कार बिना नम्बर प्लेट रंग ग्रे व 01 तमंचा 315 बोर मय 01 कारतूस, 315 बोर व 2 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। दिनेश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह अपने साथी राजेश के साथ मिलकर लूट चोरी की घटनाएं करता था। रायपुर रोड पर घटनाएं की। लूटे गये सामानों को बेचकर लूट कर रुपये आपस मे बांट लिये। बरामद रुपये उन्हीं लूट के है बाकी रुपये खर्च हो गये है।

# हीरक जयंती के अवसर पर एनटीपीसी टांडा में कवि सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**




जनपद के एनटीपीसी टांडा विद्युतगृह के आवासीय परिसर स्थित 'सरगम' सभागार में राजभाषा हिंदी के हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का उद्घाटन एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

इस कवि सम्मेलन मे 6 नामचीन कवियों ने काव्यपाठ किया। कवि सम्मेलन में हास्य कवि, शम्भु शिखर, अभय निर्भीक, हास्य कवि, सुरेश अवस्थी, हास्य कवि, संचालक, राजेश अग्रवाल, हास्य कवि, डॉ अवधेश तिवारी एवं श्रीमती निवेदिता शर्मा ने कविता एवं गीत प्रस्तुत किये, जिसे श्रोताओं ने मन से सराहा। एनटीपीसी टांडा के राजभाषा अनुभाग एवं सप्तरंग क्लब के संयुत तत्वावधान में मनोरंजन एवं राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इसी क्रम में, हीरक जयंती के अवसर पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। साहित्य समाज को एकजुट करने का माध्यम है, और इस आयोजन में प्रस्तुत कविताएं समयानुसार, प्रेरणादायक और मनोरंजक रहीं। इन रचनाओं ने श्रोताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और आवासीय परिसर में रहने वाले निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# शहीद परिवार को मिलेगा सेवा गौरव सम्मान



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

- सेवा गौरव स्मारिका का संस्था के पदाधिकारियों ने किया विमोचन

फतेहाबाद रोड स्थित पंचवटी चौक पर भारतीय पुलिस प्रोटेक्शन फोर्स सामाजिक संस्था की ओर से देश सेवा को समर्पित सेवा गौरव स्मारिका का विमोचन किया गया। शुरूआत मुख्य अतिथि डीजीसी क्राइम एडवोकेट बसंत गुप्ता ने शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता के चित्र के समक्ष दीप प्रवज्जलित कर किया। बसंत गुप्ता ने कहा कि संस्था ने सेवा गौरव पुस्तक में देश सेवा को समर्पित युवाओ को मार्गदर्शन देने के लिए प्रेणादायक कहानियो का संकलन किया है। पुस्तक में परिवार में बेटे के बॉर्डर पर शहीद होने के बाद बेटे की कमी को पूरा ना हो पाने की स्थिति को भी दशार्या है। ये स्मारिका युवाओ को देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अरविन्द कुमार पांडेय ने बताया कि शहीदों के परिवारों को सेवा गौरव सम्मान से 25 अक्टूबर को वाटरवर्क्स स्थित अतिथिवन में आयोजित करने जा रही है। जिसमे आगरा मंडल के दो दर्जन से अधिक शहीद परिवारों को एक मंच से सम्मानित करेगी। इसी क्रम में सेवा गौरव स्मारिका का विमोचन किया गया। सभी का स्वागत नुथैलापति प्रवीण ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट चंचल गुप्ता, प्रिया बंसल, सुमित्रा सेनापति, जगदीश प्रसाद, अमित रोहिला, दीपक दिवाकर, नीरज चौधरी, मोनू आदि मौजूद रहे।

## पार्टी के बहाने घर ले जाकर नाबालिग के साथ रेप

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** नाबालिग किशोरी के साथ रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसको पार्टी के नाम पर शराब पिलाई गई। नशा होने पर उसके साथ गलत काम किया। विरोधस करने पर मारपीट की गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिकंदरा कैलाश मोड़ निवासी किशोरी खंदारी के एक हॉस्पीटल में काम करती है। उसका आरोप है कि 10 अक्टूबर को रामबाग निवासी गौरव नाम के युवक ने उसे रात आठ बजे अपने साथ घर ले गया। उसने कहाकि पार्टी करेंगे। इसके बाद उसने धोखे से उसे शराब पिला दी। शराब पीने के बाद उसे नशा होने लगा। वो वहां से जाने लगी तो युवक ने उसके साथ जबर्दस्ती करना शुरू कर दिया। उसके साथ जबरन रेप किया। विरोध करने पर मारपीट की। इसके बाद किसी को कुछ बताने पर धमकी दी। वो डर में अपने घर पहुंची। उसने हिम्मत कर अपने परिजनों को पूरी घटना से अवगत कराया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अधिष्ठापान समारोह में रही जबरदस्त धूम

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने शाम संजय प्लेस स्थित होटल में अपना अधिष्ठापन समारोह मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के बाद आईएमए प्रेयर का पाठ डा अशोक शिरोमणि जी के द्वारा करवा,आइएमए ध्वज उपासना डा ओ पी यादव जी के द्वारा करवाही गई। सचिव डा पंकज नगायच जोकि आज से अध्यक्ष निर्वाचित बने हैं उन्होंने डा स्मिता के साथ कार्यक्रम को संचालित करते हुए बताया कि डा अनूप दीक्षित इस वर्ष आईएमए के अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। डा नगायच ने बड़े ही जोशीले एवम ओजस्वी उद्बोधन में पिछले वर्ष किए हुए कार्यों का लेखा जोखा रखा। चिकित्सकों की सुरक्षा ,रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल की प्रक्रिया को सरल बना पांच साल के लिए किया जाना ,बायोमेडिकल वेस्ट, फायर एनओसी पॉल्यूशन एनओसी प्राथमिकताएं रहेंगी ऐसा डा अनूप दीक्षित ने अपने उद्बोधन में बताया।

मुख्य अतिथि एस एन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा प्रशांत गुप्ता ने एक जुटता का पाठ पढ़ाते हुए एक नवीन आईएमए भवन के निर्माण का आवाहन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मुकेश गोयल ने सर्वप्रथम सभी का स्वागत किया ।उसके बाद कोषाध्यक्ष डा योगेश सिंघल ने पिछले वर्ष का वित्तीय लेखा जोखा रखा। सचिव डा नगायच के पिछले वर्ष की रिपोर्ट रखने के बाद, डा मुकेश गोयल ने अपने कार्यकाल के दौरान किए हुए कार्यों में सहयोग करने वाले चिकित्सकों को प्रेसिडेंट अप्रिशिएशन अवार्ड ने नवाजा। डा मुकेश गोयल ने अध्यक्षीय मेडल डा अनूप को पहना उनको वर्तमान अध्यक्ष के पद पर बिठाया। डॉ. रजनीश नवीन सचिव एवं डा मुकेश भारद्वाज कोषाध्यक्ष बने। इसके बाद पूरी नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। विशिष्ट अतिथि डा आर सी मिश्रा, प्रमुख उद्यमी एवं चिकित्सक डा रंजना बंसल, उत्तर प्रदेश पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुधीर धाकरे, डा हरेंद्र गुप्ता, डा जे एन टंडन, डा वाई बी अग्रवाल, डा आर एम पचौरी, डा सुनील शर्मा, डा राजीव उपाध्याय, डा साहू,डा संजय चतुर्वेदी, डा जितेंद्र चौधरी, डा अरुण चतुर्वेदी, डा शरद गुप्ता, डा एल के गुप्ता, डा पवन गुप्ता, डा सीमा सिंह, डा दीप्तिमाला ,डा अरुण जैन, डा अमिता कुशवाहा आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर पलटी एंबुलेंस, गर्भवती समेत पांच लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

आरोप है कि सरकारी एंबुलेंस का चालक मोबाइल पर गाने सुन रहा था। इसके चलते एंबुलेंस जैसे ही गांधीपार्क क्षेत्र के एटा चुंगी के पास पहुंची अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद चालक व सहयोगी स्टाफ भाग गए।

अलीगढ़ में थाना गांधीपार्क क्षेत्र के एटा चुंगी के पास 12 अक्टूबर देर रात एक एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में गर्भवती समेत पांच लोग घायल हो गए। परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस चालक मोबाइल पर गाना सुनने में व्यस्त था। हादसे के बाद चालक व सहयोगी स्टाफ भाग गए। एटा के थाना जलेसर के मकसूदपुर निवासी शाहिद की पत्नी सोना गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सोना को लेकर जलेसर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां से उन्हें जिला अस्पताल एटा भेज दिया। यहां से डॉक्टरों ने जेएन मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया। एंबुलेंस से शाहिद उसकी पत्नी सोना, भतीजा अरमान, मां अकीला बेगम, भाभी नूर बानो अलीगढ़ आ रहे थे। अरमान का आरोप है कि सरकारी एंबुलेंस का चालक मोबाइल पर गाने सुन रहा था। इसके चलते एंबुलेंस जैसे ही गांधीपार्क क्षेत्र के एटा चुंगी के पास पहुंची अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| --- | --- |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | Parking-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | Parking-LKO-LBA-MX-145-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | Parking-LKO-JAIS-MX-151-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | Parking-LKO-MME-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | Parking-LKO-GNG-MX-85-24-3 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/ लॉट सं0 | Parking-LKO-LLJ-MX-146-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:20 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3174/24


## महिलाओं के बीच जमकर मारपीट

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** चार महिलाओं ने एक महिला को जमकर पीटा। इस दौरान मारते-मारते डंडा तक तोड़ दिया। फिर टूटे डंडे से ही महिला के साथ मारपीट की गई। चारों एक महिला पर इस तरह हावी रहीं कि उसके बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। फिर लात घूसों से मारने लगीं। पूरे मामले का वीडियो सामने आया है। करीब आधा घंटे तक महिला के साथ मारपीट की गई। महिला ने चारों के खिलाफ तहरीर दी है। इस मारपीट में महिला के सिर और शरीर पर करीब 10 जगह चोट लगी है। पूरा मामला सिकंदरा थाना क्षेत्र का है। मामले के दो वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो 3 मिनट 6 सेकेंड, दूसरा वीडियो- 1 मिनट 44 सेकेंड का है। वीडियो में दिख रहा है कि महिला दूसरी महिला को लाठी डंडे से पीट रही है और एक अन्य महिला पीड़ित महिला को नीचे गिराकर उसके ऊपर लेटी हुई है।

# 'जिसने धर्म को जान लिया वो कभी नहीं होगा दुखी'

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



बालाजीपुरम स्थित चिरंजीव सेवा सदन में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ से पूज्य संत राम प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि जब सद्गुरु की प्राप्ति होती है, तभी व्यक्ति को भक्ति मिलती है।धन की चिंता में सब दुखी है, लेकिन धर्म की किसी को चिंता नहीं, जिसने धर्म का महत्व जान लिया वो जीवन में कभी दुखी नहीं रह सकता है। पूज्य संत ने कहा कि अपना इहलोक और परलोक (जन्म और मरण) सुधारना चाहते हो तो निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करें।क्योंकि प्रभु की भक्ति में ही शक्ति है। अपने बच्चों को बचपन में ही गौ सेवा, साधु संतों की सेवा के संस्कार और शिक्षा दें, जिससे वे बुढ़ापे में आपकी सेवा कर सकें। समाजसेवी के के भारद्वाज ने कहा श्रीमद् भागवत कथा जीवन के सत्य का ज्ञान करने के साथ ही धर्म और अधर्म के बीच के फर्क को बताती है। पूज्य संत जी के श्रीमुख से कथा सुनकर जीवन का अर्थ समझ में आया। कथा में श्री भानु देवाचार्य, मुन्नालाल कुलश्रेष्ठ, महेंद्र सिंह, के के भारद्वाज, अंशु दीक्षित, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, गजेंद्र शर्मा, किशन स्वरूप आदि प्रमुख सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया।

# रक्तदान से बढ़कर कोई और दान नहीं: दिनेश

- पहासू क्षेत्र के गांव बनैल में आयोजित शिविर में दो दर्जन युवाओं ने किया रक्तदान

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**




रक्तदान महादान है। रक्तदान से बढ़कर कोई और दूसरा दान नहीं है। यह विचार क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी और रक्त दान शिविर के संयोजक दिनेश राघव उर्फ डैनी भैया ने गांव बनैल में बुलंदशहर चैरिटेबिल ब्लॅड बैंक और राष्ट्रीय चेतना मिशन के बैनर तले आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के दौरान एकत्रित क्षेत्र के लोगों के संबोधन में व्यक्त किए।

क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश राघव उर्फ डैनी भैया ने कहा कि एक यूनिट रक्त की कीमत उस वक्त समझ में आती है जब कोई मरीज रक्त के अभाव में दम तोड़ देता है। उन्होंने कहा कि रक्त दान का महत्व उस समय भी दिखाई देता है। जब अस्पताल की एमरजैंसी में भर्ती एक मरीज को समय पर रक्त देकर उसका जीवन बचा लिया जाता है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं का आहवान किया कि वह समय-समय पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों में रक्तदान करके रक्त के जरूरतमंद लोगों के जीवन को बचाने में आगे आकर अपेक्षित पहल करें। शिविर में क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पूजा देवी ने रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर में वरिष्ठ समाजसेवी और रक्त दान शिविर के संयोजक दिनेश राघव उर्फ डैनी भैया, ग्राम प्रधान पूजा देवी, राजेश जादौंन, राकेश शिशौदिया, विकास राघव, साबू खान, अमित, शाहरूख, जीतू और हरवीर सिंह समेत बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# अभिनेता राज बब्बर, सुरेन्द्र पाल सहित 10 विभूतियों को मिलेगा 'ब्रज रत्न अवार्ड'

- ट्रॉफी के अनावरण के साथ हुई अवार्डीज के नामों की उद्घोषणा
- केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान समारोह में होंगे मुख्य अतिथि

**जन एक्सप्रेस । आगरा**





इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के द्वारा आयोजित होने जा रहे 'ब्रज रत्न अवार्ड' के 8वें संस्करण में ब्रज मंडल की ऐसी विभूतियां जुटेंगी, जिन्होंने अपनी काबिलियत के बल पर फर्श से अर्श का सफर तय किया है। कला साहित्य और संस्कृति के संवाहक के रूप में चुनीं गईं ऐसी 10 शख्सियतों को समारोह के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 'ब्रज रत्न अवार्ड' से अलंकृत करेंगे।

सोमवार को ब्रज रत्न अवार्ड के उद्घोषणा समारोह का आयोजन होटल लेमन ट्री में किया गया। चुनी गई विभूतियों के नामों की उद्घोषणा के साथ ही ब्रज रत्न अवार्ड की ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। अनावरण फाउंडेशन के चेयरमैन पूरन डावर, समारोह की सलाहकार समिति के अध्यक्ष स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह, आयोजन समिति के वाइस चेयरमैन राजेश गर्ग, डॉ. अशोक शर्मा, नितेश अग्रवाल, दीपक मनचंदा, डॉ. गिरधर शर्मा, संजय तोमर, राममोहन कपूर, डीजीसी अशोक चौबे ने संयुक्त रूप से किया।

### 9 श्रेणियों में प्रदान किया जाता है अवार्ड

आयोजन समिति के स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने बताया कि साल 2016 से ब्रज मंडल की विभूतियों को 9 श्रेणियों में यह प्रतिष्ठित अवार्ड दिया जाता है। जिनमें आध्यात्म व दर्शन, साहित्य, खेल, संगीत, अभिनय, गायन और नृत्य जैसी विधा शामिल हैं। इन सभी विधाओं के लिए विभूतियों का चयन 40 सदस्यों के निर्णायक मण्डल द्वारा बेहद पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। राजेश गर्ग ने कहा कि फिल्म निकाह से लोगों के दिलों में उतरने वाले सिनेस्टार राजबब्बर और महाभारत सीरियल में द्रोणाचार्य के किरदार को जीवंत करने वाले अभिनेता सुरेंद्र पाल के अलावा दिवंगत शास्त्रीय संगीतज्ञ रघुनाथ तलेगांवकर सहित कुल 10 विभूतियाँ इस वर्ष अवार्ड को प्राप्त करेंगी।

### केरल के राज्यपाल अवार्ड से करेंगे अलंकृत

डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि 'ब्रज रत्न अवार्ड' समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की उपस्थिति मनोबल बढ़ाने वाली रहेगी। राज्यपाल चयनित सभी दस अवार्डियों को उनके कार्यक्षेत्र में विशेष योगदान के लिए अवार्ड से अलंकृत करेंगे। समारोह में इस साल के लिए चुनी गईं विभूतियों को वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्यमी डॉ. विजय किशोर बंसल ने अपनी शुभकामनायें दीं।

### ... ताकि ब्रज के सितारों से नई पीढ़ी ले प्रेरणा

इस मौके पर पूरन डावर ने कहा कि अपनी उपलब्धयों से आसमां के क्षितज पर चमक रहे सितारों से नई पीढ़ी ले प्रेरणा इस उद्देश्य से ब्रज की विभूतियों को सम्मानित किया जाता है, 'ब्रज रत्न अवार्ड' के 8वें संस्करण का आयोजन इस बार 17 अक्टूबर को होटल जेपी पैलेस कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा।

### इनकी रही विशेष सहभागिता

इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के महासचिव अजय शर्मा, संयोजक ब्रजेश शर्मा, मधुसूदन भट्ट, रोहित जैन, अभिनन्दन जैन, मुरारी प्रसाद अग्रवाल, कवि पवन आगरी, मोहित जैन, साकार जिंदल, डॉ. अरुण शर्मा, सचिन शंकर, मयंक अग्रवाल, विनीत बबानिया, डॉ. महेश धाकड़, हरीश चिमटी, सचिन सारस्वत, दिवाकर शर्मा, अविनाश वर्मा आदि शामिल रहे।

### इन विभूतियों को मिलेगा अवार्ड

- राष्ट्र गौरव सम्मान – श्री राज बब्बर, फिल्म अभिनेता
- अमृत्व सम्मान (मरणोपरांत) पं. रघुनाथ तलेगांवकर, ग्वालियर परम्परा के मूर्धन्य संगीतज्ञ
- सुरेन्द्र पाल, फिल्म एवं टीवी अभिनेता
- अतुल सभरवाल, फिल्म पटकथा लेखक एवं निर्देशक
- डॉ. राजीव जैन, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री
- डॉ. सदानंद ब्रह्मभट्ट, शास्त्रीय संगीतज्ञ
- डॉ. संध्या अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सक
- बलराम श्रीवास्तव, साहित्यकार एवं कवि
- रूचि शर्मा, कथक नृत्यांगना
- सोनिया शर्मा, नेशनल राइफल शूटर

# विवाहिता का कमरे के अंदर, ससुर का खेत में पेड़ से लटका मिला शव, हत्या का आरोप

- विवाहिता की दहेज़ के लिए हत्या,ससुर से नगदी और जेवर छीन शव पेड़ पर लटकाने का आरोप
- पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे दोनों शव, परिजनों में कोहराम

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**






देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु हो गई।शव कमरे के अंदर दुपट्टे से लटका हुआ था। विवाहिता की मां ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुत्रवधू की मौत के बाद सुबह ससुर का शव गांव के उत्तर दिशा में पेड़ से लटका मिला। आरोप है कि मायके पक्ष से आए आधा दर्जन दबंगों ने नगदी, जेवर छीनने के बाद हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया ।जिसके बाद फरार हो गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल पर पंहुचकर जानकारी जुटाई।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव गुलडिया भूप सिंह निवासी सूरज सिंह का विवाह तीन साल पूर्व थाना बिलसंडा क्षेत्र के गांव सिमरौली निवासी ताशू सिंह (25) के साथ हुआ था।रविवार स्वजन खाने खाने के बाद चारपाई पर सो रहे थे।देर रात विवाहिता को चारपाई से गायब देख पति ने घर के अंदर खोजबीन की तो कमरे के अंदर दुपट्टे से शव लटका हुआ था। ससुरालियों ने घटना की जानकारी मायके पक्ष के लोगों को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने फिल्ड यूनिट की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा।जानकारी पर सोमवार सुबह विवाहित की मां आधा दर्जन लोगों के साथ गांव पंहुच गई। विवाहिता की मां सुमन ने ससुराल पक्ष के लोगों पर पुत्री के साथ दहेज के लिए मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। चर्चा है कि रिश्तेदारों के जुटने पर दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर वार्ता हुई।आरोप है कि विवाहिता की मां ने पांच लाख की नगदी,पांच तौला सोने की मांग की।तीन लाख रुपए और पांच तौला सोना देने की सहमति पर वार्ता हो गई।जिसके बाद मायके पक्ष के लोगों ने गांव से बाहर आकर रुपए और जेवर देने की बात कही। ससुर रणवीर सिंह तीन लाख की नगदी और पांच तोला जेवर लेकर गांव से बाहर पंहुच गए। कुछ देर बाद जानकारी मिली कि गांव से दो सौ मीटर दूर उत्तर दिशा में खड़े पाकड के पेड़ में रणवीर सिंह का शव फंदे से लटका हुआ है। सूचना पर स्वजन मौके पर पंहुच गए। आरोप है कि विवाहित की मां और उसके साथ में आए आधा दर्जन दबंगों ने रघुवीर के साथ मारपीट कर नगदी और जेवर छीन लिए।हत्या कर शव फंदे पर लटका कर घटनास्थल से फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विशेष कुमार ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकार विशाल चौधरी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

दो मौतों से स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक महिला की चार माह की पुत्री है।देर शाम तक दोनों पक्षों की और से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई।

### रविवार मायके से घर वापस लौटी थी तासू

चर्चा है कि विवाहित का ससुरालियों से आए दिन वाद विवाद होता रहता था ।चार दिन पूर्व ससुराल में कहासुनी के बाद विवाहित मायके चली गई थी ।मायके में मां से कहा सुनी के बाद रविवार देर शाम ससुराल वापस लौट आई ।देर रात खाना खाने के बाद सभी सो गए ।पति की नींद खुली तो पत्नी का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका हुआ था। तासू की मां सुमन रो-रो कर कह रही थी कि उसे नहीं पता था कि उसकी पुत्री हमेशा के लिए उसके घर से जा रही है।

> विवाहिता का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका हुआ था। फिल्ड यूनिट टीम की मौजूदगी में शव को फंदे से उतारा गया ।ग्रामीण का शव खेत में पेड़ से शव लटका हुआ था ।दोनों तरफ से हत्या के आरोप लगाए जा रहे हैं। दोनों पक्षों की ओर कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है ।शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।
>
> **विषेश कुमार, थानाध्यक्ष घुघंचाई**

# शार्ट सर्किट से घर में लगी आग,नगदी समेत लाखों रुपए का सामान जलकर राख

- ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर पाया काबू
- पीड़ित ने प्रशासन से की मुआवजा दिलाने की मांग

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



अचानक शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से घर मे रखी नगदी सहित हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। वमुश्किल लोगों ने आग पर काबू पाया। पीड़ित ने मुआवजा दिलाने की मांग की है।

मामला कस्बा घुंघचाई का है। गांव निवासी राजेश कुमार रविवार की रात अपने परिवार के साथ सो रहे थे।इसी दौरान बिजली के शार्ट सर्किट से उसके घर में आग लग गई। आग की तेज लपटें देख परिजनों में अफरा तफरी मच गई। स्वजनों के शोर शराबा करने पर आस पड़ोस के लोग मौके पर जुट गए।

ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने आग में घिरे परिवार को बाहर निकाला। लेकिन तब तक आग में एक वाइक,15 हजार रुपये की नगदी, सोने चांदी के आभूषण, कपड़ों से भरा बैग, चारपाई, अनाज, बिस्तर सहित करीब तीन लाख रुपये का सामान आग की भेंट चढ़ गया। पीडित ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# ढक्का चांट में भीम आर्मी ने की जनसभा सभा, चलाया सदस्यता अभियान




**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

सोमवार ढक्का चांट में जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें भीम आर्मी एकता मिशन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट राजाराम माथुर ने लोगों को संबोधित करते हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र शेखर आजाद की विचारधारा के बारे में चर्चा की। इस दौरान लोगों को संगठन से ज्यादा से ज्यादा जुड़ने हेतु जागरूक किया। सोमवार समय 10 बजे नगर अध्यक्ष अब्दुल कादिर ने बाताया कि बरेली मंडल अध्यक्ष विकास बाबू, भीम आर्मी बरेली मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बौद्ध, भीम आर्मी बरेली मंडल नेता तौफीक प्रधान भीम आर्मी पीलीभीत जिला अध्यक्ष सौरभ भारतीय, भीम आर्मी पूरनपुर तहसील उपाध्यक्ष नदीम, भीम आर्मी पूरनपुर ब्लाक अध्यक्ष उमेश कुमार गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# छत से गिरा छह वर्षीय मासूम, रेफर

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**




नगर के मोहल्ला खानकाह निवासी वसलीम का छह बर्षीय पुत्र अयान सोमवार की सुबह छत पर खेल रहा था। खेलने के दौरान मासूम छत से नीचे गिर गया। घटना में मासूम बेसुध हो गया। आनन फानन में स्वजन उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मासूम की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# श्री राम भरत का हुआ मिलाप राजगद्दी शोभायात्रा कई मार्गो से होकर परमठ मंदिर पर हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




सोमवार को स्थानीय रामलीला मैदान में प्रभु राम विभीषण का राज्याभिषेक करते हैं।

उसके पश्चात भक्त हनुमान से बोले तुम अविलंब अयोध्या पहुंचकर भरत को मेरे पहुंचने का समाचार बताओ। वरना भरत अपने आपको मेरे न पहुंचने पर अपने को अग्नि में समर्पित कर देगा।

भक्त हनुमान नंदीवन पहुंच भरत को प्रभु राम के आने की खबर देते हैं। प्रभु राम, लक्ष्मण, सीता, विभीषण, सुग्रीव, अंगद, जामवंत आदि के साथ पुष्पक विमान से पहुंचे और भरत को देख उन्हें अपने गले से लगा लिया। श्री राजगद्दी शोभायात्रा रामा कॉलेज से प्रारंभ होकर नई बस्ती चौराहा, काला मंदिर, लेखराज चौराहा, जाटों का चौराहा से वापस घूमकर बजरिया, होली चौराहा, लोहा बाजार, बरेली दरवाजा, बड़ा गुरुद्वारा, जेपी रोड, चौक बाजार, इमली चौराहा, साहूकारा, जमनी चौराहा, चूड़ी वाली गली, मुख्य बाजार, ड्रमंडगंज चौराहा होते हुए परमठ मंदिर पर आकर संपन्न हुई।

राजगद्दी शोभायात्रा में प्रभु राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, भरत, शत्रुघ्न, विभीषण, सुग्रीव, अंगद, जामवंत दिव्य सिंहासन पर शोभायमान थे।

आज अनेकों स्थानों पर भक्तगणों ने राजगद्दी शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भोग आरती कर प्रसाद वितरण किया। आज इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, भानु प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, अमिताभ त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, अंकुर गुप्ता, नरेश शुक्ला, आयुष सक्सेना, रमाकांत पांडेय, संजीव शर्मा, अवनीश शर्मा, संजीव मोहन अग्रवाल, अंशुमान मिश्र, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, संजय पांडेय, अंकुर मिश्रा, ध्रुव गौड़, निशांत तिवारी, सोमनाथ सप्रे, ओमकार सिंह यादव, सुधीर पाल सिंह, महेंद्र गुप्ता, निरंजन शर्मा, धीरेंद्र मिश्रा, नीरज गोयल, त्रिलोकी नाथ शर्मा, महेंद्र गुप्ता, शैली अग्रवाल, अम्बरीष मिश्र, प्रतीक अग्रवाल, विश्वास प्रकाश सक्सेना, अविचल मिश्रा, नितिन मिश्रा, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा, नितिन शर्मा आदि सहित अनेकों पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# नहीं मानेंगे पराली जलाना, फिर आया मामला सामने

- प्रतिबंध के बावजूद तीन तहसील क्षेत्रों में जली पराली
- योजनाओं के लाभ से किए जाएंगें वंचित

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

आखिरकार प्रशासन जितना भी पराली जलाने को लेकर किसानों को समझाता रहे लेकिन पराली जलाने की घटनाएं होती ही रहेगी। जहां मामला सोमवार को पराली जलाने को लेकर सामने आया है और चार किसानों पर ?15000 जुर्माना भी वसूला गया हैं।

बताते चले की जैसे-जैसे धान कटाई तेजी पकड़ने के साथ ही जनपद में पराली जलाने की घटनाएं तेजी पकड़ने लगी है। सोमवार को तीन तहसीलों में पराली जलाने की घटनाएं प्रकाश में आई। जांच के बाद पराली जलाने वाले चार किसानों ने 15 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया है। यदि इन किसानों के पास असलहा हुआ तो असलहा लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

हालांकि जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कुछ दिन फसल अवशेष जलाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने पराली जलाने की घटनाएं मिलने पर संबंधित किसान से जुर्माना वसूलने, योजनाओं के लाभ से वंचित करने एवं शस्त्र लाइसेंस निलंबित करने के साथ ही एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। इधर इन दिनों सेटेलाइट के माध्यम से जनपद में पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी की जा रही है। एक दिन पूर्व बरखेड़ा क्षेत्र में पराली जलाने पर दो किसानों से जुर्माना वसूला गया था। इधर सोमवार को सेटेलाइट के माध्यम से बीसलपुर, कलीनगर और अमरिया तहसील में पराली जलाने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान तहसील बीसलपुर के गांव कुरईयाकलां में किसान रेशम सिंह पुत्र प्रताप सिंह एवं कुलविंदर सिंह पुत्र सोवरन सिंह द्वारा खेत में पराली जलाना पाया गया। इस दोनों किसानों से 05-05 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अमरिया तहसील में की गई जांच में गांव मुगलाखेड़ा में किसान कृपाल सिंह पुत्र गंगाराम द्वारा पराली जलाना पाया गया। संबंधित किसान से 2500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं कलीनगर तहसील के गांव रानीगंज निवासी अनिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश द्वारा पराली जाने पर तहसील प्रशासन द्वारा 2500 रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

# सूर्य रथ पर सवार हो श्री राम पहुंचे अयोध्या

- राम-भरत मिलन पर भावुक हुए लोग
- हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप
- रामजी तिहारो चरित मनोहर गावै सकल अवधवासी की करतल ध्वनि पर घूम उठें राम भक्त

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



शाहगंज नगर का ऐतिहासिक भरत मिलाप सोमवार नगर के पुराना चौक में संपन्न हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का सूर्य रथ पर सवार हो रविवार की देर रात संगत जी से निकल कर नगर भ्रमण करते हुए सोमवार अपराह्न बारह बजे भरत मिलाप स्थल पुराना चौक पहुंचा?। जहां भैया भरत, शत्रुघ्न, प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण के मिलन को देखकर समूचा नगर भावुक हो उठा। जय श्री राम के उद्घोष के बीच लोगों ने पुष्प वर्षा और आतिशबाजी की। कार्यक्रम कों लीला प्रमुख प्रकांड विद्वान पण्डित राम जी मिश्र ने सम्पन्न कराया।

दशहरा के दूसरे दिन नगर का सुप्रसिद्ध भरत मिलाप में भारी भीड़ देखने को मिली। सूर्य रुपी रथ नगर के श्री संगत जी मंदिर से रवाना हुआ। घासमंडी चौक से होते हुए विमान डाकखाना तिराहा पहुंचा। यहां से रामरथ के पीछे पीछे पन्द्रह अलौकिक झांकियां (लाग) एवं बारह दुर्गापूजा प्रतिमाओं की शोभा यात्रा निकाली गई। मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के सूर्य रथ पुष्पक विमान रूपी रथ के आगे पागल, खूनी के रूप में झांकियों के अलावा मिलट्री बैंड और राम जी तिहारो चरित मनोहर गावैं सकल अवध वासी का भजन गाते मंडली के लोग रथ के आगे चलते रहे। अद्भुत झांकी द्वारा समाज की कुरीतियों एवं वर्तमान समय के समाज में व्याप्त धर्म, जाति एवं संस्कृति की राजनीति पर सीधा प्रहार किया गया था।

प्रभु श्रीराम जी के पुष्पक विमान रूपी रथ के साथ हनुमान की भूमिका अजेन्द्र अग्रहरि और सुग्रीव की भूमिका पवन जायसवाल ने निभाई। पुष्पक विमान के आगे धर्म ध्वजा लें कार्यकर्ता चलते रहे। भालू, खूनी पागल के साथ अन्य जीवन्त झाकियां शोभा यात्रा में चार चांद लगा रही थी। रामरथ के आगे आगे चल रहे कीर्तन मण्डली ने पूरे नगर के वातावरण को राममय कर दिया। केन्द्रीय पांडाल जेसीज चौक पर स्थापित किया गया था। मेला प्रमुख नगर पालिका अध्यक्ष रचना सिंह रहीं। अध्यक्षता अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र सिंह बंटी, ओमप्रकाश जायसवाल, शीतल प्रसाद अग्रवाल, गीता जायसवाल, अनिल मोदनवाल, भुवनेश्वर मोदनवाल, सुशील सेठ बागी द्वारा आरती का आयोजन कर प्रभु राम की आरती की गयी प्रभु राम की आरती क्ब्रहे राजा राम तेरी आरती उतारुक्ब्रभजन द्वारा लोगो का मन मोह लिया। वहीं जेसीज चौक पर बनाए गए केन्द्रीय पण्डाल में धनश्याम जायसवाल, श्याम जी गुप्ता, काली चरण जायसवाल, धीरज पाटिल, आचार्य फिरतू राम यादव, कमलेश अग्रहरि, सर्वेश चौरसिया, कमलेश अग्रहरि सेना, रचित चौरसिया समेत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे। डाक खाना तिराहे पर बने प्रसारण मंच से मेले का संचालन हर्ष चन्द्र जायसवाल व देवेश जायसवाल ने किया। भगवान राम के दर्शन को श्रध्दालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान पूरे कार्यक्रम के दौरान मुस्तैदी से चक्रमण करते रहे। कोतवाली प्रभारी रोहित मिश्र द्वारा चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया।

# दुर्गा पूजा देख घर लौट रही युवती से दबंगों की छेड़खानी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

केराकत तहसील के चन्दवक थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव की एक युवती अपने सहेलियों के साथ शनिवार की शाम दुर्गा पूजा देखने गई थी।दुर्गा पूजा देख सहेलियों संग घर लौट रही थी पहले ही घात लगाए दबंगों ने युवती को रास्ते में रोक जबरदस्ती छेड़खानी करते हुए अपनी बाइक पर जबरन बैठा कर जद्दू ब्रम्ह बाबा मंदिर ले जाकर अश्लील हरकत करते हुए विडियो बनाया।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।शोर मचाने पर दबंगों ने युवती का मुंह दबाकर मारने के साथ ही युवती का मोबाइल छीनकर पटकते हुए धमकी दिए कि अगर पुलिस में शिकायत की तो तुम्हारे परिवार को टांगी से काटकर बोरे में भरवा कर नदी में फिकवा देंगे।साथ ही तुम्हे उठवा कर धंधा करवाएंगे।युवती रोते बिलखते घर पहुंच परिवार से आपबीती बताई जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचित किया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस तीन लोगों को गिरफ्तार कर थाने ले आई।पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी दबंग व मनबढ़ किस्म का है अगर प्रशासन कार्यवाही नहीं करेगा तो किसी भी समय परिवार पर अप्रिय घटना घट सकती है।

एक तरफ दुर्गा पूजा व मेले को लेकर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की दावा करती हुई नजर आती है वही चंदवक थाना अंतर्गत दुर्गा पूजा देख घर लौट रही युवती के साथ दबंगों ने रस्ते में छेड़खानी की जिसका वीडियो भी बनाया हालांकि पुलिस आरोपियों को पकड़ थाने तो ले आई मगर घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी युवती मुकदमा दर्ज ना होना स्थानीय पुलिस पर कही न कही सवालिया निशान खड़ा करता है।

# अवैध कब्जा कर बनाई दुकानें 5 दुकानदारों को नोटिस

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




अचानक हड़कंप जब मच गया तब पांच दुकानदारों के खिलाफ नोटिस जारी हो गए और सप्ताह भर के अंदर दुकान हटाने की चेतावनी दे डाली। यह पूरा मामला जनपद के टनकपुर हाईवे के किनारे ग्रीन बेल्ट में अवैध कब्जा कर दुकानें बना ली गई है। मामला संज्ञान में आने पर सिटी मजिस्ट्रेट ने कुछ दिन पूर्व यहां निरीक्षण किया था। इधर अब पांच दुकानदारों को नोटिस जारी कर सप्ताह भर में दुकानें हटाने की चेतावनी दी गई है। शहर के बीचोबीच गुजर रहे टनकपुर हाईवे के दोनों तरफ ग्रीन बेल्ट हैं। मगर, समय के साथ हाईवे के हरियाली का सफाया कर वहां दुकानें बना ली। मामला संज्ञान में आने पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बीते 04 अक्टूबर को टनकपुर हाईवे के आसपास क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्हें एसपी आवास के सामने कुछ दुकानें बनी मिली थी। संदेह होने पर उन्होंने विनियमित क्षेत्र के जेई केके चंद को तलब कर उनसे जानकारी ली तो पांच दुकानें ग्रीन बेल्ट में बनी पाई गई। इस पर उन्होंने जेई विनियमित क्षेत्र को तत्काल दुकानदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। इधर अब सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर दुकानदार शाहगुल, एचएआर खान, रियाज अहमद, नूरुल हसन एवं जमाल अहमद को नोटिस जारी किए गए हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से जारी किए गए नोटिस में इन दुकानदारों को सप्ताह भर के भीतर स्वयं दुकानें हटाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में दुकानें न हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इधर नोटिस जारी होने के बाद दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

### नकाबपोश बदमाशों ने की पेट्रोल पम्प कर्मी से साढ़े तीन लाख की लूट



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** खेतासराय थाना क्षेत्र के मानीकला के एक पेट्रोल पंप से बैंक में पैसा जमा करने जा रहे पेट्रोल पंपकर्मी से नकाबपोश बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर साढ़े तीन लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। पेट्रोल पंप संचालक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना सोमवार की दोपहर ढाई बजे की है। आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के आमगांव निवासी सूरज सिंह ने बताया कि मानीकला स्थित उनकी केएसके पेट्रोल पंप है। सोमवार को दोपहर बाद पेट्रोल पंप का कर्मचारी नीरज यादव तीन लाख 55 हजार 850 रुपए बैग में रखकर सीमावर्ती फुलेश दीदारगंज आजमगढ़ स्थित यूबीआई की शाखा में बाइक से जमा करने जा रहा था। मानी खुर्द गांव के बाहर पीछे से बाइक से पहुंचे नकाबपोश दो बदमाशों ने कर्मचारी नीरज को असलहा दिखाकर रुपये से भरा बेग लूट लिया। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान और प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए नाकेबंदी की। लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि लूट की घटना हुई है। मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# थ्रेशर की चपेट में आने से दसवीं के छात्र की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



घर के पड़ोस में चल रही धान की मड़ाई के पास धान एकत्र करने गए छात्र की थ्रेसर की चपेट में आने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी से स्वजनों में कोहराम मच गया।घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई।

सोमवार घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव खानपुर चुकटिहाई निवासी वीरेंद्र के घर के पड़ोस में थ्रेसर से धान की मड़ाई की जा रही थी। वीरेंद्र का 16 बर्षीय पुत्र सर्वेश कक्षा दसवीं का छात्र है। शाम लगभग पांच बजे छात्र थ्रेसर के पास धान एकत्र करने लगा।इसी दौरान साफ्ट में गमछा फंसने से वह थ्रेसर की चपेट में आ गया।छात्र को थ्रेसर में फंसा देख धान की मड़ाई कर रहे लोग बचाने के लिए दौड़ पड़े। ट्रैक्टर को बंद कर थ्रेसर में फंसे छात्र को बमुश्किल बाहर निकाला गया।घटना की जानकारी से खलबली मच गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल छात्र ने घटनास्थल पर ही दम तोड दिया। जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। छात्र की मृत्यु से परिवार का रो- रो कर बुरा हाल है।परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी।थाना प्रभारी विषेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

### आपसी विवाद में सराफा व्यवसायी को मारी गई थी गोली, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** चंदवक। युवा सराफा व्यवसायी 26 वर्षीय विक्रांत सेठ अइलियाकी गांव की नहर पुलिया के पास बुधवार शाम गोली मारने की घटना जिसमें उपचार के दौरान हुई मौत के मामले का पुलिस पर्दाफाश करने का दावा करते हुए घटना में शामिल तीन अभियुक्तों में से दो को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल, जिंदा कारतूस व व्यवसायी की बैग जिसमें दुकान की चाभी थी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार मृतक विक्रांत सेठ व सिधौनी निवासी आदेश रघुवंशी पुत्र विपिन कुमार सिंह में गहरी दोस्ती थी ।पांच महीने पहले एक मामलें को लेकर दोनों में मारपीट हुई थी। तब से दोनों में रंजिश चल रही थी। आदेश विकान्त को रास्ते से हटाने की ठानी व अपने तीन दोस्तों सुनील सरोज पुत्र लालचंद व आजमगढ़ जनपद के मेहनगर थानाक्षेत्र के महुआरी निवासी कांधा सिंह पुत्र स्व.राम नारायण सिंह के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गठित सर्विलांस व स्वाट टीम ने घटना का अनावरण करते हुए मुखबिर की सूचना पर कसिली तिराहा से दो अभियुक्तों आदेश सिंह व सुनील सरोज को गिरफ्तार कर लिया। आदेश की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल व जिंदा कारतूस .32 बोर व विक्रांत का छोटा बैग जिसमें दुकान की चाभी थी बरामद किया।

# बड़ौदा ग्रामीण बैंक प्रबंधन के खिलाफ शिक्षकों ने आरपार की लड़ाई लड़ने का किया एलान




### वर्षों पहले भी तीन कर्मचारियों का एक तबादला हो चुका, फिर भी नहीं चेते

करीब दस वर्ष पूर्व शिक्षकों के साथ गलत व्यवहार करने और बेहतर सेवाएं न देने की शिकायतें उच्चाधिकारियों तक पहुंचने पर इसी बैंक प्रबंधन ने एक साथ तीन कर्मचारियों को सुदूर शाखाओं में स्थानांतरित कर एक संदेश दिया था। जिसमें स्पष्ट था कि शिक्षकों के खाते बैंक में बड़ी संख्या में हैं जिन्हें नजरअंदाज करने से बैंक को काफी नुकसान होगा। इसलिए बैंक ने ऐसे कर्मचारियों को स्थानांतरित करना बेहतर समझा।

### प्रबन्धक और लिपिक की तानाशाही कब-तक..

आम चर्चा है कि बैंक शाखा प्रबंधक स्केल दो के अधिकारी हैं। और बैंक शाखा ग्रेड चार की है। जिसके कारण शाखा प्रबंधक खुद को एडजस्ट नहीं कर पा रहे हैं। वह अपना ट्रांसफर दूसरी शाखा में कराना चाहते हैं। इसीलिए मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। ताकि शिकायतों के आधार पर उनका दूसरी शाखा में ट्रांसफर हो जाए। वहीं दूसरी ओर लिपिक प्रवीण बैंक यूनियन के बड़े पदाधिकारी का रिश्तेदार है। वह लोगों को धमकाता रहता है और कहता है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। मेरी पहुंच बहुत ऊपर तक है। शायद इसीलिए वह ग्राहकों से संयमित भाषा में बातचीत करने में अपनी तौहीन समझते है।

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की बिल्हौर शाखा के प्रबंधक और संगठन में अच्छी पकड़ रखने वाले एक लिपिक के मनमाने व्यवहार के चलते बेसिक शिक्षक और कर्मचारी काफी परेशान हैं। परेशान शिक्षकों ने दोषी शाखा प्रबंधक और लिपिक के खिलाफ आरपार की लड़ाई का मन बना लिया है। इस बाबत मुख्य प्रबंधक को पत्र भेजा गया है। गोरखपुर स्थित प्रधान कार्यालय को भेजे गए पत्र में टीएससीटी के जिला संयोजक सुनील वर्मा ने कहा है कि बिल्हौर बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के प्रबंधक और लिपिक प्रवीण के मनमाने रवैये से त्रस्त हैं। यह लोग शिक्षकों को पासबुक प्रिंटिंग के नाम पर कई -कई दिन तक टरकाते हैं। बैंक कर्मियों की मनमानी का विरोध करने पर शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार किया जाता है। जिससे शिक्षक समुदाय काफी आहत है। शिक्षकों ने अपनी समस्या विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के सामने रखी। जिसके आधार पर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आकाश बाजपेई ने भी शिकायती पत्र भेजकर दोषी जनों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उधर भारतीय रिज़र्व बैंक से भी मामले की शिकायत करने की तैयारी चल रही है। इसके अलावा एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही गोरखपुर में महाप्रबंधक से भी मुलाकात करने जाएगा। शिक्षकों का कहना है कि यदि गैर जिम्मेदार प्रबंधक और लिपिक के खिलाफ एक सप्ताह के अंदर कठोर कार्रवाई न की गई तो शिक्षक सैकड़ों वेतन खाते और स्कूल के अन्य सरकारी खाते दूसरी बैंकों में स्थानांतरित करवा देंगे।
उल्लेखनीय है कि सेवाओं में कमी के चलते पहले से ही कई शिक्षक अपने खाते दूसरी शाखाओं में स्थानांतरित करवा चुके हैं। और कई दूसरी राष्ट्रीकृत बैंकों की ओर रुख कर चुके हैं।

# जिम्मेदार सुनें पुकार, जलभराव से मचा हाहाकार

- मुख्य रुप से वार्ड नं 2 में निवास कर रहे लोगों के निवास के अन्दर दूषित जलभराव व गलियों में एकत्रित जलभराव से हो रही समस्यायों के निदान की मांग उठाई
- अधिशासी अधिकारी के न मिलने पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे को ज्ञापन सौंपा
- अधिकांश वार्डों में दूषित जल निकासी की सुचारू रूप से व्यवस्था न होने के कारण नगरवासी विभिन्न रूप की बीमारियों का शिकार हो रहे



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

शुक्लागंज। नगर की विभिन समस्यायों को लेकर हरि हर गौ एवं जन सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद गंगा घाट, पंकज यादव के नेतृत्व में आधा सैकड़ा लोगों ने पालिका पहुंच कर पांच सूत्रीय ज्ञापन नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गंगाघाट द्वारा जिला अधिकारी जनपद उन्नाव को प्रेषित किया। जिसमें मुख्य रुप से वार्ड नं 2 में निवास कर रहे लोगों के निवास के अन्दर दूषित जलभराव व गलियों में एकत्रित जलभराव से हो रही समस्यायों के निदान की मांग उठाई। अधिशासी अधिकारी के न मिलने पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पंकज यादव ने बताया के दूषित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण वार्ड नंबर दो में निवास कर रहे लोगों के घरों में दूषित जल भरा हुआ है व नालियों में भी भीषण दूषित जलभराव है। जिस कारण वार्ड में लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। व मच्छरों के प्रकोप से नौनिहाल भी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। नगर पालिका परिषद गंगा घाट क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में दूषित जल निकासी की सुचारू रूप से व्यवस्था न होने के कारण नगरवासी विभिन्न रूप की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। व नगर में नगर पालिका द्वारा गलियों में सड़क मार्ग में कराए जा रहे निर्माणों में क्षेत्र के भवन स्वामियों के सुविधाओ की अनदेखी से रोड ऊंची हो रही हैं और भवन भूमि के अन्दर होते जा रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में पूर्व में कार्यरत रहे इंजीनियरों व जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण नगर पालिका क्षेत्रनिवासियों को आर्थिक, मानसिक समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से मनीष कश्यप, पंकज यादव, सुनीता श्रीवास्तव, प्रेम, अंकित मिश्रा, नीरज यादव, कपूर चंद, जितेंद्र वर्मा, हर्ष कुमार, प्रेमदेवी सुषमा रानी आदि उपस्थित रहे।

# पड़ोसी को फंसाने के लिए पिता ने अपनी बेटी के पैरों पर गोली चलवाई थी

- पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा




**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर शिवराजपुर थाना क्षेत्र के बिरैचामऊ गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने योजनाबद्ध तरीके से पड़ोसी को फंसाने के उद्देश्य से 27 सितंबर की देर रात घर में घुसकर लड़की पर फायर झोंककर गांव में दहशत का माहौल पैदा किया।तमंचे से निकली गोली लड़की के पैर में धसने से घायल हो गई थी सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जांच उपरांत मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया पिछले माह 27 तारीख की मध्य रात्रि में बिरैचामऊ गांव निवासी कल्लू शर्मा ने जमीनी विवाद के कारण पड़ोसी कल्लन को फंसाने की साजिश में अपने घर में तमंचे से लड़की शुभी शर्मा पर सीधा फायर झोकवा दिया था। गोली के छर्रे लड़की के पैर में धस गए।गोली की आवाज सुन आस पास पड़ोस के लोगो में दहशत का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी। गोली कांड सुन मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में पड़ी शुभी शर्मा को नजदीकी सीएचसी लेकर पहुंचे जहां उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिसौदिया ने बताया कि मामले में कई पहलुओं पर जांच चल रही थी सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए गांव के ही निवासी अभियुक्त बुजुर्ग मोहन पुत्र छोटेलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।अभियुक्त के पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# फेल हो गया गड्ढा मुक्ति अभियान

- शहर की हालत जर्जर, अभी दस फीसदी काम भी नही हुआ

### कृष्णानगर मोहल्ले में स्थिति अधिक खराब

शहर के कृष्णानगर मोहल्ले में सीमेंटेड रोड पूरी तरह टूट गई है और लोगों को निकलने में दिक्कत हो रही है। यहां धीराताल की जल निकासी न होने के कारण सड़क टूट गई है। कई बार मोहल्ले के लोगों ने धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया फिर भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। मोहल्ले के अंदर भी गलियों की स्थिति दयनीय है।

### नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी श्यामेन्द्र मोहन चौधरी कहते है

शहर के अंदर की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए पैचवर्क कराया गया है। कई सड़कें डूडा और पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आतीं हैं, जिसके लिए उन विभागों को सूचित किया गया है। कृष्णानगर के लिए अलग से बजट की मांग की गई है।

### लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता दीपेश अस्थाना ने कहा कि

शासन ने 31 अक्तूबर तक सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए साढ़े चार करोड़ रुपये का बजट मिला है। कार्ययोजना के आधार पर सभी सड़कों पर पैचवर्क का काम चल रहा है। कई सड़कों का नवीनीकरण भी कराया जाएगा।

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

मुख्यमंत्री के 10 अक्तूबर तक शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का आदेश भी पूरा नहीं किया। सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए 25 फीसदी काम पूरा होना था। इसके सापेक्ष अभी तक 10 फीसदी काम भी पूरा नहीं हुआ है। स्थिति यह है कि अभी भी लोगों को खराब सड़कों से गुजरना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन और लोक निर्माण विभाग एक दूसरे पर गड्ढा मुक्त अभियान का ठीकरा फोड़ रहे हैं।
मुख्यमंत्री के आदेश में संशोधन करते हुए इसे 31 अक्तूबर तक कर दिया गया, लेकिन 10 अक्तूबर तक 25 फीसदी काम पूरे होने की रिपोर्ट भी मांगी गई थी। नगर पालिका परिषद ने शहर के सभी 25 वार्डों में सर्वे कराया और सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का काम शुरू किया। पालिका की मानें तो शहर में अब कोई खराब सड़क नहीं है, जबकि हकीकत यह है कि मोहल्ला शेखपुरा, शेखाना, नटियाना, हाजी शरीफ से लुधपुरी जाने वाली सड़क, फूलमती मंदिर से लाखन तिराहा तक, पाटानाला से हाजीगंज ईदगाह तक, सरायमीरा में कृष्णानगर रोड, तिर्वा रोड से रेलवे स्टेशन तक, जीटी रोड से चौधरीसराय, मकरंदनगर रोड सहित कई सड़कें खराब स्थिति में हैं। गोलकुआं से मानपुर रोड की स्थिति यह है कि इसमें सैकड़ों गड्ढे हैं, जिनमें पानी भरा है। कई जगह नाला चोक होने के कारण जल निकासी नहीं हो पा रही है, जिसके कारण सड़कें जर्जर स्थिति में पहुंच गईं हैं।

# आत्महत्या की बात गलत, जेल जाने के डर से खिड़की में दे मारा सिर




**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

तिर्वा। कोर्ट से जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर पुलिस आरोपी को पकड़ कर कोतवाली ले आई। जेल जाने के भय से उसने कोतवाली में ही खिड़की में सिर मार दिया और हाथ पटकने लगा। इससे उसके सिर व हाथ में मामूली चोट आई। पुलिस ने उसका इलाज कराकर उसे सुरक्षा में बिठा दिया आज उसे कोर्ट में पेश किया गया। कल स्थानीय मीडिया ने खबर चलाई कि एक व्यक्ति ने कोतवाली में आत्महत्या की कोशिश की। कुछ ही देर बाद जिला पुलिस के एक प्रवक्ता ने बयान जारी कर इसे कोरी अफवाह बताते हुए सख्ती से खण्डन किया। आबकारी अधिनियम के तहत तिर्वा के बौद्ध नगर निवासी गौतम का न्यायालय में मामला विचाराधीन है। न्यायालय के समक्ष पेश न होने पर न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। रविवार की शाम पुलिस गौतम को पकडकर कोतवाली ले आई। जेल जाने के डर से उसने पास में लगी खिड़की में सिर मार लिया, जिससे टूटी कांच से आरोपी के सिर व हाथ में मामूली चोट आ गई। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के बाद उसका जीडी में दाखिला किया गया। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस हिरासत में आत्महत्या करने का प्रयास करने की बात गलत है। जेल जाने के डर से वारंटी ने खिड़की में सिर मार लिया था, जिससे उसके हल्की चोट आई है।

# लेह जा रहे राइडर की बाइक डिवाइडर से टकराई, मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

गंजमुरादाबाद। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह आठ बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर गांव की हवाई पट्टी के पास तेज रफ्तार राइडर की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसा बाइक चालक को झपकी आने से हुआ। पश्चिम बंगाल के जिला मुर्सिदाबाद के थाना बेरहानपुर के गांव चौनपुर लोकनाथपल्ली निवासी विक्रम बोथ्रा (29) पुत्र कमल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइकों पर साथ चल रहे साथी प्रलय हल्दर और विद्युत मजूमदार की सूचना पर पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। साथी प्रलय हल्दर ने बताया कि कि वह सभी राइडर हैं। 11 अक्तूबर को वह बाइक से लेह लद्दाख जाने के लिए निकले थे। पश्चिम बंगाल से लद्दाख की दूरी 2700 किलोमीटर है।
इसमें 1000 किलोमीटर का सफर वह तय कर चुके थे। साथियों ने झपकी लगने से घटना होने की आशंका जताई है।

# करहल जा रहे पीसीसी चीफ का कांग्रेसियो ने किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन कार्यक्रम हेतु करहल जाते समय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश पालीवाल एवं समस्त जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के फगुआ कट तिर्वा में माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया
इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष उषा दुबे, पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशासन अविनाश चंद दुबे, महिला जिला अध्यक्ष रीना सिंह वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष डॉक्टर फिदा हुसैन मंसूरी, पूर्व शहर अध्यक्ष एहसानुल हक खान, जिला महासचिव रमाशंकर राठौर, तालग्राम ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सविता, लियाकत अली जिला सचिव, संजीव दुबे मुन्ना तालग्राम नगर अध्यक्ष, गुड्डू गांधी, राजीव श्रीवास्तव, इमरान अली यूथ उपाध्यक्ष कलीम भाई नगर अध्यक्ष समधन, विनय त्रिपाठी, सत्य प्रकाश शर्मा, मोहित सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, राहुल कुमार, सहित सैकड़ो कांग्रेस जन भारी संख्या में मौजूद रहकर माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी का भव्य स्वागत किया।

# महिला महाविद्यालय में हुई सड़क सुरक्षा क्लब की बैठक

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**




आज राजकीय महिला महाविद्यालय के तत्वावधान में प्राचार्य रीतू सिंह के निर्देशन एवं संरक्षण में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत आज सड़क सुरक्षा क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा संपन्न कराए गए कार्यक्रमों पर संतोष व्यक्त किया गया। इसके उपरांत आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कराए जाने हेतु प्रेरित करने के लिए दिशा निर्देशों पर चर्चा हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे। प्राचार्य ने अपने संबोधन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि हमें यातायात के नियमों का अपने जीवन में अनुपालन करना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए।
आज ही के दिन शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा घर-घर जाकर अभिभावकों को सड़क सुरक्षा हेतु जागरूक किया गया जिसमें पंपलेट वितरित किए गए तथा व्यक्तिगत तौर पर सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों को बताया गया। छात्राओं ने यातायात के नियम तथा वाहन चलाते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी होती है, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट बांधने से लेकर, नशे में वाहन न चलाने, अधिक सवारी न बिठाने आदि बिंदुओं को अभिभावको को समझाया। इस डोर टू डोर सड़क सुरक्षा अभियान का नेतृत्व सड़क सुरक्षा समिति प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने किया। अजीत ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा नोडल प्रेम प्रकाश यादव, प्रवक्ता शिक्षाशास्त्र डॉ. नेहा मिश्रा, नूपुर, किरण सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### ननिहाल से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी। तकिया-हुलासीकुआं मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक पांच दिन पहले ही चंडीगढ़ से घर आया था। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव नोनार निवासी वीरू (18) पुत्र छत्रपाल अपनी ननिहाल शकूराबाद स्थित मंशारानी मंदिर का मेला देखने नाना बैजूलाल के घर आया था। शनिवार को उसे तेज बुखार होने से वह शाम को तकिया चौराहा स्थित डॉक्टर को दिखाकर शकूराबाद जा रहा था। तकिया-हुलासीकुआं मार्ग पर फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सीतापुर गांव के पास कोई वाहन उसे टक्कर मारते हुए निकल गया।

# दुबई की कंपनी के साथ कृषि उत्पाद पैकेजिंग क्षेत्र में उतरेगा एचएमए ग्रुप

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

सोनिक। मांस निर्यातक ग्रुप एचएमए दुबई की स्नैक फूडस्टफ एलएलसी कंपनी के साथ कृषि उत्पाद पैकेजिंग क्षेत्र में उतरने जा रहा है। जनपद में उद्यम लगाने के लिए कंपनी से ग्रुप का 2000 करोड़ का करार हुआ है। कंपनी का प्रतिनिधि मंडल उद्यम से जुड़ी औपचारिकता पूरी करने इसी महीने दुबई से आ रहा है।
दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र में एचएमए ग्रुप की मांस निर्यातक कंपनी एओवी संचालित है। वर्तमान में ग्रुप की उन्नाव के अलावा दिल्ली, अलीगढ़ और आगरा में भी शाखाएं हैं। मुख्य कार्य पशुओं की स्लॉटरिंग और मांस निर्यात का है। साथ ही पैकेट बंद मछली व चावल भी विदेशों में निर्यात किया जाता है।
अब एचएमए ग्रुप ने दुबई की प्रमुख कृषि उत्पाद पैकेजिंग कंपनी स्नैक फूडस्टफ एलएलसी के साथ 2000 करोड़ का करार किया है। 12 अक्तूबर को दुबई की कंपनी ने एचएमए ग्रुप के साथ मिलकर संयुक्त रूप से जनपद में उद्यम लगाने के लिए करार पर हस्ताक्षर किए हैं। ग्रुप के अध्यक्ष रफीक नदाफ की मौजूदगी में इस समझौते के तहत दोनों ग्रुप कृषि उत्पादों जैसे सोयाबीन, चावल, आलू, सब्जियों के साथ ही मछली आदि की पैकेजिंग करके उसे खाड़ी मुल्कों में निर्यात करेंगे।
कृषि उत्पाद सीधे किसानों से खरीदकर उनकी पैकेजिंग की जाएगी। इससे जिले के लोगों को रोजगार मिलेगा। एचएमए ग्रुप के जनरल मैनेजर खालिद मिर्जा ने बताया कि ग्रुप के अध्यक्ष रफीक नदाफ से इस समझौते से किसानों को काफी फायदा पहुंचेगा। यह करार ग्रुप के अंतरराष्ट्रीय विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यह करार दोनों देशों के बीच सहयोग और विकास के नए अवसरों की संभावना को खोलेगा।
बताया कि दिवाली के पहले दुबई से कंपनी का एक प्रतिनिधिमंडल जमीन देखने आएगा। खालिद मिर्जा के अनुसार, इस रणनीतिक साझेदारी से भारत और यूएई के बीच व्यापारिक संबंधों को एक नई दिशा मिलेगी। किसानों की आमदनी बढ़ेगी। इससे क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और जनपद में अधिक निवेश होगा।

# मेडिकल कालेज की नर्स ने खुदकशी की



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

राजकीय मेडिकल कॉलेज में रविवार की शाम नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कैंपस में बने आवास में उसका शव फंदे से लटका मिला। सुसाइड की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किये और मामले की जांच में जुट गई। नर्स ने 7 महीने पहले ही संविदा पर जॉइन किया था।
तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज के टाइप 2 आवास के रूम नम्बर 12 में रविवार की शाम नर्स रोशनी गौतम का शव फांसी पर लटका मिला। रोशनी गौतम हरदोई जिले के मल्लावां कस्बे की रहने वाली थी। उसने मार्च 2024 में राजकीय मेडिकल कॉलेज में संविदा पर जॉइन किया था। मेडिकल कॉलेज कैंपस के जिस रूम में वह रहती थी। उसमें उसके साथ रहने वाली दो और नर्स भी थी। घटना के समय दोनों नर्स ड्यूटी पर थी जबकि रोशनी गौतम रूम पर अकेली थी। ड्यूटी के बाद जब उसके साथ की नर्स रूम पर पहुंची तो उन्हें वहां रोशनी का शव फांसी पर लटका दिखा। इसके बाद घटना की सूचना तिर्वा कोतवाली पुलिस को दी।
कुछ ही देर में पुलिस फोर्स घटना स्थल पर पहुंच गया और शव को कब्जे में लेकर मॉर्च्यूरी में रखवा दिया। नर्स रोशनी गौतम के सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस टीम ने उसके रूम की तलाशी ली। फोरेंसिक टीम ने रूम से साक्ष्य एकत्र किए। फिलहाल पुलिस इस प्रकरण की जांच कर रही है और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# 23 लाख से पांच कच्चे रास्तों पर बिछेगी इंटरलाकिंग



### यहां बिछेगी इंटरलॉकिंग

- पीतांबर नगर के वार्ड नंबर आठ में दिनेश चौरसिया के घर से छोटे के घर तक इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण- लागत 2.86 लाख
- कृष्णा नगर में विजय लोधी के घर से कनौजिया के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण- लागत 2.51 लाख
- कब्बाखेड़ा में भूपेंद्र सिंह की गली से नाली तक इंटरलॉकिंग निर्माण- लागत 7.20 लाख
- सफीपुर के फिरोजपुर खुर्द दत्ताखेड़ा में श्रवण सिंह के दरवाजे से अमित सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग- लागत 4.42 लाख
- चिलौली में रमेश के घर से कल्लू के घर तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण- लागत 6.19 लाख

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

एक लाख की आबादी को जल्द ही कच्चे रास्तों से निजात मिलने की उम्मीद है। सांसद निधि से मिली 23 लाख की धनराशि से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग पांच रास्तों पर इंटरलॉकिंग बिछवाने जा रहा है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगरीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे मार्ग हैं जो लंबे समय से कच्चे हैं। इन पर ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो रहा है। बारिश के दौरान यह मार्ग दलदल में तब्दील हो जाते हैं, जिससे करीब एक से दो माह तक रास्ता बंद हो जाता है और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ती है। पूर्व में लोगों ने इन समस्याओं के निस्तारण के लिए सांसद ने गुहार लगाई थी। इसके बाद सांसद डॉ. हरि साक्षी महाराज ने शहरी व राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने ग्रामीण क्षेत्र के लिए अपनी निधि से इंटरलॉकिंग निर्माण के जरिए कच्चे मार्गों को पक्का करने के लिए करीब 23 लाख का बजट दे दिया है।
निधि मिलने के बाद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने पांच कच्चे मार्गों पर इंटरलॉकिंग लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। इससे क्षेत्रों में आवागमन सुलभ होगा। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशाषी अभियंता नरेंद्र जैन ने बताया कि दो सांसदों की निधि से पांच इंटरलॉकिंग निर्माण के लिए पैसा मिला है। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही धरातल पर काम शुरू कराया जाएगा।

# दर्द से तड़पती रही वृद्धा, नहीं मिले डॉक्टर

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



नवाबगंज सीएचसी में रविवार को हादसे में घायल वृद्धा दर्द से तड़पती रही, लेकिन इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर मरीज को देखने नहीं पहुंचे।
कुंजपुर गांव निवासी वृद्धा राधिका (65) रविवार को कार की टक्कर से घायल हो गई थीं। आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद सीएचसी पहुंचाया। यहां वह एक घंटे तक तड़पती रहीं। फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार ने दर्द का इंजेक्शन लगाया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सीएचसी में डॉक्टर न होने की जानकारी सीएमओ को दी।
इसके बाद सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद सीएचसी पहुंचे। उन्होंने मरीज को देखा और सीएचसी अक्षीक्षक डॉ. राजेश से वृद्धा को जिला अस्पताल रेफर करवाया। एसीएमओ ने बताया कि शनिवार को डॉ. सिद्धार्थ की और रविवार को डॉ. शैलेंद्र अस्थाना की ड्यूटी थी, लेकिन दोनों डॉक्टरों ने आपस में बात करके ड्यूटी बदल ली थी।
इस हिसाब से डॉ. सिद्धार्थ को रविवार को ड्यूटी करनी थी, लेकिन वह फोन करने के बाद सीएचसी पहुंचे। डॉक्टर पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट बनाकर सीएमओ को देंगे।



### वाहन की टक्कर से सब्जी विक्रेता की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव।** बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव नौबतगंज निवासी मंशाराम (44) सब्जी बेचता था। शनिवार देर शाम सात बजे कानपुर के बिल्हौर क्षेत्र के गांव नानामऊ में सब्जी बेचकर साइकिल से घर लौट रहा था। वह नानामऊ पुल पर पहुंचा वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर दूर जा गिरा और वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस उसे सीएचसी लाई। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पति की मौत से पत्नी सुमन, बेटा शुभम, प्रिंस, बेटी सिया और खुशी बेहाल हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# छत्तीसगढ़ में कांस्टेबल की बेटी-पत्नी की हत्या के बाद बवाल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब की 32 वर्षीय पत्नी और 11 बेटी की हत्या के बाद आज भीड़ उग्र हो गई। इस भीड़ के आक्रामक होने पर वहां पहुंचे एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने दौड़कर अपनी जान बचाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

### भीड़ ने कुलदीप साहू के घर में लगाई आग

नाराज भीड़ ने आदतन आरोपी कुलदीप साहू के घर को आग के हवाले कर दिया है। आक्रामक भीड़ ने एसडीएम जगन्नाथ वर्मा के साथ मारपीट की है वहीं एसपी के साथ धक्कामुक्की करने का मामला सामने आया है। भीड़ की द्वारा नेशनल हाईवे रोड पर बैठकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

### सूरजपुर में तनाव की स्थिति

इस डबल मर्डर की वारदात से सूरजपुर में तनाव की स्थिति है। आक्रोशित भीड़ ने थाने के सामने धरना दिया और जमकर नारेबाजी की है। घटना के विरोध में लोगों ने इलाके की सारी दुकानों को बंद कर दिया है। फिलहाल, सूरजपुर शहर और आस-पास के इलाके में तनावपूर्व स्थिति है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर भीड़ को काबू करने में जुटे हुए हैं।



#### वारदात के बाद तालिब के परिवार पर हमला

आरक्षक घनश्याम सोनवानी पर कुलदीप साहू हमला कर फरार हो गया। पुलिस को आशंका है कि इस वारदात के बाद कुलदीप भैयाथान रोड स्थित रिंग रोड पर निवासरत प्रधान आरक्षक तालिब के घर पहुंचा और तालिब की पत्नी और बिटिया को बलपूर्वक उठा ले गया। जिसके बाद धारदार हथियार से दोनों लोगो की हत्या कर शव को दो किलोमीटर दूर फेंक दिया।

### बदमाश है आरोपी कुलदीप

बेटी और मां के हत्या का आरोपी कुलदीप साहू आदतन बदमाश है। आरोपी कुलदीप साहू एनएसयूआई का पूर्व महासचिव रह चुका है।

### क्या है मामला

बीते रविवार की शाम को जब प्रधान आरक्षक तालिब और आरक्षक घनश्याम सोनवानी चौपाटी पर खड़े थे। तब अचानक कुलदीप ने बिरयानी सेंटर से कड़ाही पर मौजूद गर्म तेल सिपाही घनश्याम पर उड़ेल दिया। बेहद गंभीर हालत में घनश्याम सोनवानी को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

#### कुलदीप की तलाश में छापेमारी तेज

वहीं सूरजपुर में इस प्रकार की घटना पहली बार घटित हुई है। जिसमें किसी अपराधी ने पुलिस के परिवार को ही निशाना बनाया हो। कुलदीप की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। कुलदीप का एक वाहन लटोरी के पास बरामद हुआ है।

#### आरोपी इस बात से था नाराज


वहीं खबर है कि आरोपी कोतवाली पुलिस की लगातार कार्यवाही से नाराज था। आरोपी के भाई संदीप ने एक व्यक्ति को छत से धक्का दे दिया था। जिस वजह से पुलिस संदीप को जब गिरफ्तार कर रही थी तब कुलदीप ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जताई थी। जिसके बाद विवाद उस समय भी गहरा गया था जब जिला बदर हो चुके आरोपी के चाचा के खिलाफ जिला बदर की अवहेलना के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की थी। चर्चा यह भी है कि आरोपी लगातार पुलिस के द्वारा उसके परिवार के खिलाफ कार्रवाई से बौखलाहट में दिख रहा था।

#### पीएम रिपोर्ट से होगा वारदात का खुलासा

प्रधान आरक्षक के परिवार की हत्या को लेकर पीएम रिपोर्ट से स्थिति और स्पष्ट रुप से सामने आएगी। बच्ची और महिला के शव की स्थिति को देखते हुए प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

# अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार का एलान

## डारोन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को सम्मान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अर्थिक क्षेत्र में योगदान के लिए 2024 के नोबेल पुरस्कार का एलान कर दिया है। आर्थिक विज्ञान के क्षेत्र में अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिया जाने वाला स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार डारोन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को दिया गया है। विजेताओं को यह सम्मान संस्थाएं कैसे बनती हैं और समृद्धि को कैसे प्रभावित करती हैं, पर अध्ययन के लिए दिया गया है।

### कौन हैं डारोन एसमोग्लू?

कामेर डारोन ऐसमोग्लू अर्मेनियाई मूल के एक तुर्की-अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं। वे 1993 से मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पढ़ा रहे हैं। वहां वे वर्तमान में अर्थशास्त्र के एलिजाबेथ और जेम्स किलियन प्रोफेसर हैं। उन्होंने 2005 में जॉन बेट्स क्लार्क पदक प्राप्त किया, और 2019 में उन्हें एमआईटी ने प्रोफेसर के रूप में नामित किया।

### कौन हैं साइमन जॉनसन?

साइमन एच. जॉनसन एक ब्रिटिश अमेरिकी अर्थशास्त्री हैं। उनका जन्म 16 जनवरी, 1963 को हुआ। वे एमआईटी स्लोअन स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट में उद्यमिता के रोनाल्ड ए. कट्र्ज प्रोफेसर हैं। इसके साथ ही जॉनसन पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में सीनियर फेलो हैं।

### कौन हैं जेम्स ए रॉबिन्सन?

1960 में पैदा हुए जेम्स एलन रॉबिन्सन एक ब्रिटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिक वैज्ञानिक हैं। वह वर्तमान में ग्लोबल कॉन्फ्लिक्ट स्टडीज के रेवरेंड डॉ. रिचर्ड एल. पियर्सन प्रोफेसर और शिकागो विश्वविद्यालय के हैरिस स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी में यूनिवर्सिटी प्रोफेसर हैं।

#### 2022 में तीन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को मिला था सम्मान

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने पिछले साल अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार बेन एस बर्नानके, डगलस डब्ल्यू डायमंड और फिलिप एच डायबविग को दिए थे। इन्हें बैंकों और वित्तीय संकटों पर शोध के लिए सम्मानित किया गया था। तीनों पुरस्कार विजेताओं ने विशेष रूप से वित्तीय संकट के दौरान अर्थव्यवस्था में बैंकों की भूमिका के बारे में हमारी समझ में काफी सुधार किया था। उनके शोध में एक महत्वपूर्ण खोज यह है कि बैंकों के पतन से बचना क्यों महत्वपूर्ण है?

#### वर्ष 1969 से दिया जा रहा है अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार

आर्थिक विज्ञान में सेवरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिया जाता है। बता दें कि अल्फ्रेड नोबेल ने अपनी वसीयत में अर्थशास्त्र पुरस्कार का उल्लेख नहीं किया था। स्वेरिग्स रिक्सबैंक ने 1968 में पुरस्कार की स्थापना की और रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज को 1969 में शुरू होने वाले आर्थिक विज्ञान में पुरस्कार विजेताओं के चयन का कार्य दिया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### प्रधानमंत्री आज विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा 2024 का उद्घाटन करेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को सुबह 10 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ -विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन करेंगे। डब्ल्यूटीएसए, अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ, डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के मानकीकरण कार्य के लिए यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जो हर चार साल में आयोजित किया जाता है। यह पहली बार है कि यह आयोजन भारत और एशिया-प्रशांत में किया जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक कार्यक्रम है, जिसमें दूरसंचार, डिजिटल और आईसीटी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 190 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक उद्योग के नेता, नीति-निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ एक साथ आएंगे।

### प. बंगाल: डॉक्टरों और सरकार की बैठक बेनतीजा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता।** राज्य के डॉक्टरों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और मुख्य सचिव मनोज पंत के बीच सोमवार को बैठक हुई। बैठक से डॉक्टरों को निराशा हाथ लगी। स्वास्थ्य भवन में हुई इस बैठक में राज्य सरकार की ओर से 10 सूत्री मांगों पर कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला, जिससे डॉक्टरों में असंतोष बना हुआ है। जूनियर डॉक्टरों ने बैठक में अपने प्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधि देवाशीष हालदार ने कहा कि हमारे बिना इस बैठक का कोई मतलब नहीं है। हम लंबे समय से आंदोलन और अनशन कर रहे हैं, लेकिन हमें बातचीत में शामिल नहीं किया गया। इस बैठक के सफल होने की उम्मीद नहीं है। बैठक में स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। आंदोलनकारी डॉक्टरों ने बैठक में स्वास्थ्य सचिव के इस्तीफे की मांग उठाई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में मौजूद संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सचिव की अनुपस्थिति पर आपत्ति जताई।

### 56 यात्रियों को लेकर कुल्लू पहुंची पहली उड़ान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कुल्लू।** जिला कुल्लू के भुंतर हवाई अड्डा से अब राजस्थान के जयपुर के लिए विमान सेवा शुरू हो गई है। सोमवार को जयपुर से 56 यात्रियों को लेकर पहली उड़ान भुंतर पहुंची और यहां से 21 यात्रियों को लेकर जयपुर के लिए रवाना हुई। यह हवाई उड़ान हफ्ते में दो दिन होगी। इससे राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पर्यटन कारोबार को भी काफी फायदा मिलेगा और सैलानियों को काफी कम कीमत में हवाई उड़ान का भी मजा मिलेगा। एलाइंस एयर के स्थानीय मैनेजर मनीष ने बताया कि पिंक सिटी के लिए नई हवाई सेवा आरंभ हो गई है और हफ्ते में दो दिन सेवा मिलेगी।उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर विमान सेवा सोमवार और बुधवार को मिलेगी और 55 मिनट के सफर में एलायंस एयर का 71 सीटर विमान जयपुर से सुबह 8:20 बजे उड़ान भरेगा और सुबह 10:15 पर लैंड करेगा। 20 मिनट रुकने के बाद 10:35 बजे सुबह वापस उड़ान भरेगा और 12:40 पर जयपुर पहुंचेगा। भुंतर हवाई अड्डा से मात्र 2500 रुपये में सैलानी अब जयपुर का सफर पूरा कर पाएंगे। इससे पहले राजस्थान के जयपुर जाने के लिए यात्रियों को टैक्सी का सहारा लेना पड़ता था और टैक्सी में उन्हें 35 हजार से अधिक का किराया खर्च करना पड़ता था।

# खाने-पीने के चीजों की कीमतों का बढ़ना जारी, सितंबर में खुदरा महंगाई दर उछलकर 5.49 प्रतिशत पर पहुंची

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

थोक महंगाई दर के आंकड़ों के बाद खुदरा महंगाई के आंकड़े भी जारी हो गए हैं। सितंबर में भारत की खुदरा महंगाई दर सालाना आधार पर 5.49 प्रतिशत तक बढ़ गई। यह इजाफा खाने-पीने के चीजों की कीमतें लगातार बढ़ने के कारण हुआ। खुदरा महंगाई दर पिछले महीने दर्ज किए गए 5 साल के निचले स्तर 3.65 प्रतिशत से कहीं अधिक है। जुलाई के बाद पहली बार यह भारतीय रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के मध्यम अवधि के लक्ष्य को पार कर गई।

### खुदरा महंगाई बढ़ने का ये है कारण

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई बास्केट में आधी हिस्सेदारी रखने वाले खाद्य पदार्थों की महंगाई दर सितंबर में 9.24 प्रतिशत पर पहुंच गई। अगस्त महीने में खाद्य पदार्थों की खुदरा महंगाई दर 5.66 थी। इससे पहले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत और अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। जुलाई-अगस्त दोनों ही महीनों में खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के लक्ष्य के भीतर थी। दूसरी ओर, अगस्त 2023 में सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 6.83 प्रतिशत थी।



### इसकी वजह क्या?

इसकी वजह सब्जियों की मुद्रास्फीति रही, जो सितंबर में 48.73 फीसदी बढ़ी थी। अगस्त में यह 10.01 फीसदी घट गई थी। आलू की मुद्रास्फीति सितंबर में 78.13 और प्याज की 78.82 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही। ईंधन और बिजली श्रेणी में सितंबर में 4.05 फीसदी की अपस्फीति देखी गई, जबकि अगस्त में 0.67 प्रतिशत की अपस्फीति हुई थी।

#### थोक महंगाई में भी इजाफा

सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों के महंगे होने से थोक मूल्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 1.84 फीसदी हो गई। अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 1.31 फीसदी थी। पिछले साल सितंबर में यह 0.07 फीसदी घटी थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 11.53 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त में यह 3.11 फीसदी थी।

# कर्नाटक के राज्यपाल को 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा खुफिया रिपोर्ट के आधार पर लिया गया फैसला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। इसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान उनकी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने इस संबंध में एक लिखित आदेश जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि इसकी सूचना पिछले हफ्ते सीआरपीएफ को दी गई थी। जेड श्रेणी की सुरक्षा का फैसला हाल ही में खुफिया ब्यूरो द्वारा तैयार की गई एक सुरक्षा विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, सीआरपीएफ के जवानों ने कर्नाटक के राज्यपाल की सुरक्षा की जिम्मा संभाल लिया है और कुछ अन्य संबंधित प्रक्रियाएं इस हफ्ते के अंत तक पूरी की जाएंगी। गललोत को केवल कर्नाटक में जेड श्रेणी का सुरक्षा कवर प्रदान किया जाएगा। थावरचंद गहलोत (76 वर्षीय) ने जुलाई



2021 में कर्नाटक के राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभाल था। वे कर्नाटक के 13वें राज्यपाल हैं। वह मध्यप्रदेश से राज्यपाल बनने वाले पहले शख्स हैं। गहलोत 2014 से 2021 तक केंद्र सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री के पद पर रहे हैं। इसके अलावा, वे राज्यसभा में सदन के नेता रह चुके हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य भी रहे हैं।

# ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा: अमित शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त करने के सफल अभियानों के लिए बधाई दी। एक्स पर शाह ने कहा कि ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा। उन्होंने लिखा कि मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त करने के सफल ऑपरेशनों की श्रृंखला के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल ही में गुजरात पुलिस द्वारा 5,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद करना भी शामिल है। अमित शाह ने आगे कहा कि नशीली दवाओं और नार्को व्यापार



के खिलाफ धरपकड़ बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगी। मोदी सरकार हमारे युवाओं को नशीली दवाओं के संकट से बचाकर नशा मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि वे दिल्ली को नशा मुक्त शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मुंबई पुलिस की उज्जैन और ओंकारेश्वर में ताबड़तोड़ छापेमारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। उज्जैन/खंडवा**

एनसीपी नेता व महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल एक आरोपी की तलाश में मुंबई पुलिस की टीम मध्यप्रदेश पहुंची है। पुलिस ने अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या में और लोगों के शामिल होने का संदेह है। एक पुलिस अधिकारी ने मुताबिक, मुंबई पुलिस की एक टीम मध्यप्रदेश पुलिस के साथ मिलकर आरोपी शिवकुमार गौतम उर्फ शिवा (जो उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला है) की तलाश कर रही है। ऐसी आशंका है कि वह मध्यप्रदेश में छिपा हो सकता है और उसे मध्यप्रदेश के उज्जैन



जिले और ओंकारेश्वर (खंडवा) में खोजा जा रहा है। रविवार शाम 7:30 बजे तक किसी का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने दावा किया कि संदिग्ध आरोपी संभवतः लगातार अपना ठिकाना बदल रहा है।

### क्या है मामला

66 साल के एनसीपी नेता को शनिवार रात मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन लोगों ने घेरकर गोली मार दी थी। मुंबई पुलिस के अनुसार, उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### दो आरोपी गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच अधिकारी ने रविवार शाम को मुंबई में मीडिया को बताया, मुंबई पुलिस ने 15 टीमें गठित की हैं, जिन्हें महाराष्ट्र से बाहर भेजा गया है और यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि शूटरों को किसने रसद सहायता प्रदान की? पुलिस ने अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपियों से दो पिस्तौल और 28 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। अब तक मूल रूप से उत्तर प्रदेश और हरियाणा के रहने वाले दो शूटरों और पुणे के एक सह-साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है।

#### अभी यहां डेरा डाले रहेगी मुंबई पुलिस

बता दें कि मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्धीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना तीन लोगों ने अंजाम दी है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन तीसरा अभी फरार है। उसकी तलाश में मुंबई पुलिस ने देश के कई शहरों में अपनी टीमें भेजी हैं। इसी कड़ी में एक टीम उज्जैन भी पहुंची। बताया गया है कि टीम आरोपी की तलाश में अभी यहां डेरा डाले रहेगी।

# त्योहारों में 4.25 लाख करोड़ के व्यापार से भारतीय अर्थव्यवस्था में उछाल, चीनी सामान का बहिष्कार!

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के सबसे बड़े त्योहार दीवाली एवं उससे जुड़े अन्य त्योहारों की श्रृंखला से व्यापारी और उपभोक्ता, दोनों बेहद उत्साहित हैं। यही वजह है कि इस बार रक्षा बंधन से लेकर दीवाली तक के त्योहारी सीजन में देश के बाजार गुलजार हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया, इस त्योहारी सीजन में लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। कैट द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के 70 शहरों, जिन्हें व्यापारिक वितरण केंद्र माना जाता है, में व्यापारी संगठनों के बीच कराए गए एक हालिया सर्वे की समीक्षा रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं। त्योहार के सीजन में लगभग 70 करोड़ ग्राहक बाजारों में खरीददारी करते हैं। फेस्टिवल सीजन में 500 रुपये से लेकर हजारों और लाखों रुपये खर्च करने वालों की कमी नहीं है। देश में त्योहारों के इस सीजन की महत्त्वता, व्यापार की दृष्टि से बेहद ही महत्वपूर्ण है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा, यूं तो इन त्योहारों में व्यापार के सभी क्षेत्रों में बड़ी बिक्री होती है, लेकिन विशेष रूप से गिफ्ट आइटम्स, मिठाई-नमकीन, ड्राई फ्रूट, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो मोबाइल, वस्त्र, आभूषण, कपड़ा, बर्तन, क्राकरी, मोबाइल, फर्नीचर, फ़र्निशिंग, रसोई के उपकरण, घर के लिए सजावटी सामान, फुटवियर, सौंदर्य प्रसाधन और कॉस्मेटिक्स की वस्तुओं की बिक्री होती है। इसके अलावा कंप्यूटर एवं आईटी उपकरण, स्टेशनरी, बिजली का सामान, फल फूल, पूजा सामग्री, मिट्टी के दिये एवं कुम्हारों द्वारा बनाये गये अन्य सामान, भगवानों की तस्वीर, मूर्ति आदि, हार्डवेयर, पेंट, फैशन की वस्तुएं, खाद्य सामान, एफएमसीजी सामान, किराना, सॉफ्ट ड्रिंक, कन्फेक्शनरी, खाद्य तेल, रेडीमेड फूड और खिलौनों की भी भारी मांग रहती है। ऐसे में उक्त वस्तुओं का भी व्यापार बढ़ेगा। कैट पदाधिकारियों के मुताबिक, दीवाली पर्व के सीजन की श्रृंखला में 24 अक्तूबर को अहोई अष्टमी, 29 अक्तूबर को धनतेरस, 1 नवंबर को दीवाली, 2 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 3 नवम्बर को भाई दूज, 5 से 8 नवम्बर को छठ पूजा तथा 13 नवम्बर को तुलसी विवाह के साथ दीवाली का त्योहार सीजन समाप्त होगा। खंडेलवाल ने बताया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से त्योहारों पर लोकल बनी वस्तुएं खरीदने का आह्वान किया गया था। पूरे देश में इसका बड़ा प्रभाव दिखाई दे रहा है। कैट ने देश भर के व्यापारी संगठनों से आग्रह किया है कि वे अपने शहर के स्थानीय निर्माताओं, कारीगरों एवं कलाकारों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बाजार दिलाने में सहयोग करें। आत्मनिर्भर भारत की एक विशिष्ट झांकी दीवाली पर्व के जरिए देश एवं दुनिया को दिखाएं। मोदी के मंत्र, वोकल फॉर लोकल तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान की वजह से चीनी सामान की माँग पिछले वर्षों से लगातार घट रही है। इस वर्ष के त्योहारों के सीजन में चीन का कोई भी सामान बाजारों में नहीं बिक रहा। कैट पदाधिकारियों ने दावा किया है कि देश भर में व्यापारियों ने त्योहारों पर बिकने वाला कोई भी सामान चीन से आयात नहीं किया है। बेशक चीन का सामान सस्ता ही क्यों न हो, लेकिन आम लोग उससे दूर ही हैं। देश के हितों के विरुद्ध चीनी हरकतों ने उपभोक्ताओं को चीनी सामान से विमुख कर दिया है।

#### गत वर्ष यह आंकड़ा लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार का था

खंडेलवाल के मुताबिक, इस वर्ष देश भर में व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर ग्राहकों की मांग एवं पसंद को पूरा करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। देश भर के बाजारों में इस बार रक्षा बंधन, गणेश पूजा, नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरे पर ग्राहकों द्वारा बड़ी खरीदारी की गई है। इसे देखते हुए त्योहारों के सीजन का व्यापार 4.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की प्रबल संभावना है। गत वर्ष यह आंकड़ा लगभग 3.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार का था। अकेले दिल्ली में ही यह त्योहारी व्यापार का आंकड़ा 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक जा सकता है।



#### पैकिंग क्षेत्र को भी त्यौहारों पर बड़ा व्यापार मिलेगा

देश भर में हजारों समारोह होने के कारण सर्विस सेक्टर से जुड़े होटल, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हाल, कैटरिंग, इवेंट मैनेजमेंट, कैब सर्विस, डिलीवरी सेक्टर और कलाकारों सहित इसी तरह के अन्य वर्गों को भी बड़ा व्यापार मिलेगा। भरतिया एवं खंडेलवाल ने बताया, एक मोटे अनुमान के अनुसार 4.25 लाख करोड़ के अनुमानित त्योहारों के व्यापार में लगभग 13 प्रतिशत खाद्य एवं किराना में, 9 प्रतिशत ज्वेलरी में, 12 प्रतिशत वस्त्र एवं गारमेंट, 4 प्रतिशत ड्राई फ्रूट, मिठाई एवं नमकीन, 3 प्रतिशत घर की साज सज्जा, 6 प्रतिशत कास्मेटिक्स, 8 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल, 3 प्रतिशत पूजन सामग्री एवं पूजा वस्तुओं, 3 प्रतिशत बर्तन तथा रसोई उपकरण, 2 प्रतिशत कॉन्फ़ेक्शनरी एवं बेकरी, 8 प्रतिशत गिफ्ट आइटम्स, 4 प्रतिशत फ़र्निशिंग एवं फर्नीचर एवं शेष 20 प्रतिशत ऑटोमोबाइल, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल, खिलौने सहित अन्य अनेक वस्तुओं एवं सेवाओं पर ग्राहकों द्वारा खर्च किए जाने का अनुमान है। पैकिंग क्षेत्र को भी त्यौहारों पर बड़ा व्यापार मिलेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)